आषाढ़ कृष्ण पक्ष द्वितीया 03:19 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 13 जून 2025
वर्ष 3, अंक 293, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

### एक करोड़ रुपये की मदद देगा टाटा समूह

**मुंबई।** टाटा समूह ने विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने एक्स पर कहा कि टाटा समूह इस त्रासदी में प्राण गंवाने वालों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये देगा, घायलों के इलाज का पूरा खर्च उठाएगा।



हादसे के बाद मौके पर जारी बचाव अभियान

# अहमदाबाद में विमान क्रैश

## 200 से ज्यादा मौतें

**विमान में सवार थे 12 क्रू मेंबर सहित कुल 242 लोग जिसमें 169 भारतीय**

**अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रही थी एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171**

**टेकऑफ करने के कुछ देर बाद ही डॉक्टरों के आवासीय परिसर से टकराया विमान**

अहमदाबाद, एजेंसी

लंदन जा रहा एयर इंडिया का एक विमान गुरुवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद यहां एक आवासीय इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सहित 242 लोग सवार थे। हादसे में 200 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की आशंका है।

विमान गुरुवार दोपहर सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट मेघाणी नगर में शहर के सिविल अस्पताल और बीजे मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ के आवासीय क्वार्टर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अनुसार, विमान ने अहमदाबाद से दोपहर 1:39 बजे रनवे 23 से उड़ान भरी। इसने एटीसी को मेडे (आपातकालीन संदेश देने के लिए) कॉल किया, लेकिन उसके बाद एटीसी द्वारा की गई कॉल का विमान से कोई जवाब नहीं मिला। मृतकों और घायलों का कोई आधिकारिक अनुमान नहीं है। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान (एआई171) उड़ान भरने के तुरंत बाद तेजी से नीचे आया और यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि एक बहुमंजिला इमारत बुरी तरह प्रभावित हो गई।

डीजीसीए ने बताया कि उड़ान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के हाथों में थी। उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर भी थे। दोनों काफी अनुभवी थे। कहा कि उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान हवाई अड्डे की परिधि के बाहर गिर गया। लंदन के गैटविक जा रही उड़ान में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक सवार थे। विमानन सूत्रों ने बताया कि विमान जमीन पर गिरने से पहले महज 600 से 800 फुट ऊपर चढ़ा था। अहमदाबाद में गुरुवार को हुई विमान दुर्घटना इस शहर में दूसरी हवाई दुर्घटना है। 19 अक्टूबर 1988 को इंडियन एयरलाइंस का एक विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 130 लोग मारे गए थे।

### विमान में थे सवार

- 169 भारतीय यात्री
- 53 ब्रिटिश नागरिक
- 07 पुर्तगाल के यात्री
- 01 कनाडा का यात्री
- 12 विमान क्रू सदस्य

### अपार्टमेंट से निकाले छह डॉक्टरों के शव

प्रत्यक्षदर्शी हरेश शाह ने बताया कि विमान बहुत नीचे उड़ रहा था और यह सिविल अस्पताल और बीजे मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ के आवासीय क्वार्टर से टकरा गया। वहां कई पांच मंजिला इमारतें हैं, जो चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ के आवासीय क्वार्टर हैं। उन अपार्टमेंट में रहने वाले कई लोग घायल हुए हैं जबकि छह चिकित्सकों के शव निकाले गए हैं, विमान के साथ इमारतों में भी आग लग गई। परिसर में मौजूद कई वाहन भी आग की चपेट में आ गए।



उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही आग का गोला बना विमान।



अहमदाबाद हवाईअड्डे के समीप एक आवासीय भवन पर गिरा विमान का मलबा।

**787**
बोइंग ड्रीमलाइनर विमान

**1.39**
बजे दोपहर में भरी थी उड़ान

**600**
फीट की ऊंचाई से गिरा

### दुर्घटना की कराएंगे विस्तृत जांच : नायडू

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू ने कहा है कि विमान हादसे की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कराई जाएगी। नायडू ने दुर्घटना स्थल पर पहुंचने के बाद कहा कि वह हादसे के बाद से गहरे सदमे में हैं। इस समय वह यात्रियों और उनके परिवारों के बारे में सोच रहे हैं।

### विमान हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी की मृत्यु



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी की भी मृत्यु हुई है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री एवं गुजरात भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष सीआर पार्टिल ने रुपाणी के मृत्यु की पुष्टि की है। रुपाणी एयर इंडिया के उस विमान में सवार थे जो गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें 230 यात्री, दो पायलट तथा चालाक दल के 10 अन्य सदस्य सवार थे। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में एक यात्री जीवित बचा है और उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह चूडासमा ने कहा कि विजय रूपाणी एअर इंडिया के विमान से लंदन जा रहे थे।

### हृदय विदारक दुर्घटना : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विमान दुर्घटना को हृदय विदारक बताया और कहा कि इससे हम स्तब्ध और दुखी हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे मंत्रियों और अन्य अधिकारियों के संपर्क में हैं। 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह हृदय विदारक है जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। कहा कि दुख की इस घड़ी में, मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं।

### 600 फीट की ऊंचाई से गिरकर जीवित बचा, पहुंचा अस्पताल

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान एआई-171 गुरुवार को टेकऑफ के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 600 से 800 फीट की ऊंचाई पर पहुंचने के बाद विमान हादसे का शिकार हो गया। हादसे में विमान के क्रू मेंबर सहित 242 यात्रियों में कई के मरने की खबरें हैं लेकिन एक शख्स जिंदा बच गया है। इतनी ऊंचाई से गिरने के बावजूद उसकी जान बच गई। रमेश कुमार विश्वास नाम का यह शख्स खुद ही चलकर अस्पताल पहुंचा। अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने बताया कि पुलिस को सीट 11ए पर एक जीवित व्यक्ति मिला। व्यक्ति अस्पताल में पाया गया है और उसका इलाज चल रहा है। अभी तक मौतों की संख्या के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि विमान आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। जिंदा बचे शख्स का नाम रमेश विश्वास कुमार बताया जा रहा है।

## यूपीआई लेनदेन पर कोई एमडीआर शुल्क नहीं

- वित्त मंत्रालय ने कहा इस तरह के दावे निराधार एवं भ्रामक

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) मंच के जरिए लेनदेन पर कोई 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) नहीं लेने की जानकारी दी है।

मंत्रालय ने 'एक्स' पर कहा कि यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर वसूले जाने की अटकलें और दावे पूरी तरह से झूठे, निराधार एवं भ्रामक हैं। इस तरह की निराधार और सनसनी फैलाने वाली अटकलें हमारे नागरिकों के बीच अनावश्यक अनिश्चितता, भय व संदेह उत्पन्न करती हैं। सरकार यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। एमडीआर वह लागत है जो व्यापारी द्वारा बैंक को अपने ग्राहकों से डिजिटल माध्यम से भुगतान स्वीकार करने के लिए चुकाई जाती है। व्यापारी छूट दर लेनदेन राशि के प्रतिशत में व्यक्त की जाती है। यह स्पष्टीकरण उन खबरों के बाद आया है, जिनमें दावा किया गया था कि सरकार बड़े यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर लगाने की योजना बना रही है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में यूपीआई लेनदेन 25.14 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले महीने की तुलना में पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

## बठिंडा विवि में मिला इंफ्लुएंसर का शव

**चंडीगढ़।** पंजाब बठिंडा जिले में आदेश विश्वविद्यालय की पार्किंग में एक कार में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी का शव मिला है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि कंचन नौ जून से लापता थीं। जिस कार में उनका शव मिला है, वह कार उनकी ही है।

कमल कौर भाभी के नाम से मशहूर 30 वर्षीय कंचन के इंस्टाग्राम पर 3.84 लाख 'फॉलोअर्स' हैं और वह फनी भाभी टीवी नाम से एक यूट्यूब चैनल चलाती थीं, जिसके 2.36 लाख 'सब्सक्राइबर' हैं। पुलिस ने बताया कि नौ जून को वह अपनी मां को यह कहकर घर से निकली थीं कि वह एक 'प्रमोशन इवेंट' के लिए जा रही हैं। भुच्चो उपनगर के स्थानीय निवासियों ने पुलिस को आदेश विश्वविद्यालय की पार्किंग में खड़ी एक कार से बदबू आने की सूचना दी।

## योगी के हाथों सम्मानित होकर खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे

### मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार की कोशिशें प्रतिभाओं को निखरने का दे रही हैं मौका

- अभिभावकों ने भी सराहा, कहा पहले की अपेक्षा युवा शक्ति को ज्यादा प्रोत्साहन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोक भवन सभागार में गुरुवार को सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी के हाथों सम्मानित होकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। राज्य सरकार के प्रयासों की जमकर तारीफ की। उनके अभिभावकों के चेहरे पर भी प्रसन्नता देखते ही बन रही थी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि प्रदेश में प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिले, इसके लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।



लोकभवन में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह की शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी।

अभिभावकों ने कहा कि योगी का विजन मिशन मोड में उत्तर प्रदेश में ट्रांसफॉर्मेशन को सुनिश्चित कर रहा है। प्रदेश की युवा मेधा और प्रतिभा का सम्मान जिस प्रकार योगी ने सुनिश्चित किया वह पूर्ववर्ती सरकारें नहीं कर सकीं। यही कारण है कि युवाओं के मन में एक निराशा घर कर गई थी जिसे योगी सरकार के प्रयासों ने आशा की किरण देकर निखरने का मौका दिया है। आईसीएसई बोर्ड की 10वीं परीक्षा को 99.4 प्रतिशत से उत्तर प्रदेश में तीसरा स्थान पाने वाले वत्सल अग्रवाल ने सम्मानित होने को गौरवान्वित होने वाला क्षण बताया। कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा को लेकर बड़े स्तर पर कार्य हुए हैं। वत्सल की मां ने योगी का धन्यवाद करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए उस स्तर पर प्रयास नहीं किए जाते थे, जैसा योगी सरकार में किया जा रहा है। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत मार्क्स लाने वाले आरव मल्होत्रा ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता उधार के लिए सरकार बधाई की पात्र है। 99.4 प्रतिशत मार्क्स लाकर ऑल इंडिया तीसरी रैंक प्राप्त करने वाली अमरोहा की तनिष्का राजपूत ने कहा कि उनका सपना आईएएस ऑफिसर बनकर देश की सेवा करना है। सहारनपुर की रीत राठौर ने नेशनल स्कूल गेम्स में भाग लेकर हाई जम्प में गोल्ड मेडल जीता था। कहा कि एक खिलाड़ी के लिए सपोर्ट सबसे जरूरी होता है। नेशनल स्कूल गेम्स में 2 गोल्ड मेडल जीतने वाली निष्ठा गुप्ता ने भी मुख्यमंत्री योगी से हाथों सम्मानित होने पर हर्ष जताया।

# डीपीओ ने डीडीओ के साथ मिलकर अपने चहेतों को दे दी नौकरी!

## अपनी कार्यशैली को लेकर चर्चा में रहने वाली जिला प्रोबेशन अधिकारी पर उठ रहे सवाल

**आरटीआई बना मजाक**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** महिला कल्याण विभाग में आउटसोर्सिंग के तहत करीब 3 सालों में काफी भर्तियां हुई हैं। इसमें बड़े स्तर पर घालमेल किया गया है। कहा जा रहा है कि जिला प्रोबेशन अधिकारी (डीपीओ) ने जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) के साथ मिलकर परिजनों/ रिश्तेदारों तक को नौकरी दे दी है। इतना ही नहीं खुद चयन कमेटी में बैठने वाली डीपीओ ने जन सूचना अधिकार अधिनियम (आरटीआई) 2005 में गोलमोल जवाब दिया है कि विभागीय योजनाओं में आउटसोर्सिंग के आधार पर पदों पर भर्ती का नियम है।

नियम के मुताबिक आउटसोर्सिंग भर्ती में सुविधा प्रदाता कंपनी रेंडमाइजेशन के आधार पर आवेदकों को साक्षात्कार के लिए बुलाती है लेकिन जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या ने बिना रेंडमाइजेशन वालों को भी उसमें शामिल कर नियुक्तियां दे दीं। आरटीआई के तहत जब इसकी सूचना मांगी गई तो ज्यादातर बिंदुओं को व्यक्तिगत करार देते हुए गोलमोल जवाब दिया गया है। इससे कहा जा रहा है कि बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है। कुल 14 बिंदुओं पर मांगी गई जानकारी में जब पूछा गया कि डीपीओ ने चयन कमेटी में रहते हुए अपने परिजनों को नौकरी दी और इसकी जानकारी कमेटी के अन्य अधिकारियों को दी? तो जवाब में इतना ही कहा है कि चयन शासनादेश के तहत किया गया है। समिति ने निष्पक्ष भर्ती की है। परिजन, खानदान क सदस्य को नौकरी देने का शासनादेश भी नहीं है यह डीपीओ ने स्वीकार किया है। लोगों ने डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री से इस मामले में जांच की मांग उठाई है। कहा है कि एडीएम स्तर से इसकी गहनता से जांच कराई जाए।

**दंपति को दी नौकरी... पर सूचना नहीं**

- दरअसल, मिशन वात्सल्य के तहत चाइल्ड लाइन में करीब 1 साल पहले भर्ती हुई थी। उस दौरान डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी के पास सीडीओ का अतिरिक्त प्रभार था। भर्ती प्रक्रिया काफी तेज चली और नियमों को ताक पर रखकर चहेतों को कुर्सी दे दी गई। योजना के तहत दंपति को भी नौकरी दी गई है लेकिन जब इसकी जानकारी आरटीआई में मांगी गई तो उसे व्यक्ति सूचना नियम बताकर सूचना को छिपा लिया गया। इतना ही नहीं बाल कल्याण समिति में 15 साल तक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव व सदस्यों के नाम की भी सूची दबा ली गई है जिससे गड़बड़ी की पोल न खुल जाए।

**पता नहीं क्यों... एक अधिकारी हैं मेहरबान**

- प्रोबेशन विभाग की हर गलती व गड़बड़ी पर एक बड़े अधिकारी पूरी तरह मेहरबान है। इसको लेकर भी बड़े सवाल उठ रहे हैं। आरोपी विभागीय अधिकारी का पूरा बचाव किया जाता है। कहा जा रहा है कि सीएम योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार करने पर कड़ी कार्रवाई करते हैं लेकिन जनपद के कुछ अधिकारी भ्रष्टाचार करवाने में सहयोग कर रहे हैं।

- **आरटीआई में बताया, आउटसोर्सिंग के आधार पर पदों पर भर्ती का नियम**

"प्रोबेशन विभाग में आउट सोर्सिंग पर सगे-संबंधियों की भर्ती में अगर पारदर्शिता नहीं बरती गई है तो कार्रवाई की जाएगी। मामले की गंभीरता से जांच होगी।

-आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, डीएम

# सफाईकर्मी बेटे की मां ने महिला बाबू की रैक फेंकी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **मौत से पहले पति का वेतन बकाया होने व रुपये लेने का लगाया आरोप**
- **डीपीआरओ ने प्रभारी एडीओ पंचायत को सौंपी मामले की जांच**

**अमृत विचार।** पति की मौत के बाद बेटे को सफाईकर्मी की नौकरी मिल गई। कई साल बाद निराश्रित महिला ने पंचायती राज कार्यालय पहुंचकर पति का बकाया मांगा। हंगामा करते हुए महिला बाबू की रैक निकालकर फेंक दी। इसके अलावा रुपये मांगने का भी आरोप लगाया। जांच के लिए प्रभारी एडीओ पंचायत को जिम्मेदारी सौंपी है।

विकास भवन स्थित पंचायती राज विभाग की कनिष्ठ सहायक मुन्नी देवी ने डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश को पत्र दिया है। इसमें कार्यालय के डीपीएम शलभ त्रिपाठी, आयुष बाजपेयी, अनुपम कुमारी, रामश्याम, संगीता श्रीवास्तव, मोहम्मद अरशद हसन, सुशील कुमार समेत कई लोगों के हस्ताक्षर हैं। कहा गया है कि 11 जून को ब्लॉक छिबरामऊ क्षेत्र की ग्राम पंचायत खोजीपुर निवासी गुड्डी ने कार्यालय आकर मुन्नी देवी और सफाईकर्मियों का पटल देखने वाली अरशद को अपशब्द कहे। बताया गया है कि गुड्डी के पति रतनलाल सफाईकर्मी थी, उनके निधन के बाद बेटे सूरज को आश्रित में नौकरी दी गई। रतनलाल की पत्नी को पेंशन भी मिल रही है। कार्यालय में आकर गुड्डी ने शोर मचाकर मेज की दराज खींचकर फेंक दी और झगड़ा पर आमादा हो गई। इस दौरान प्रभारी एडीओ पंचायत प्रदीप यादव भी मौजूद थे। मुन्नी देवी का कहना है कि गुड्डी का कोई वेतन बकाया नहीं है। रुपये लेने के आरोप भी गलत लगाए जा रहे हैं। दूसरी ओर पेंशन विभाग के निदेशक ने पत्र भेजकर कहा है कि नियम के तहत 4.77 लाख रुपये राजकोष में जमा कराए जाएं जिससे नई पेंशन का लाभ मिलेगा। महिला को किसी ने भर दिया है कि यह रुपये उसे मिलना है इस वजह से वह उपद्रव कर रही है। इस बाबत डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश का कहना है कि प्रभारी एडीओ पंचायत को जांच कर 3 दिन में रिपोर्ट मांगी गई है।

## सार-संक्षेप

**डीआईजी ने नियुक्ति पत्र वितरण की व्यवस्था देखी**

**कन्नौज।** पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर ने अपराध समीक्षा बैठक की। इस दौरान आगामी जेटीसी, आरटीसी व नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान अभ्यर्थियों को ठहराये जाने की व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश दिये। गुरुवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर हरीश चंदर ने एसपी विनोद कुमार की मौजूदगी में पुलिस लाइन में अपराध समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण, जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण एवं लंबित विवेचनाओं के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में आगामी जेटीसी, आरटीसी प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

**इलाज में लापरवाही पर झोलाछाप के खिलाफ रिपोर्ट**

**तिर्वा।** कोतवाली के चंदियापुर गांव निवासी प्रीती पत्नी राजेंद्र कुमार ने न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया कि 25 अगस्त 24 को उसके पुत्र आर्यन को बुखार आ गया था। इस पर जरियन निवासी कथित डाक्टर सुदामालाल पुत्र दुर्जन के पास से दवा ले आए। दवा खाने के बाद उसके पुत्र की हालत और बिगड गई। फिर डाक्टर से संपर्क किया तो उसने अपने अस्पताल में बुलाकर उपचार शुरू कर दिया। पुत्र की हालत बिगड़ती रही। वह मरणासन्न अवस्था में पहुंच गया। इसके बाद पुत्र को आनन फानन में कानपुर ले गई। वहां इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार हुआ। कानपुर से वापस आकर उसने कथित डाक्टर से पुत्र के इलाज में लिए गए पैसे वापस मांगे तो गाली गलौज करते हुए भगा दिया। उसने पुलिस से शिकायत की पर न्याय न मिला तब उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने झोलाछाप डाक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे पिता-पुत्र**

**तिर्वा।** थाना इंदरगढ़ के गहपुरा गांव निवासी रामू की पत्नी ललिता पाल का शव 10 जून की रात फंदे पर लटकते मिला था। मौत की सूचना पर पहुंचे मृतक के भाई छिबरामऊ के सिंकदरपुर के लोहियानगर निवासी दिनेश चंद्र पुत्र रमेश चंद्र ने अतिरिक्त दहेज में दो लाख न मिलने पर उसकी बहन की हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर पति रामू, ससुर सत्यभान, सास गुड्डी देवी, ननद रंजो, देवर श्यामू पाल के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। गुरुवार की सुबह कि खड़नी तिराहा से पुलिस ने पति रामू व ससुर सत्यभान को पकडकर जेल भेज दिया।

**तेज रफ्तार कार की टक्कर से टूट गया शिवलिंग**

**छिबरामऊ।** ग्राम पंचायत महमूदपुर खास क्षेत्र में बने मंदिर में एक तेज रफ्तार कार जा टकराई, जिससे शिवलिंग सहित दो विद्युत खंभे टूट गए। गुरुवार की सुबह लगभग 11 बजे एक तेज रफ्तार डिजायर कार ग्राम पंचायत महमूदपुर खास पेहनिया के निकट मेन रोड पर स्थित शिव मंदिर से जा टकराई, जिससे शिवलिंग टूट गया। साथ ही दो विद्युत पोल और एक पास में खड़ा पेड़ उखड़ गया। वहीं कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना होते ही कार चालक मौके से कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**ससुरालियों ने मां व पुत्री को पीटा, रिपोर्ट दर्ज**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी बात को लेकर सुसरालियों ने मां और पुत्री से गाली गलौज की। इसके बाद रास्ते में घेर कर मारपीट कर धमकी दी। ग्राम मझपुर्वा निवासी शाहीन बेगम पत्नी इशरत ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसने अपनी पुत्री आफरीन की शादी गांव के मोहम्मद राकिब से की थी। 09 जून की दोपहर लगभग 02 बजे मोहम्मद राकिब उसके घर आया और गालीगलौज की। मना करने पर धमकी दी। इसके बाद ससुरालियों हारून उर्फ मंगली, नौशाद, शमीम, कासिद, जुम्मन, राकिब, मुशाहिद व मजफ्फर ने रेलवे क्रासिंग के निकट स्थित मवेशी बाजार के सामने उसे व उसकी पुत्री को घेर लिया। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। काशिद ने सिर में कुल्हाड़ी से बार कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी भी दी।

## एक नजर

**युवक ने किया फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास**

**छिबरामऊ।** अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लड़ैता निवासी मनजीत पुत्र राजेंद्र ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर के कमरे में जाकर फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। समय रहते परिजनों ने उसे देख लिया और फंदे से उतारकर सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। युवक की हालत गंभीर देख यहां से तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

**तिर्वा में युवक ने फंदा लगाकर जान दी**

**तिर्वा।** एक युवक ने अज्ञात कारणों से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शिवम वर्मा पुत्र सुदामा (25) निवासी बकतौरापुर मौजा सांडा ने गुरुवार को अपने घर के अन्दर पंखा के कुंडे से दिन के 4 बजे साड़ी का लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि सन् 2023 में नवंबर महीने में बगवा मौजा जनखत के बालकराम वर्मा की पुत्री सुमन से लव-मैरिज की थी।

**प्रतीक्षालय में मिला अज्ञात युवक का शव**

**छिबरामऊ।** नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित यात्री प्रतीक्षालय में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। मंडी चौकी प्रभारी ने बताया कि गुरुवार की शाम लगभग 5 बजे नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित यात्री प्रतीक्षालय में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर पहुंचे। शव को सौ शैय्या अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि मृतक युवक थाना विशुनगढ़ क्षेत्र का निवासी है। हालांकि अभी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

**महिला को पीटकर घर से निकाला**

**गुरसहायगंज।** आजाद नगर निवासी शशी गुप्ता ने कहा है कि 11 जून की सुबह उसकी सास व देवर ने मकान व जमीन में हिस्सा न देने के विवाद को लेकर उसके साथ गालीगलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और घर से निकाल दिया।

# बिजली अव्यवस्था पर एक्सईएन कन्नौज, छिबरामऊ से स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **सीएम डैशबोर्ड पर आई जनपद की रैंक को लेकर डीएम ने की समीक्षा**
- **बैठक से प्रभारी बीएसए के अनुपस्थित होने पर वेतन रोकने के निर्देश**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने सीएम डैश बोर्ड (दर्पण पोर्टल) व निर्माण कार्यों की समीक्षा की। विद्युत विभाग की खराब व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए अधिशासी अभियंता कन्नौज मगन सिंह व छिबरामऊ राजीव भारती से स्पष्टीकरण मांगा है।

गुरुवार को बैठक में डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभागीय कार्यों की खुद समीक्षा करें। उन्होंने बीएसए संदीप कुमार के 5 दिवसीय प्रशिक्षण में लखनऊ होने पर चार्ज पर बीईओ मुख्यालय विपिन कुमार के बैठक से अनुपस्थित पाए जाने पर वेतन रोकने के निर्देश दिए। फैमिली आईडी की प्रगाति में सुधार होने पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी वीर सिंह समेत अन्य अधिकारियों की तारीफ की। दूसरी ओर जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। राजकीय इंजीनिरिंग कॉलेज में निर्माणधीन शैक्षणिक भवन व छात्रावास के निर्माण कार्य में विलंब पाए जाने पर प्रोजेक्ट मैनेजर राजकीय निर्माण निगम बीआर सिंह को कार्रवाई के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग के लंबित कार्यों में सुधार लाने को कहा।

# पत्नी ने प्रेमी के साथ मिल पति को पीटा

संवाददाता जलालाबाद

- **हाईवे पर पति-पत्नी का हाई वोल्टेज ड्रामा**
- **नगदी व सोने की चैन, अंगूठी, मोबाइल को तोड़ा**

**अमृत विचार।** हाईवे पर पति पत्नी और प्रेमी का हाई वोल्टेज ड्रामा देख वाहनों से गुजर रहे लोग ठहर गए। मामला जसोदा और जलालाबाद के बीच स्थित लिली कोल्ड स्टोरेज हजरतपुर के सामने का है।

ग्राम भानपुर निवासी प्रिया की शादी 08 मई को लक्ष्मीकांत से हुई थी। उसने एक कॉलेज से पढ़ाई की थी और पति के साथ टीसी लेने कॉलेज आई थी। ग्राम सियरमऊ निवासी युवक से उसका पहले से ही प्रेम प्रसंग था। महिला ने उसको भी बुला लिया। युवक बैग तैयार कर आ गया। टीसी लेने के बाद महिला ने पति को मिठाई लेने के लिए भेज दिया। इसके बाद प्रेमी के साथ ई रिक्शा से भाग निकली। इसी बीच पति की नजर पड़ गई और उसने एक ट्रैक्टर वाले के साथ पीछा कर पकड़ लिया। इस पर पत्नी व प्रेमी ने युवक को बीच हाईवे पर बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। इस पर भीड़ एकत्रित हो गई। पहुंचे यातायात प्रभारी आफाक खान ने हाईवे से भीड़ को हटाया व यातायात को बहाल किया। मामले में ग्राम नगला खगू थाना तालग्राम निवासी लक्ष्मीकांत पुत्र नंदकिशोर ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया कि मारपीट में 18,500 रुपये, सोने की चैन, अंगूठी छीन ली और मोबाइ तोड़ दिया।



दंपति को समझाते यातायात प्रभारी। अमृत विचार

# आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण का मामला गर्माया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** ब्लॉक सदर क्षेत्र की ग्राम पंचायत टिड़ियापुर के मजरा खुरदैया में प्रस्तावित आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण का मामला फिर से तूल पकड़ गया है। 15 दिन में दोबारा जांच रिपोर्ट मांगी गई है। समाज कल्याण मंत्री ने कहाअगर भ्रष्टाचारियों को बचाया गया तो वह मामले को सीएम तक ले जाएंगे।

गुरुवार की शाम को सदर विधायक/ मंत्री असीम अरुण, डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व सीडीओ राम कृपाल चौधरी समेत कई अधिकारी व जन प्रतिनिधि प्राथमिक स्कूल खुरदैया पहुंचे। यहां वर्ष 2024 में आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण को लेकर बजट भेजा गया था। करीब साढ़े 5 लाख रुपये निकाल लिया गया। उसके बाद ईंट व अन्य निर्माण सामग्री पहुंची। बाद में तत्कालीन बीडीओ अमित सिंह, लेखाकार योगेश शुक्ल व आरईडी के जेई संतोष कुमार के खिलाफ ब्लॉक प्रमुख रामू कठेरिया ने गबन की रिपोर्ट दर्ज कराई। बाद में हाईकोर्ट से तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी न होने की राहत मिल गई। अब मंत्री ने कहा है कि भ्रष्टाचार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। प्रधान कप्तान सिंह चौहान भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं इसलिए विकास से वंचित किया जा रहा है। ऐसे तो भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोलने वालों का उत्साह गिरेगा।



प्राथमिक स्कूल खुरदैया में पहुंचे मंत्री असीम अरुण, डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व अन्य लोग। अमृत विचार

# सड़क का घटिया निर्माण देख बिफरे विधायक

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- **जांच न होने तक सड़क का बंद कराया काम**

**अमृत विचार।** तिर्वा विधायक के पैत्रक गांव को जाने वाली सड़क का घटिया निर्माण देख उन्होंने ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। इसके साथ ही मामले की जांच न होने तक काम बंद करा दिया।

छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र में नेशनल हाईवे से मेरापुर गढ़िया गांव को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनाया जा रहा था। यह सड़क तिर्वा विधायक कैलाष सिंह राजपूत के पैत्रक गांव के लिए जाती है। लगभग पांच किलोमीटर लंबी इस सड़क को बनाने की जिम्मेदारी इटावा के न्यू चौगुर्जी मोहल्ले के रहने वाले अशोक कुमार पारासर की है। गुरुवार की सुबह विधायक गांव के लिए जा रहे थे। तभी रास्ते में हाटमिक्स प्लांट से बनाई जा रही सड़क की गुणवत्ता पर उनकी नजर पड़ गई। उन्होंने गाड़ी रोक कर देखा तो निर्माणाधीन सड़क चप्पल से ही उखड़ गई। उन्होने सड़क का काम रुकवा कर ठेकदार से बात की। ठेकेदार ने विधायक को सड़क नई तकनीक से बनाये जाने को लेकर समझाने का प्रयास किया। विधायक ने नाराजगी भरे लहजे में कहा कि सड़क की जांच पूरी न होने तक निर्माण नहीं होगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत- मुड़गांव वि0ख0-मोहम्मदाबाद जनपद- फर्रूखाबाद**

पत्रांक मेमों/ ग्रा0पं0/राज्य वित्त । पन्द्रहवां वित्त / पचमं वित्त विलिय वर्ष 2025-26 दिनांकः 12-06-2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत मुड़गांव वि0खं0- मोहम्मदाबाद जनपद-फर्रूखाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यो पर सामाग्री व अन्य आपूर्ती हेतु निम्न लिखित विवरण अनुसार रजिस्टर्ड निविदा दाताओं से सील बन्द लिफाफे में निविदा आमन्त्रित की जाती है।

निविदा 13-6-2025 से 18-6-2025 तक अपरान्ह 3.00 बजे तक आमत्रित की जाती है जो कि दिनांक 19-6-2025 को अपरान्ह 4.00 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0प0 कार्यालय से 500.00 रू0 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री लागत | जमानत राशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | इन्टरलाकिंग व नाली निर्माण नारायन प्रसाद के घर से कशमीर के घर तक | 324738.00 | 2 प्रतिशत | 500.00 |

**श्री राम नरायन**
**प्रधान**

**संजय संक्सेना**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**

ग्राम पंचायत- मुडगांव, वि0ख0-मोहम्मदाबाद, जनपद- फर्रूखाबाद

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम MO SHARUKH से बदल कर MOHD SHARUKH रख लिया है अब भविष्य में मुझे इसी के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O- AZAD ALI R/O-PURE RAMDEV NARHARPUR POST KOHDAUR, PRATAPGARH

**सूचना**

सूचित हो कि श्री प्रकाश पुत्र रामनरेश का आधार कार्ड बना हुआ है आधार कार्ड नंबर 219049 4345 97 है। वहीं इसी आधार नंबर पर विजय कुमार पुत्र रामनरेश के नाम से दूसरा आधार भी बना हुआ है। दोनों नाम के गांव में एक ही व्यक्ति हैं और आधार नंबर भी एक है। अब श्री प्रकाश के नाम से जाना जाए। **श्री प्रकाश उर्फ विजय कुमार पुत्र रामनरेश, निवासी- ग्राम परसा अगैया पोस्ट हाड़ा बसेहरी तहसील नानपारा बहराइच**

**सूचना**

मैं सत्यवती पत्नी स्व0 शत्रोहन लाल वर्मा निवासी म0 न0 बी0पी0एल0 2272 जसवन्तनगर, ककरहिया थाना कोतवाली नगर तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी। एक वृद्ध महिला है जो चलने फिरने में असमर्थ है उसका पुत्र शिव राज वर्मा व बहू रूचि उसको खाना पीना नहीं देता और आये दिन शराब पीकर आता है और भद्दी-भद्दी गालियां देते हैं और मारते पीटते हैं और कहते हैं कि उक्त मकान हमारे नाम कर दो नहीं तो तुम्हे जान से मार देगें। अतः मैं अपने पूरे होशोहवास में अपनी चल अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र शिव राज वर्मा व बहू रूचि वर्मा को बेदखल करती हूँ अगर किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना मेरे साथ घटित होती है तो उसकी सारी जिम्मेदारी पुत्र शिव राज वर्मा व बहू रूचि की होगी।

**सूचना**

मैं **जेबा नाहिद अब्बासी पत्नी स्व0 रजीउद्दीन अब्बासी निवासी ग्राम बाबूपुर पो0 बाबूपुर तह0 व थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर** की हूँ। मेरे पुत्र जैनुद्दीन अब्बासी पुत्र स्व0 रजीउद्दीन अब्बासी व बहू फिरदौस जहाँ पत्नी जैनुद्दीन व बहू शाहीन पत्नी जैनुद्दीन निवासीगण बाबपुर पो0 बाबूपुर तहसील व थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर के क्रिया कलापों व चाल-चलन ठीक न होने के कारण इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य अथवा लेन-देन के लिए मैं व मेरे परिवार का कोई भी सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **सरोज द्विवेदी पत्नी रवीन्द्र कुमार द्विवेदी, निवासी 68 मोहल्ला रामघाट पो0 व शहर व जिला अयोध्या** । मैं होटल **अवध होटल** भूमि गाटा संख्या 753,758, एवं 759 स्थित ग्राम मांझाधर घाट परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या में 19 प्रतिशत की साझीदार हूँ । लेकिन कुछ कारणों से उक्त होटल में संयुक्त रूप से कारोबार नहीं करना चाहती है इन लिए अपना अंश अपनी स्वेच्छा से प्राप्त करके दिनांक 10-6-2025 से लेकर अलग हो गयी है। दिनांक 10-6-2025 से उक्त होटल से मेरा कोई वास्ता या सरोकार नही रह गया है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **उमा देवी पत्नी स्व. जगदीश प्रसाद ग्राम पो. मटका थाना एवं तहसील सलोन जिला रायबरेली** की रहने वाली हूं। मेरे तीन पुत्र अजय कुमार, अजीत कुमार वैश्य व मंजीत कुमार हैं। मेरे दूसरे नंबर के पुत्र अजीत कुमार वैश्य और उनकी पत्नी रिया अग्रहरि का कार्य एवं व्यवहार अच्छा नहीं है। उनके गलत आचरण और परिजनों से आए दिन दुर्व्यवहार करने से तंग आकर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके किसी भी कृत्यों से मेरा और मेरे परिवार के किसी सदस्य से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**बैठक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डिवली वि0ख0 बभनजोत जनपद गोण्डा के अर्न्तगत प्रस्तावित मस्त मत्स्य जीवी सहकारी समिति डिवलीडीह, ग्राम डिवलीडीह बभनजोत, गोण्डा की द्वितीय बैठक -17-06-25 को कराया जाना है। बैठक ग्राम के रहने वाले भग्गू के घर पर सायं -1 बजे कराया जाना तय पाया गया है। **मुख्य - प्रवर्तक मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड डिवलीडीह, बभनजोत गोण्डा**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रजनीश कुमार पुत्र स्व. हरिश्चंद्र ग्राम पूरे त्रिवेदी पो. राजा फत्तेपुर जिला अमेठी** का निवासी हूं। भारतीय जीवन बीमा निगम में मेरी पालिसी संख्या 218440315 है, जिसमें मेरा नाम राजेश कुमार लिखा है। मेरे आधार कार्ड और बैंक खाता में रजनीश कुमार अंकित है। राजेश कुमार और रजनीश कुमार दोनों मेरे ही नाम हैं।

# गैरइरादतन हत्या के प्रयास में तीन को सजा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



दोषसिद्ध सगे भाई व पुत्र। अमृत विचार

- **पांच-पांच साल की जेल तथा 7500-7500 रुपये जुर्माना**

**अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय हरेंद्र नाथ ने मारपीट कर गैरइरादतन हत्या के प्रयास का दोष सिद्ध हने पर तीन दोषियों को सजा तथा जुर्माने से दंडित किया है।

शासकीय अधिवक्ता संत कुमार दुबे ने बताया कि 28 जून 2017 को अखिलेश कुमार वर्मा ने कोतवाली तिर्वा में तुलसीराम, सियाराम पुत्रगण गुरुदयाल सिंह तथा दारा सिंह पुत्र तुलसीराम निवासी गण डडियन, के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि वह पानी भरने सरकारी हैंडपंप पर गया था। आरोपी आए दिन पानी भरने को लेकर झगड़ा फसाद करते हैं, गंदी गंदी गालियां भी देते हैं। घटना वाले दिन वह जब पानी भरने गया तो आरोपियों ने गालीगलौज शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो लाठी डंडों से मारपीट की। चीखपुकार सुनकर बचाने आए भाई ग्रीश चंद्र, भतीजे दीपक कुमार, श्रीमती नीरज व श्रीमती दोनी को भी लाठी डंडों से पीटा। सभी को चोटें आई हैं। मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद विवेचना के दौरान धारा 308 की बढ़ोतरी की गई। सुनवाई पूरी होने पर न्यायाधीश ने तीनों दोषसिद्ध अभियुक्तों को पांच-पांच साल का सश्रम कारावास तथा 7500-7500 रुपये जुर्माना भरने की सजा सुनाई।

**कार्यक्रम** कलेक्ट्रेट सभागार में 21-21 हजार रुपये की प्रतीकात्मक चेक, शील्ड व प्रमाण पत्र दिए गए

# 23 मेधावियों को टैबलेट देकर किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **जिले के तीनों भाजपा विधायक, जिलाध्यक्ष, डीएम समेत कई अधिकारी शामिल**

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट पास कर चुके 23 मेधावियों को टैबलेट देकर सम्मानित किया गया। 21-21 हजार रुपये की प्रतीकात्मक चेक, प्रमाण पत्र व शील्ड भी दी गईं। साथ ही लखनऊ में आयोजित हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया।

मुख्यमंत्री ने कन्नौज से कार्यक्रम में लखनऊ पहुंचे हाईस्कूल परीक्षा में यूपी मेरिट सूची में 7वां स्थान प्राप्त करने वाले अभय दीक्षित और इंटरमीडिएट में 9वां स्थान लाने वाली अनुराधा राजपूत को एक-एक लाख रुपये की चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। जनपद स्तर पर हाई स्कूल परीक्षा में हरेंद्र राजपूत ने पहला, निखिल सिंह ने दूसरा, कृति यादव ने तीसरा, अंशिका ने चौथा, शिव कुमार मिश्र ने पाचवां, निधि राजपूत ने छटवां, निशा ने सातवां, आकाश ने आठवां, हर्ष कुमार ने नवां और प्रांजल, प्रतीक राजपूत, वर्षा, शक्ति पाल, पूर्णिमा पाठक ने संयुक्त रूप से 10वां स्थान पाया। इसी प्रकार इंटरमीडिएट परीक्षा में अजंली राजपूत (द्वितीय), गरिमा (तृतीय), अंशिता सिंह (चतुर्थ), दिव्या राजपूत (पाचवां), अमन सिंह (छठवां), आकांक्षा पाल (सातवां), ऋषि कुमार (आठवां), छाया राजपूत (नवां) व विशाखा (दसवां) स्थान पाने पर सदर विधायक/ समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय व तिर्वा के कैलाश राजपूत ने सम्मानित किया। डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व एसपी विनोद कुमार ने भी उत्साहवर्धन किया। मंत्री ने कहा कि जनपद स्तर पर हम सब की जिम्मेदारी हैं, कि अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी सुविधाएं दें। उन्होंने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत 3 कोचिंग सेंटर को बढ़ाकर ब्लॉक स्तर पर भी खोले जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सदर विधानसभा के 4 मेधावियों को उनकी मंशानुरूप विद्यालय में प्रयोगशाला, उपकरण व अन्य व्यवस्थाओं के लिए 02-02 लाख रुपये का प्रस्ताव मांगा है। उसी आधार विद्यालय में कार्य कराए जाएंगे। इस मौके पर सीडीओ राम कृपाल चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह, नीतू गुप्ता, अजय यादव, व अभिषेक पांडेय मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट परिसर में सम्मान मिलने के बाद उत्साहित मेधावी, जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
- आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
- डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
- पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
- नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढ़ी नाक, टॉन्सिल्स)
- हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

### आज का मौसम

शुक्रवार को धूप तो निकलेगी लेकिन बादलों की आवाजाही जारी रहने से उमस भरी गर्मी पड़ने के आसार हैं।

| 41.0° अधिकतम तापमान | 32.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 07 : 05 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा. लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## भीषण गर्मी में दोपहर में चार घंटे बिजली कटौती से मचा हाहाकार

### विभाग कह रहा, शेड्यूल यही रहेगा, बहाना भी हमेशा वाला कि ओवरलोडिंग से दिक्कत

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- स्थानीय ट्रिपिंग ने बढ़ाई मुसीबत, लोग परेशान
- लोग पेड़ की छांव तलाशते नजर आते हैं

**अमृत विचार।** इन दिनों ग्रामीण बिजली की भारी कटौती का सामना कर रहे हैं। विभाग की ओर से दोपहर के समय चार घंटे कटौती की जा रही है। ऐसे में लोग पेड़ की छांव तलाशते नजर आते हैं। विभाग का वही रटारटाया जवाब है शेड्यूल वही रहेगा। बहाना भी हमेशा वाला कि ओवरलोडिंग से दिक्कत है।

ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता बिजली की भारी कटौती से जूझ रहे हैं। विभाग ओवरलोड हो रहे ट्रांसफार्मर फिर से बचाने में जुट गया है। खास बात तो यह है कि विभाग की ओर से बिजली की कटौती उस समय की जाती है जब उपभोक्ताओं को इसकी ज्यादा जरुरत होती है। यदि मानपुर विद्युत उपकेंद्र की बात करें तो यहां पर रात में तो आपूर्ति ठीक दी जाती है पर दिन के समय भारी कटौती की जाती है। विभागीय शेड्यूल की बात करें तो पूरी रात बिजली रहने के बाद सुबह पांच बजे काट दी जाती है। इस के बाद 09 बजे फिर से दी जाती है जो 12 बजे तक रहती। इस के बाद काट दी जाती। चार घंटे की कटौती के बाद शाम 04 बजे फिर बिजली दी जाती। इस तरह से दिन में करीव सात से आठ घंटे की कटौती की जाती है। दोपहर की कटौती से उपभोक्ता भीषण गर्मी से वेहाल हो जाते हैं। कटौती के साथ ही हो रही ट्रिपिंग भी किसी नासूर से कम नहीं है।

इस संबंध में जब जेई करन सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दोपहर के समय बिजली की मांग अधिक हो जाने से ट्रांसफार्मर पर गर्म हो जाता है। इससे सप्लाई को बंद कर दिया जाता है। करीव चार घंटे की लगातार कटौती के बाद सप्लाई वहाल की जाती है। अब यही शेड्यूल तब तक रहेगा जब तक बारिश नहीं हो जाती। बारिश हो जाने के बाद मौसम में नमी आने पर शेडयूल को बदल दिया जायेगा।

मानपुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़े उपभोक्ताओं का कहना है कि विभाग की मनमानी से उपभोक्ता परेशान है। इस तरह बिजली देने से क्या फायदा। जब जरुरत होती है तो विभाग बिजली काट देता। जबकि शासन से देहात क्षेत्र को 18 घंटे बिजली देने के निर्देश हैं। विभाग की ओर से महज 12 से 13 घंटे की बिजली दी जा रही है। इसमें लोकल फाल्ट भी शामिल हैं। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता मगन सिंह का कहना है कि अभी बिजली की मांग अधिक होने से किसी तरह काम चलाया जा रहा है। बारिश होने पर सब ठीक हो जायेगा।

### सौरिख के लोगों को चार-पांच घंटे ही मिल रही बिजली




**सौरिख।** क्षेत्र में ओवरलोड एवं लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने के लिये क्षेत्रीय विधायक कैलाश सिंह राजपूत ने शासन को क्षेत्र में एक नया विद्युत उपकेंद्र गढ़िया पाह में खुलवाने के लिए प्रस्ताव भेजा था। शासन ने प्रस्ताव को स्वीकृत देदी है। एक वर्ष बीतने के बाद भी अभी तक निर्माण प्रारंभ नहीं हो सका। इससे नगर व ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में ग्रामीण क्षेत्रों में चार से पांच घंटे ही बिजली मिल पा रही है ओवरलोड होने के कारण बिजली की कटौती की जा रही है। एसडीओ अरविंद कुमार ने बताया जब तक क्षेत्र में नये उपकेंद्र का निर्माणनहीं होता तब तक ओवरलोड की समस्या बनी रहेगी। नवीन उपकेंद्र तैयार हो जाने पर इस समस्या से निजात मिल जाएगा।

## आम रास्ते से दीवार हटवाने की डीएम से मांग

**कन्नौज।** आम रास्ते में बनी दीवार हटवाने की मांग मोहल्ले के लोगों ने जिलाधिकारी से की है। मोहल्ले के लोगों ने डीएम को इस संबंध में शिकायती पत्र दिया है।

शहर के मोहल्ला अकबरपुर सराय घाघ निवासी अरविंद वर्मा, राजेंद्र प्रसाद, सोना मिश्रा, अमित कुमार, उमेश कुशवाहा, राखा वर्मा, रंजीत गुप्ता, विजय सिंह, रमेश चंद्र दुबे, आकाश वर्मा, किरन वर्मा, राम रतन,प्रभात कुमार सिंह, समेत कई अन्य लोगों ने हस्ताक्षर युक्त शिकायती पत्र जिलाधिकारी को देते हुए कहा कि शहर के मोहल्ला अकबरपुर सरायघाघ में भुजिया देवी मंदिर से मोहल्ला गणेश नगर व आशा होटल के पीछे रहने वाले लोगों को कार या अन्य वाहन निकालने में दिक्कत हो रही है। इसकी मुख्य वजह मंदिर की तिरछी दीवार, टूटी सीसी रोड व नाली का निर्माण न होना है। मांग की कि गली को चौड़ा किया जाये।

इस संबंध में नगर पालिका को भी शिकायती पत्र दिया गया पर कोई नतीजा नहीं निकला। मोहल्ले के लोगों ने जिलाधिकारी से उक्त समस्या का समाधान किये जाने की मांग की है।



ठीक होने के बाद हैंडपंप पर पानी पीते लोग। अमृत विचार

## सार्वजनिक स्थान पर लगे हैंडपंप में आया पानी

**खबर का असर**

संवाददाता तिर्वा


भीषण गर्मी में सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल का संकट

12 जून को अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

- खबर छपने के बाद हरकत में आया प्रशासन, मिली राहत

**अमृत विचार।** काफी दिन से खराब पड़ा हैंडपंप आखिरकार ठीक करा दिया गया। इस संबंध में अमृत विचार ने 12 जून के अंक में प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया था। इसका परिणाम रहा कि गुरुवार को हैंडपंप चालू होने से लोगों को राहत मिल गई।

थाना इंदरगढ़ के उमर्दा कस्बा में तत्कालीन भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने सत्र 23-24 सुखी जाने वाले मार्ग पर 10 लाख की लागत से वाटर कूलर लगवाया था। पुलिस चौकी के निकट ब्लाक से पांच लाख की लागत से वाटर कूलर लगवाया गया। साथ ही बैंक के पास व मुख्य चौराहा पर हैंडपंप भी लगा हुआ है। सार्वजनिक स्थानों पर लगे पानी के साधन खराब हो गए। पानी की समस्या की खबर को गुरुवार के अंक में प्रकाशित की गई। इसके बाद प्रशासन के निर्देश हैंडपंप को सही करा दिया गया। हालांकि अभी दोनो वाटर कूलर खराब पड़े हैं।

### एक नजर

#### मोबाइल टावर से उपकरण चोरी, रिपोर्ट दर्ज कराई

**तिर्वा।** कोतवाली के सखौली गांव में लगा रिलायंस जिओ 4जी टावर के टेक्नीशियन संदीप सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 25 मई की को वह प्रतिदिन के हिसाब से टावर पर पहुंचा तो देखा कि लगे उपकरण गायब थे। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

#### 16 से खुलेगा मत्स्य सम्पदा योजना का पोर्टल

**कन्नौज।** मत्स्य पालक विकास अभिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के आवेदन के लिए विभागीय पोर्टल http :// fisheries.up.gov.in 16 जून से खोला जा रहा है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, संलग्न किए जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाइट पर देखा जा सकता है। योजना में पूर्व वर्षों के रद्द/ प्रतीक्षारत आवेदक पुनः आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा कार्यालय मत्स्य विभाग द्वितीय तल में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी ली जा सकती है।

#### ठेका कर्मी को करंट लगा अस्पताल में भर्ती कराया

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जनपद फर्रुखाबाद के भोलेपुर नगला नयन निवासी 34 वर्षीय उमेश पुत्र सुरेश चंद्रपाल विद्युत कनेक्शन बॉक्स लगाने का ठेके पर काम करता है। गुरुवार की सुबह नगर के मोहल्ला बिरतिया स्थित ट्रांसफार्मर के पास पोल पर चढ़कर कनेक्शन बॉक्स लगा रहा था। तभी करंट की चपेट में आने से झुलस गया। उसे सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया।



कार्यक्रम में मौजूद भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी। अमृत विचार

## भाजपा के प्रबुद्ध जन सम्मेलन में गिनाई गई उपलब्धियां

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक होटल में आयोजित प्रबुद्ध जन सम्मेलन के 'प्रोफेशनल मीट' का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि सरिता भदौरिया ने कहा कि मोदी ने 2014 के बाद देश में एक नई ऊर्जा का संचार किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेते ही भारत की आर्थिक विकास गांव गरीब किसान की चिंता करते हुए भारत को एक गौरवशाली भारत बनाने का सपना देखते हुए इस ओर काम करना प्रारंभ कर दिया था। आज 11 वर्षों के बाद भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत का किसान, नौजवान, महिलाएं खुशहाल जीवन जी रहे हैं। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि 11 वर्षों में मोदी सरकार ने सेवा को संकल्प बनाया, सुशासन को संस्कृति और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने की। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, विधायक अर्चना पांडे, विधायक कैलाश राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत ने भी संबोधित किया। पार्टी पदाधिकारी सहित प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

## टीम ने सौंपी रिपोर्ट जल्द शुरू हो सकता कैंसर अस्पताल

**तिर्वा।** मेडिकल कॉलेज परिसर में तैयार खड़ा कैंसर अस्पताल जल्द चालू हो सकता है। इसको लेकर शासन की टीम ने निरीक्षण की रिपोर्ट शासन को सौंप दी।

बाबा भीमराव राम जी अंबेडकर मेडिकल कालेज परिसर में कई साल से तैयार खड़ा कैंसर अस्पताल चालू होने के इंतजार में है। इसे जल्द शुरू कराकर कैसे मरीजों को लाभ दिया जा सके। शुरू कराने के लिए बजट के साथ कितने स्टाफ की जरूरत पड़ेगी इसको लेकर शासन के निर्देश पर लखनऊ कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के डा. एम.एल. भट्ट के नेतृत्व में डॉ. असीम मिश्र और टाटा मेमोरियल अस्पताल के डॉ. विनय शंकर व प्राचार्य डाक्टर सीपी पाल की एक टीम ने 12 अप्रैल को निरीक्षण किया था। करीब दो माह बाद संयुक्त टीम ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर शासन को सौंप दी। प्राचार्य ने बताया कि टीम की निरीक्षण रिपोर्ट शासन के पास पहुंच गई है। अस्पताल शुरू कराने को लेकर निर्णय सरकार करेगी।

## उमर्दा में सुबह होते ही बिकने लगती है देशी शराब

संवाददाता तिर्वा

- हाफ शटर करके शराब बिक्री की फोटो वायरल

**अमृत विचार।** देशी शराब ठेका पर सुबह से ही ओवर रेट पर शराब की बिक्री शुरू हो जाती है जिसका वीडियो फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लेकिन अमृत विचार इसकी पुष्टि नही करता।

सरकार की ओर से ठेका खुलने का समय प्रातः दस बजे से रात दस बजे तक का है। उमर्दा कस्वा में देशी शराब की दुकान से सुबह पांच बजे से ही बिक्री शुरू हो जाती है। समय के पहले जो शराब की बिक्री होती वह 100 रुपया क्वाटर की दर पर होती है।

पुलिस चौकी के पास आधा शटर खोल कर सुबह से ही शराब की बिक्री का वीडियो व फोटो किसी ने सोशल मिडिया पर वायरल कर दिया। यह वायरल फोटो उमर्दा कस्वा के देशी शराब ठेका का बताया जा रहा।



सुबह से हो रही शराब बिक्री की वायरल फोटो। अमृत विचार

### सार-संक्षेप



सौरिख बिधूना मार्ग पर सूखती मक्का। अमृत विचार

#### सड़कों पर फिर से पसरी मक्का, हादसों को न्योता

**सौरिख।** एक बार फिर से गर्मी की मक्का तैयार होने के साथ खेत से आ चुकी है। हर बार की तरह किसानों ने इसे सड़कों पर सुखाना शुरू कर दिया है। इसके कारण जहां लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं दोपहिया वाहन सवार फिसलकर चुटहिल हो रहे हैं। सौरिख बिधूना मार्ग पर भाउलपुर चपुन्ना के बीच में लगभग एक दर्जन स्थानों पर रोड के दोनों तरफ किसान मक्का फैलाकर सुखा रहे हैं। इससे राहगीरों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि यह मक्का रात दिन रोड पर पड़ी रहती है जिससे दोपहिया वाहन इसकी चपेट में आकर कई बार फिसलते और सवार चुटहिल हो रहे हैं। प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है जिससे बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। विगत वर्षो में भी सड़क पर पड़ी मक्का की हादसों का कारण बन चुकी है जिनमें लोगों की जान तक चली गई। प्रशासन ने उस समय सख्ती दिखाते हुए ऐसे लोगों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे लेकिन इसका कुछ फायदा नहीं हुआ। इस बार फिर से किसानों ने सड़कों को ही मक्का सुखाने की जगह बना लिया है। लोगों ने इस दिशा में प्रशासन से उचित कदम उठाए जाने की मांग की है।

**जागरूकता चौपाल** | गांव-गांव में चौपाल लगाकर क्षेत्रीय प्रबंधक दे रहे जानकारियां

## प्रधानमंत्री सुरक्षा व जीवन ज्योति बीमा के दावा राशि का हक मिला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज




महिला खाताधारक को पासबुक देते उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक।



ब्लॉक सदर क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल दंदौराखुर्द में मौजूद लोग। अमृत विचार

- उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक मानीमऊ शाखा ने लगाई दंदौरा खुर्द में कार्यक्रम

**अमृत विचार।** गांव-गांव चौपाल लगाकर खाताधारकों व अन्य लोगों को उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है। ब्लॉक सदर क्षेत्र की मानीमऊ शाखा ने प्राथमिक स्कूल दंदौरा खुर्द में ग्राम स्तरीय जागरुकता चौपाल लगाई जिसमें क्षेत्रीय प्रबंधक ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभान्वितों को प्राप्त बीमा दावा राशि से संबंधित पासबुक भी दीं।

क्षेत्रीय प्रबंधक सतीश कुमार ने चौपाल में लोगों से आर्यावर्त बैंक से बदलकर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की स्थापना के बारे में जानकारी साझा की। स्वयं सहायता समूहों में महिलाओं को आजीविका चलाने एवं स्वावलंबी बनाने पर चर्चा की। ग्रामीणों को बैंक से जोड़ने के लिए बचत खाते खुलवाने एवं उसमें सूक्ष्म बीमा जैसे वार्षिक 20 रुपये से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं 436 रुपये में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा करवाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अटल पेंशन योजना से लाभान्वित होने के लिए भी जागरूक किया गया। बैंक की विभिन्न ऋण सुविधा जैसे एनआरएलएम स्कीम, सीएम युवा स्कीम, मुद्रा लोन, वाहन एवं आवास ऋण की जानकारी दी गयी। विशेष सावधि जमा स्कीम 400 दिन में न्यूनतम 7 फीसदी ब्याज मिलने के बारे में भी बताया गया। साथ ही डिजिटल धोखाधड़ी से बचने को सतर्क रहने की अपील की गई। शिविर में 50 बचत खाते फॉर्म, 20 एपीवाई एकत्र किए गए। इस मौके पर क्षेत्री कार्यालय की अधिकारी यशस्वी, अनुराग पाठक, आदि लोग मौजूद रहे।

## पुत्र न होने पर महिला को मारपीट कर किया घायल

- एसपी के आदेश पर पुलिस ने ससुरालियों पर दर्ज की रिपोर्ट

**तिर्वा।** महिला के पुत्री पैदा होने से आक्रोशित हुए ससुरालियों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना ठठिया के रूरा गांव निवासी मो. हुसैन पुत्र वजीउद्दीन ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया कि उसने अपनी पुत्री परवीन की शादी सदर कोतवाली के जसौली गांव निवासी इमरान पुत्र महमूद के साथ 15 वर्ष पहले की थी। काफी दिन तक उसकी पुत्री के कोई संतान नही हुई। इसको लेकर ससुरालीजन उसको प्रताड़ित करने लगे। डेढ़ साल पूर्व उसकी पुत्री ने बेटी को जन्म दिया। इसे देखकर पति इमरान, ननद मेराज, देवर राजा, सास नसीमा बेगम मारपीट करने लगी और कहने लगी कि पुत्र को जन्म नही दे सकती थी। उसने कहा कि सब कुदरत के हाथ में है वह कुछ नही कर सकती। 7 जून को ससुरालियों ने पुत्र न होने की जब बात कही तो पुत्री ने विरोध किया। इस पर मारपीट कर उसे घायल कर दिया। जब वह उसके घर पहुंचा तो उसे अपने साथ लाकर थाने व महिला थाने जाकर शिकायत की पर कोई कार्रवाई नही हुई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## सहायक अभियंता लघु सिंचाई का तबादला, रामजी आए

**कन्नौज।** विकास भवन स्थित लघु सिंचाई विभाग की सहायक अभियंता (एई) शिखा सचान का तबादला शहजहांपुर हो गया है। उन्होंने कार्यभार भी छोड़ दिया है। रिक्त हुए पद पर चंदौली से रामजी ने कार्यभार ग्रहण किया है। दूसरी ओर रायबरेली से सीवीओ पद पर डॉ. अनिल कुमार ने भी योगदान आख्या देकर कमान संभाल ली है।


डायलिसिस गुर्दा रोग
डा. समीर गोविल
एम.डी.(मेडिसिन), डी.एन.बी.(गुर्दारोग)
गुर्दा रोग परामर्शदाता
भूतपूर्व गुर्दा रोग विशेषज्ञ, संजय गांधी पी.जी.आई. लखनऊ
क्लीनिक
• कनिष्क हॉस्पिटल
10/503A खलासी लाइन, तिलकनगर आभा नर्सिंग होम के बगल में, कानपुर
सोम से शनि दोपहर 1 से 3 बजे
• 372 विकास नगर, सेलटैक्स ऑफिस डबल रोड, कानपुर
सोम से शनि सायं 7:00 से 8:00
M: 9839923723, 8948558429

# टूटे मार्ग को तत्काल सही करे एनएचएआई

## जिला सड़क सुरक्षा की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश, रांग साइड ड्राइविंग पर पुलिस एफआईआर दर्ज करे

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करते जिलाधिकारी।

**अमृत विचार।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।

जिलाधिकारी द्वारा एनएचएआई के अधिकारियों को स्व. बृहमदत्त द्विवेदी चौराहा पर पांचाल घाट पुलिस चौकी के पास मार्ग टूट जाने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका के दृष्टिगत तत्काल निर्माण करने, एनएचएआई के 94 जंक्शन में से 70 जंक्शनों पर ही सुधारात्मक कार्यवाही पूर्ण होने तथा शेष जंक्शनों पर सुधारात्मक कार्यवाही पूर्ण करने, नेकपुर चौरासी रेलवे ओवर ब्रिज के पंहुच मार्ग की ऊंचाई अधिक होने के कारण रात्रि में दुर्घटना होने की सम्भावना होने के दृष्टिगत मार्ग के दोनों ओर क्रैश बैरियर लगाया जाने परध्यान खींचा। इटावा-बरेली मार्ग पर पांचाल घाट सेतु की प्रत्येक दशा में मरम्मत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

डीएम ने कहा कि जनपद के सभी चौराहों पर जहां-जहां ट्रैफिक लाइट चालू हो गयी है वहां पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित रखने के लिए जेब्रा लाइन बनवाने एवं सुधारीकरण की कार्यवाही तुरंत की जाए। अधिशासी अभियन्ता लोनिवि से अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा प्रत्येक स्थिति में 30 जून तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही मसेनी चौराहे से कादरीगेट तक नवनिर्मित मार्ग पर अभी रोड साइन नहीं लगे हैं तथा कुछ विद्युत पोल मार्ग के बीच में आ गये हैं। विशेषकर मसेनी से लोहिया अस्पताल की ओर जाते हुये मोड़ पर विद्युत पोल अत्यन्त खतरनाक स्थिति में है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा है। विद्युत पोल को शिफ्ट कराते हुये एक माह के अन्दर रोड साइनेज लगाने के निर्देश लोनिवि को दिये गये। सड़क दुर्घटनाओं में कारणों की पहचान में एआरटीओ ने बताया कि जनपद फर्रूखाबाद में अधिकतर दुर्घटनायें पूर्व में ब्लैक स्पॉट्स पर घटित होती थीं। वर्तमान में दुर्घटनाओं की संख्या राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग, अन्य जिला मार्गों पर अधिक हुई हैं। निर्देश दिया गया कि रांग साइड ड्राइविंग के मामलों में पुलिस द्वारा कठोरतम कार्यवाही की जाये। जिसमें छह माह तक का कारावास या एक हजार रुपए तक का जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। रांग साइड ड्राइविंग के कारण मृत्यु होने पर किसी भी प्रकार के मुआवजे के लिए कोई भी दावा शासन को नहीं भेजने के निर्देश दिये गये। माह मई 2025 में ब्लैक स्पॉट पर 04 दुर्घटनायें घटित हुई हैं जिसमें 02 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा 03 व्यक्ति घायल हुये हैं। ये सभी ब्लैक स्पॉट राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित हैं। यातायात कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार इस वर्ष अभी तक 16 सड़क दुर्घटनायें ब्लैक स्पॉट पर हुई हैं।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा राह-वीर योजना प्रारम्भ की गयी है। योजना के अन्तर्गत घातक दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दुर्घटना के उपरान्त एक घण्टे (गोल्डन ऑवर) के अन्दर अस्पताल पहंचाने से घायल के जीवित रहने पर 25000 रुपये के पुरस्कार का प्रावधान है। राहवीर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से मृतकों की संख्या में प्रभावी कमी लाई जा सकती है। जिलाधिकारी ने क्षेत्राधिकारी यातायात, बैठक में उपस्थित थानाध्यक्षों आजि को जरूरी निर्देश दिए।

## गर्भवती महिला से मारपीट, गर्भपात कराने का आरोप

**मोहम्मदाबाद।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने पति और देवर के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। महिला का कहना है कि उसका देवर आए दिन उसके साथ अश्लील हरकतें करता था। जब उसने इसकी शिकायत अपने पति से की तो उसने उल्टा महिला को ही दोषी ठहराकर देवर के साथ मिलकर मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि वह ढाई माह की गर्भवती थी, और मारपीट के दौरान पेट में गंभीर चोट लगने के कारण उसे जबरन निजी अस्पताल में ले जाकर गर्भपात करा दिया गया। महिला का यह भी आरोप है कि जब उसने अपने भाई और मां को सूचना दी, तो उसका भाई ससुराल आकर समझाने का प्रयास करने लगा, लेकिन पति और देवर ने भाई के साथ भी मारपीट की। देवर ने पीड़िता का 10 माह का बच्चा भी छीन लिया और महिला को घर से निकाल दिया।

# आतंकवाद किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं: सांसद

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भाजपा सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि भारत की धरती पर आतंकवाद किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली, भारतीय जनता पार्टी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने की उपलब्धियों के उपलक्ष्य में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने अब तक 2025 में 11 वर्ष पूर्ण होने पर देश के किसान,नौजवान ,महिला और दलित वर्ग आदि सभी लोगों के लिए उत्थान के ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार एक विकसित भारत की परिकल्पना के साथ ही वर्ष 2047 तक के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए निरंतर रात दिन एक करके भारत को प्रगति के रास्ते पर ले जाने के लिए कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया कि 2014 से पहले देश भ्रष्टाचार और आतंकवाद जैसी गंभीर समस्याओं से घिरा हुआ था और 2014 के बाद आज देश में आतंकवाद की कहीं कोई घटना नहीं दिखाई देती। कश्मीर में जब-जब भी आतंकवादी घटना को अंजाम दिया गया तब तव हमारी भारतीय सेना ने आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने दावा किया कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आतंकवाद परस्त पड़ोसी देश पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देते हैं कि भारत की धरती पर आतंकवाद को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है।

## भीषण तपिश में लोगों का जीना हो गया मुश्किल

**फर्रुखाबाद।** जिले में लू के थपेड़ों से जनमानस बुरी तरह त्रस्त है। दोपहर में तो सड़कों पर सन्नाटा सा नाजारा दिख रहा है। दुकानदार दोपहर में भीषण गर्मी के कारण अपनी दुकाने बंद करके घर निकल रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण व्यापार में कुछ मंदी दर्ज की जा रही है।

केवल लोग अतिआवश्यक चीजों की खरीदारी कर रहे हैं। सुबह सात बजे से लेकर चार बजे तक सूर्य का प्रभाव इतना अधिक हो रहा है कि लोग निकल नहीं पा रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण छोटे-बड़े नदी व तालाब सूखने के कगार पर हैं। भीषण गर्मी का अंदाजा महज इस बात से लगा सकते हैं कि सुबह के नौ बजते ही जमीन पूरी तरह से तपने लगती है और इसका असर शाम ढलने तक रहता है। इधर जैसे-जैसे गर्मी की तपिश बढ़ रही है, वैसे वैसे जलस्तर भी नीचे जा रहा है।

# जिले के टॉपर 20 छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



टॉप 10 छात्र को सम्मानित करते सांसद व डीएम।

**अमृत विचार।** वर्ष 2025 में विभिन्न बोर्डों से हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट में जनपद के 20 मेधावी छात्र/छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में प्रसारित किया गया। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की गयी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत द्वारा सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया गया तथा उन्हें इसी प्रकार जनपद, प्रदेश व देश में नाम रोशन करने की शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना हर कोई अधूरा है। प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के स्तर को अच्छा बनाने के लिये निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं, जिसका रिजल्ट आप लोगों के सामने है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियो द्वारा जनपद के छात्र/छात्राओं को 21000 रुपए का पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र, टेबलेट व मैडल पहनाकर उनका सम्मान किया गया 1 जनपद की हाई स्कूल टॉप 10 सूची में भव्या पटेल, चाहत सक्सेना, सृष्टि, निहारिका वर्मा शिवांगी सक्सेना दीपांशु आराध्या राठौर प्रशांत राजपूत नागेंद्र सिंह और प्रशांत सिंह इसी तरह इंटरमीडिएट के टॉप 10 अर्पित बनी कटिहार शिखा सचिन रमन कशिश अवस्थी रिया राजपूत मोहम्मद फजल रिशांत कटिहार और संजना प्रमुख रूप से रहे हैं 1

# आज दूल्हा बने बाबा फरीदउद्दीन सुभानअल्लाह...

संवाददाता उरई जालौन



उर्स में कव्वाली गाते कलाकार

**अमृत विचार।** मुहम्मदाबाद स्थित हजरत फरीदउद्दीन गंजे रवां उर्फ सरकने पीर शाह बाबा के 29 वें उर्स के मौके पर बुधवार की रात दूसरी व आखरी बज्म में शास्त्रीय लबो लहजा और सूफियाना रंगत का ऐसा संगम देखने को मिला कि जो इससे पहले कभी न देखा गया था। कव्वाली को सुनने के लिये श्रोता सुबह तक अपने स्थान पर डटे रहे।

नागपुर से आई कव्वाला जोया बारसी ने पढ़ा, ऐसा हसीन क़ोई नहीं है न हुआ है, जिनकी जात पाक से कुरआन मिला है, बो नबी हमको मिला है, बो नबी हमको मिला है से कव्वाली की शुरूआत की। उनकी प्रस्तुति में हल्का शास्त्रीय पुट रहा लेकिन प्रतिद्वंद्वी कव्वाल फकरे फैसल अली ने खालिस शास्त्रीय अंदाज और पक्की गायकी प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रगुग्ध कर रख दिया। वे विश्व धरोहर शायरों के कलाम के जरिए लोगों के दिलोदिमाग पर छा गये। पहली बार ग्राम में पधारे उक्त कव्वाल के इतने सफल प्रदर्शन की उम्मीद उर्स कमेटी को भी न थी।

उक्त कव्वाल जोड़ी ने 'या रसूलल्लाह या हबीब अल्लाह, नाना भी ऐसे नवासा भी ऐसा के बाद जब उन्होंने पढ़ा, लिखा है बस तराजू ने पढ़कर बिस्मिल्लाह, है उर्स मेरे फरीदुद्दीन का आज माशाअल्लाह, हर एक के चेहरे पर है कैसी सादमानी, पूरी मुराद होगी सबकी अल्हम्दुलिल्लाह, आज दूल्हा बने हैं बाबा फरीदुद्दीन सुभानअल्लाह... ने जहां नयी नस्ल को उछलने पर मजबूर किया तो संजीदा तबियत के श्रोता आंखें नम किए नजर आये। पूर्व ब्लाक प्रमुख तेजपाल सिंह यादव ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

युवा नेता शिवा सोनी शिव खर्रा और फरहत उल्ला ने कव्वालो को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। कमेटी के चीफ कंट्रोलर जाबेद अख्तर जब्बी, अध्यक्ष तालिब हुसैन, तारिक अली, तौफीक खान, एडवोकेट अफाक उल्ला, आमिर पठान, रमजान बेग, आजम शेख, मोनिश खान, राजू खान, मतीन उल्ला, जुऐब, हाजी कौसर, इमरान अरमान, फैजान अली, आगोश रहमानी, शाहरुख़ ने व्यवस्था संभाली। तिलावत का गौरव हाफिज अब्दुल कादिर के हिस्से में आया।

# गर्मी से राहत पाने के लिए वाटर केनन से कराई बौछार

संवाददाता उरई जालौन

**अमृत विचार।** जिले में जहां एक ओर गर्मी अपना सितम ढा रही है तो वहीं दूसरी ओर सदर नगर पालिका आम जनता को गर्मी से राहत देने के लिए तमाम तरह की कोशिशें कर रही है। जिससे आम जनता को उमस भरी गर्मी से निजात मिल सके। नगर पालिका द्वारा आम जनता को राहत देने के लिए और गर्मी से निजात दिलाने के लिए स्मार्ट सिटी की तर्ज पर उरई शहर के अलग अलग चौराहों पर पानी की ठंडी बौछारें मशीन के द्वारा कराई जा रही है।

उरई शहर में ऐसा पहली बार देखने को मिला है, जब नगर पालिका के द्वारा एंटी स्मोक गन की तर्ज पर मशीन के जरिए गर्मी से राहत दिलाने के लिए अलग-अलग चौराहों पर इस मशीन के द्वारा जनता पर ठंडे पानी की बौछार कराई जा रही है। जिससे जनता को इस भीषण गर्मी से कुछ राहत मिल सके। लोग गर्मी से खासे परेशान नजर आ रहे हैं. ऐसे में सदर नगर पालिका के द्वारा शुरू की गई पहल लोगों के लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं हो रही है।

**बोले पूर्व चेयरमैन विजय चौधरी: उरई :** सदर नगर पालिका चेयरमैन गिरिजा चौधरी व उनके प्रतिनिधि पूर्व चेयरमैन विजय चौधरी ने सयुंक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि हमारी सदर नगर पालिका द्वारा बढ़ती गर्मी को देखते हुए शहर के लोगों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए एक बड़ी पहल की जा रही है। सदर नगर पालिका उरई तमाम तरह की सुविधा आम जनता को मुहैया कराती नजर आ रही है। अलग-अलग चौराहों पर ऐंटिस स्मोक गन से फुव्वारे की बौछार लोगों पर कराई जा रही है लोगों को गर्मी से निजात दिलाई जा रही है।

# सार-संक्षेप



सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक में मौजूद जिला अध्यक्ष एवं सपा कार्यकर्ता।

### बैठक में सपा की उपलब्धियों के प्रचार पर दिया जोर

**फर्रुखाबाद ।** समाजवादी पार्टी के सैनिक प्रकोष्ठ की मासिक पीडीए बैठक सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के. के. यादव की अध्यक्षता में न्यू कॉलोनी नेकपुर कलां राजेंद्र सिंह यादव (जिला उपाध्यक्ष – सैनिक प्रकोष्ठ) के आवास पर संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव रहे। उनके साथ जिला महासचिव इलियास मंसूरी एवं मुख्य संगठन के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। बैठक में सैकड़ों पूर्व सैनिकों और पदाधिकारियों ने सहभागिता की। कैप्टन रामाधार सिंह यादव, बृजेश सिंह यादव, बेचे लाल यादव, अमित कुमार, दीप सिंह, कैलाश चंद्र, राम सिंह पाल आदि ने सैनिक और पीडीए विचारधारा को लेकर महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

### सड़क हादसों में 5 घायल, तीन की हालत गंभीर

**कायमगंज।** कायमगंज क्षेत्र में पांच लोग अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें तीन की हालत गंभीर है ।कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के तीन लोग घायल हए। जिसमें गांव सलेमपुर दूंदेमई निवासी सुशीला (60) पत्नी राम किशोर गांव अल्लाहपुर निवासी गांधी (40)व गांव भटासा निवासी महबूब का 4 वर्षीय पुत्र मुजाहिद कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव विलसड़ी निवासी लक्ष्मन (27) व फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव भरखा निवासी आकाश (30) गंभीर घायल हो गए। लोगों व एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए सुशीला, लक्ष्मन व आकाश को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### जंगली जानवर के हमले से वृद्ध घायल

**कायमगंज।** कंम्पिल थाना क्षेत्र में एक वृद्ध को जंगली जानवर ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया ।थाना क्षेत्र के गांव मेंदपुर निवासी वृद्ध ओम प्रकाश (65) वह अपने खेत पर जा रहे थे। तभी अचानक जंगली जानवर ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उसके चीखने चिल्लाने पर आसपास के लोगों ने उसे बचाया। उसके बाद परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचें। और घायल वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### 35 लाख के खोए मोबाइल स्वामियों को सौंपे

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के मार्गदर्शन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह के नेतृत्व में नागरिकों के गुमशुदा खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए जाने के लिए चलाए जा रहे सर्विसलांस टीम द्वारा विभिन्न राज्यों जनपदों व थाना क्षेत्र से मोबाइल फोन गुमशुदगी से संबंधित प्रार्थना पत्र मिले थे उन सभी को सर्विलानस पर लगाकर बरामद करने के लिए निर्देशित किया गया था। सर्विलॉन्स टीम द्वारा कठिन परिश्रम के परिणाम स्वरुप विभिन्न कंपनियों के कुल 151 एंड्राइड मोबाइल फोन जिनकी बाजार कीमत लगभग 33 लाख रुपये के बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा मोबाइल फोन स्वामियों को सौंपे गए।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**उरई।** थाना क्षेत्र के ग्राम मदरा लालपुर मे युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जंगल में बबूल के पेड़ पर रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम मदरा लालपुर निवासी रविन्द्र निशाद 18 पुत्र अजय सिंह उर्फ जैना ने बुधवार की देर शाम को अपनी मा और पिता से फोन पर हुई मामूली कहा सुनी के बाद सूर्य मंदिर के पीछे यमुना के जंगल में जाकर बबूल के पेड़ पर रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। गुरुवार की सुबह जब चरवाहे अपने जानवरों को लेकर जंगल की तरफ पहुचे तो उन्होंने युवक को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो उनमें हड़कंप मच गया और उन्होंने मामले की सूचना परिजनों को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई की।

### ट्रेन आगे कूदकर महिला ने दी जान

कालपी ।कोतवाली क्षेत्र में गुरूवार की दोपहर जोल्हुपुर रेलवे क्रासिंग के पास महिला ने ट्रेन आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। मृतक का के पास से बैग में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान गीता 45 वर्ष पत्नी प्रकाश निवासी कुरहना आलमगीर के रूप में की गई। पहचान होने पर पुलिस ने तत्काल मामले की सूचना उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे मृतका के पति ने उसकी पहचान अपनी पत्नी के रूप में की। उसने बताया कि विगत कुछ वर्षो से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। जिसके चलते वह लोग उसकी निगरानी भी करते थे लेकिन गुरूवार सुबह वह अचानक गायब हो गयी थी। परिवार के लोग खोजबीन करने में लगे हुए थे, लेकिन पुलिस ने उसकी शव रेल पटरी पर पड़े होने की सूचना दी।

### कुएं में गिरकर वृद्ध की मौत

जालौन। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धंतौली मे बीते दिन बुधवार की देर रात लघुशंका करने के लिए गए वृद्ध की कुएं में गिरकर मौत हो गई। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धंतौली निवासी किसान शिवदयाल 60 वर्ष गांव में रहकर अपनी खेती करता था, और उसके दो पुत्र मज़दूरी करते हैं। बुधवार की रात को वह और उनकी पत्नी वनमाली अलग– अलग चारपाई पर घर के बाहर सो रहे थे। पुत्र ने बताया कि रात करीब 11 बजे वह लघुशंका को उठे थे, आंखों से कम दिखाई देने के कारण वह कुएं की तरफ चले गए और उसमें गिर गए। रात में करीब एक बजे पत्नी जागी तो उन्हें पति चारपाई पर नहीं मिले। तब उन्होंने इसकी सूचना पुत्र लाखन व बृजभूषण को दी। जानकारी होने पर पुत्रों ने उन्हें रात भर खोजा, कुआं में भी देखा लेकिन कहीं पता नहीं चला। गुरुवार सुबह फिर से पुत्रों ने कुएं में देखा तो पता नहीं चल सका था।

### हर्ष फायरिंग करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**उरई।** सिरसाकलार थाना क्षेत्र में पुलिस ने विवाह समारोह में हर्ष फायरिंग कर चार लोगों को घायल करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बंदूक बरामद कर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी। बीते माह 18 मई को न्यामतपुर स्थित दृश्या रिसोर्ट में एक विवाह समारोह के दौरान डैनी ने हर्ष फायरिंग की थी। इस फायरिंग में रामशरण सिंह, सोनेलाल, लाखन सिंह और वीरेंद्र सिंह घायल हुए थे। सीओ जालौन शैलेंद्र वाजपेई के अनुसार, घायल रामशरण सिंह के भाई राजन सिंह की शिकायत पर थाना सिरसाकलार में मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद से पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर भागता रहा। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

**परखी हकीकत** — बोले डीएम–जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

# डीएम ने विद्युत विभाग व जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

संवाददाता उरई जालौन



जिला अस्पताल की इमरजेंसी का निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने देररात विद्युत विभाग कार्यालय व जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी विद्युत विभाग के कंट्रोल रूम पहुंचे, जहां उन्होंने प्राप्त शिकायतों का विधिवत रजिस्टर में आकलन किया। अधिशासी अभियंता को कंट्रोल रूम में दो-दो कर्मचारियों की नियमित ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, जिससे शिकायत निस्तारण प्रक्रिया को सशक्त बनाया जा सके। इसके पश्चात जिलाधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने इमरजेंसी वार्ड सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने इमरजेंसी वार्ड में चार अतिरिक्त एसी स्वीकृत किए, और वार्डों में दो-दो एसी स्वीकृत किए और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि 48 घंटे के भीतर इन्हें लगवाया जाए। निरीक्षण के दौरान कूलर की साफ सफाई न होने से ठंडी हवा न होने पर, तीन एसी खराब पाए गए, जिनकी तत्काल मरम्मत के निर्देश सीएमएस को दिए गए। वार्डों में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से सीधा संवाद भी किया। उन्होंने दवा व भोजन की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली, जिस पर तीमारदारों ने बताया कि दवाएं अस्पताल परिसर से ही उपलब्ध कराई जा रही हैं, हालांकि सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाई गई। सफाई कर्मचारी फिनायल का प्रयोग नहीं कर रहे थे, जिस पर जिलाधिकारी ने सीएमएस को निर्देश दिया कि सफाई के दौरान फिनायल का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। निरीक्षण के दौरान एक वाटर कूलर से ठंडा पानी नहीं निकल रहा था। इस पर सीएमएस ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण समस्या आई है।

### एसडीएम ने बाबई पीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**कालपी।** गुरुवार को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाबई का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पीएचसी का घूम-घूमकर जायजा लिया। तथा गर्मी से पीड़ित रोगियों का तत्परता से उपचार करने के लिये डॉक्टरों तथा कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने प्रसवोत्तर केंद्र का हाल जाना। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ने कहा कि उपचार के लिए मरीजों को परेशान नही किया जाये। उन्होंने दवाइयों के स्टाक तथा रखरखाव की स्थिति को देखा। एसडीएम ने औषधि भंडारण कक्ष तथा औषधि वितरण कक्ष का भी निरीक्षण किया। निर्देश दिए कि गर्मी की मौसम की वजह से दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रहना चाहिए। शौचालय आदि का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि स्वच्छता का ध्यान रखें।

# मौरंग लदे 3 ओवरलोड ट्रक सीज

संवाददाता, कालपी जालौन



चेकिंग अभियान में एसडीएम के साथ अन्य अधिकारी। अमृत विचार

- अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलता रहेगा
- 3 वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में गल्ला मंडी में खड़ा किया

**अमृत विचार।** जिला प्रशासन के निर्देश के अनुरूप उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस तथा खनिज विभाग अधिकारियों की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान बिना प्रपत्रों के अवैध बालू के ओवरलोड 3 ट्रकों को परिवहन करते हुए पकड़कर सीज करने की कार्यवाही से खलबली मच गयी।

गुरुवार को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, खनन निरीक्षक कुलदीप कुमार ,कालपी पुलिस, राजस्व कर्मियों की संयुक्त टीम के साथ छापा मार अभियान शुरू किया। जोल्हूपुर मोड़ में अवैध खनन के परिवहन तथा ओवरलोड के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना खनिज प्रपत्रों के ओवरलोड मौरम लादे 3 ट्रकों को परिवहन करते हुए पकड़ लिया। संयुक्त टीम के द्वारा अवैध खनन भरे सभी 3 ट्रकों को पकड़ कर सीज करने की कार्यवाही की गई। उपजिलाधिकारी को मुताबिक पकड़े गये सभी 3 वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सीज कर गल्ला मंडी कालपी के परिसर में खड़ा करा दिया गया हैं।

चेकिंग अभियान की खबर मिलते ही अवैध खनन चालकों में हड़कम्प मच गया।

# डबल डेकर बस डिवाइडर से टकराई, 17 घायल

## दिल्ली से हमीरपुर सवारी लेकर जा रही थी बस, इटावा में ही बदला गया था बस चालक

संवाददाता बकेवर इटावा



हादसे का शिकार बस को क्रेन से हटवाती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार**। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत महेवा के पास हाईवे पर गुरुवार की सुबह दिल्ली से हमीरपुर सवारियां लेकर जा रही एक डबल डेकर प्राइवेट बस डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बस सवार 17 यात्री घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बाद में पुलिस ने बस को हटवाकर रास्ता साफ कराया।

हादसा तड़के लगभग चार बजे के आसपास हुआ। इटावा में बस चालक बदला गया था और कुछ ही दूरी तय करने के बाद उसे झपकी आ गई। बस अनियंत्रित होकर सीधे डिवाइडर से जा टकराई, जिससे बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। बस के

- **चालक को झपकी आने से तड़के हुआ हादसा**

अनियंत्रित होते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। कुछ लोग बस के अंदर फंसे रह गए, जिन्हें बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने क्रेन मंगवाकर बस को डिवाइडर से हटवाया और यातायात को सामान्य कराया। जिला चिकित्सालय में तैनात इमरजेंसी मेडिकल यूनिट के डॉ. श्याम मोहन ने बताया कि सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया है। सभी घायलों की स्थिति ठीक है। दस यात्रियों पंकज 32 वर्ष निवासी राठ महोबा, सोनी देवी 32 वर्ष निवासी चकरपुर बकेवर इटावा, रुखसाना 55 वर्ष निवासी फ़त्तेपुर मूसा नगर कानपुर देहात, अनमोल 11 निवासी चकरपुर बकेवर इटावा, रितिक 21 वर्ष निवासी कुरारा हमीरपुर, सरपंच 26 वर्ष निवासी डिगभावत थाना चिला जिला बांदा, शुभम 23 वर्ष निवासी कुरारा हमीरपुर, मुकेश कुमार 24 वर्ष निवासी मवाई थाना राठ जिला हमीरपुर, कल्पनाथ 36 वर्ष निवासी कांशीराम कालोनी चकेरी कानपुर, मंजू देवी 34 वर्ष पत्नी कल्पनाथ निवासी कांशीराम कालोनी चकेरी कानपुर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने पंकज, सोनी व रुखसाना को भर्ती कर लिया और शेष मामूली घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया। पुलिस हादसे की जांच में जुटी है और बस चालक की लापरवाही की भी जांच की जा रही है।

### सड़क हादसे में मां-बेटा गंभीर रूप से घायल, सैफई रेफर

**जसवंतनगर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार की सुबह हाईवे पर मलाजनी गांव के पास एक ढाबे के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मां और बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई भेज दिया गया। औरैया जनपद के नगला जौहरा निवासी इरशाद अपनी मां सन्नो पत्नी रियाज अली के साथ बाइक से अपनी रिश्तेदारी में फिरोजाबाद जाने के लिए निकले थे। जब वह हाईवे पर गांव मलाजनी के सामने पहुंचे तभी किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और इसकी जानकारी पुलिस को दी। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी भिजवाया। वहां पर मौजूद डाक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें पीजीआई भेज दिया।

# भीषण आग से सात घर हुए स्वाहा

संवाददाता भरथना इटावा



धू धूकर जलती आग को बुझाने का प्रयास करते ग्रामीण।

**अमृत विचार**। भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुरा तिलियां कटहरा में बिजली के शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी ने 7 घरों को अपनी चपेट में लिया। आग बुझाने में पांच लोग झुलस गए। दमकल की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया।

भरथना क्षेत्र के ग्राम लालपुरा (नाथों का डेरा) में गुरुवार रात्रि पौने 8 बजे बिजली के शार्ट सर्किट से निकली चिंगरी ने जोरानाथ के घर को अपनी चपेट में ले लिया। हवा का रूख तेज होने के कारण आग ने पल भर में विकराल रूप धारण कर लिया और धीरे धीरे करके सात घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग को देखकर आसपास गांव के कई लोग आग बुझाने के लिये लालपुरा की ओर दौड़ पड़े। इधर गांव के ही कुछ साहसी युवकों ने घर के अंदर मौजूद महिलाओं, बच्चों तथा घर के बाहर बंधे जानवरों को खोलकर एक ओर किया और आग बुझाने में जुट गये। इधर घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष ओमप्रताप सहित अन्य लोग मौके पर पहुंच गये और गांव में लगी आग की सूचना दमकल कर्मियों सहित स्थानीय पुलिस व को दी। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं ग्राम लालपुरा निवासी रामकुमार नाथ ने बताया कि आग से जोरानाथ के घर के अंदर रखी नई मोटरसाइकिल, घर-गृहस्थी का सामान, नकदी, जेवर, कपड़े आदि सभी जलकर राख हो गए। युवकों ने बताया कि आग से जोरानाथ के पुत्र मोहननाथ, राजेंद्रनाथ और उनके बेटे बिजेंद्रनाथ, ठाकुरनाथ, राजूनाथ व उनके बेटे धारानाथ व छोटेनाथ, अनिलनाथ, दीवाननाथ व लक्ष्मणनाथ की घर गृहस्थी का सारा सामान आग की भेट चढ़ गया। आग बुझाने के दौरान लालपुरा निवासी गृहस्वामी बिजेंद्रनाथ, राजेद्रनाथ, दीवानाथ, छोटेनाथ व अनिलनाथ मामूली रूप से झुलस गये।

- **शार्ट सर्किट से लगी भीषण आग, बुझाने में पांच लोग झुलसे**

# महिला स्वास्थ्य कर्मी ने डीएम कार्यालय के सामने खाया जहर

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार**। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत कचहरी में आज उस समय हड़कम्प मच गया जब महिला स्वास्थ्य कर्मी ने डीएम कार्यालय के सामने विषाक्त पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की।

एक महिला बकेवर मेडिकल कालेज सैफई में स्वास्थ्य कर्मी के पद पर कार्यरत है। महिला स्वास्थ्य कर्मी ने बताया कि उसके साथ आए दिन एक युवक के द्वारा छेड़छाड़ की जाती है। इस सम्बंध में उसने पुलिस से शिकायत की लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। इस कारण से आरोपी के हौंसले बुलंद हो गए वह छेड़छाड़ के साथ धमकी देने लगा। इससे परेशान होकर उसने गुरुवार को कचहरी स्थित डीएम कार्यालय के सामने विषाक्त पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। जिला अस्पताल में भर्ती महिला ने बताया कि पिछले सात माह से सैफई का एक युवक उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा है उसने इस सम्बंध में जब थाना प्रभारी सैफई से शिकायत की तो उन्होंने मेरा मुकदमा नहीं लिखा और थाने से भगा दिया। महिला ने आरोप लगाया कि दबंग युवक को थाना सैफई पुलिस का पूरा संरक्षण प्राप्त है। सीओ सैफई राम गोपाल शर्मा ने अस्पताल पहुंच कर महिला से घटना की पूरी जानकारी ली और कहा कि इस मामले की जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

- **छेड़छाड़ से आजिज होकर उठाया कदम**

# पुलिस ने दबोचा अंतर्राज्यीय टप्पेबाज

कार्यालय संवाददाता इटावा



गिरफ्तार आरोपी की जानकारी देते एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव।

**अमृत विचार**। कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम ने संयुक्त रुप कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर धूमन पुरा की पुलिया के पास से एक टप्पेबाज को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए टप्पेबाज के पास से जेवर व नकदी बरामद हुई है। पूछताछ में उसने अपने साथियों के नाम बताए हैं, जो उसके साथ वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस उसके साथियों की तलाश में जुटी है। टप्पेबाज को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया।

एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि राज पुर कुदरकोट औरैया निवासी प्रवीन कुमार पुत्र रामस्वरूप पाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि 10 जून को एक ऑटो से उसकी बहनों के बैग में रखे आभूषणों को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए घटना के सफल अनावरण हेतु तत्काल जनपद स्तर से अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलांस एवं थाना कोतवाली से पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा सीसीटीवी फुटेज, के माध्यम से घटना में शामिल आनंद बहेलिया निवासी ग्राम नगला उसर थाना कुरावली मैनपुरी को ग्वालियर रोड पर घूमनपुरा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया।

आरोपी के कब्जे से दो सोने की चेन, पांच सोने की अंगूठी, सोने का मंगलसूत्र, दो जोड़ी चांदी की पायल, तीन चूड़ी, तीन चांदी की पायल, एक चांदी की कर्धनी फुल, एक चांदी की कर्धनी हाफ, चार जोड़ी पायल, एक कर्धनी बच्चे की, एक जोड़ी चांदी का कढ़ा बच्चे का, 9 बिछिया चांदी की, एक चांदी की चम्मच, एक टूटा हुआ मंगलसूत्र सोने का, एक टूटा हुआ सोने का पैंडल, एक टूटा हुआ हार बरामद किया।

उसने बताया कि वह अपने साथियों विकास दोहरे, गोपाल उर्फ रामगोपाल बहेलिया, सचिन बहेलिया एवं अन्य सदस्यों के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के विभिन्न जनपद इटावा, औरैया, जौनपुर, वाराणसी, सागर, दमोह, भिंड में आम जनता के भोले भाले पुरूष एवं महिलाओं से बस, टैम्पों व अन्य वाहनों में बैठकर टप्पेबाजी करते हैं।

- **पकड़े गए टप्पेबाज के पास से जेवर व नकदी हुई बरामद**

## सार-संक्षेप



कलश वितरण में भाग लेते श्रद्धालु। अमृत विचार

### यज्ञ के लिए कलश वितरण काम जारी

**इटावा।** राम लीला रोड स्थित हिंदू हॉस्टल ग्राउंड पर सात नवम्बर से उन्नीस नवम्बर तक आयोजित होने वाले चतुर्विध विश्व कल्याणात्मक 1108 कुंडीय मृत्युंजय मां पीतांबरा महायज्ञ हेतु 51000 कलश यात्रा के निरंतर जारी क्रम में यज्ञस्थल पर कलश वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिसमें लोग बढचढ कर भाग ले रहे है। यज्ञाधीश परमपूज्य गुरु रामदास जी महाराज के दिशा-निर्देशन में आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ लगभग 350 महिलाओं को कलश वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अमित दीक्षित मंत्री भानु प्रताप सिंह, उर्मिला भदौरिया, मंजू मिश्रा, नीता त्रिपाठी, रेनू त्रिपाठी, मनोज पांडे तथा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इटावा के जिला संगठन मंत्री अमित त्रिपाठी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### भाजपा नेता की मां के निधन पर शोक

**महेवा।** आंबेडकर नगर बकेवर निवासी भाजपा के बकेवर मंडल के मन्त्री राहुल चतुर्वेदी की 70 वर्षीय माता जी शैला चतुर्वेदी पत्नी राम नरेश चतुर्वेदी के निधन पर लोगों ने शोक जताते हुए मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है। शोक जताने वालों में प्रमुख रूप से अक्षित पाठक, भानु प्रकाश अवस्थी, राकेश तिवारी, चन्द्र प्रकाश दीक्षित, अनन्त अवस्थी, गुल्लू चतुर्वेदी, मोनू उपाध्याय, राजू सहित कई लोगों शामिल है।

### मजदूरी मांगने पर मिस्त्री को लाठी-डंडों से पीटा

**सैफई।** ग्राम नायकपुर में बुधवार दोपहर एक मिस्त्री को मजदूरी मांगना महंगा पड़ गया। मजदूरी के रुपये मांगने पर दो युवकों ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसके पैर में फैक्चर हो गया। नायकपुर गांव निवासी वीरेंद्र बाबू पुत्र मुलायम सिंह ने बताया कि उसने गांव के ही गजेंद्र पुत्र रंगलाल के मकान पर निर्माण कार्य किया था। बुधवार को वह मजदूरी के दस हजार रुपया मांगने गया तो गजेंद्र और उसके परिवारीजन गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर गजेंद्र और शिवांगल पुत्र कोमल सिंह ने मिलकर उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

### सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल हो गए, घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत उदयपुरा के पास बाइक और स्कूटी के बीच टक्कर होने से उपेंद्र पुत्र शिवराम व ईशु कुमार पुत्र योगेंद्र निवासीगण मसनाई चौबिया व रामानन्द 32 वर्ष पुत्र मूलचन्द्र निवासी बसरेहर घायल हो गए। थाना बसरेहर क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा बसरेहर में इको कार ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बलराम 36 वर्ष पुत्र सुल्तान सिंह निवासी शेरपुर बसगवां बसरेहर घायल हो गया।

### पुलिस मुठभेड़ में लुटेरा हुआ घायल

**इटावा।** बसरेहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वसंगवा नहर पुल से राहिन नहर पुल के बीच रूरा सैफई नहर मार्ग पर गुरुवार की शाम करीब 7 बजे चेकिंग के दौरान जब बसरेहर पुलिस ने सैफई की तरफ से आ रहे एक बाइक सवार को रोका। युवक ने रुकने की बजाय भागने का प्रयास किया और जब पुलिस ने उसका पीछा किया तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी पुलिस ने भी जवाब में जब फायरिंग की तो भाग रहे बाइक सवार के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो कर वहीं गिर गया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार लिया और बसरेहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। घटना पर जानकारी देते हुए बसरेहर थाना प्रभारी सौरभ सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में पकड़े गए अभियुक्त की पहचान 24 वर्षीय अभिमन्यु उर्फ हनी उर्फ राजा पुत्र रविन्द्र सिंह यादव निवासी नगरिया यादवान थाना भरथना के रूप में की गई है और इसके ऊपर 30 से अधिक लूट छिनती और चोरी जैसे कई गंभीर मामले दर्ज है। वह एक महीने पहले ही इटावा जेल से बरी हुआ है। यह जनपद के भरथना थाना क्षेत्र का हिस्ट्री सीटर भी है। इसके पास से एक 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस दो खाली मिले।

# वकील की अचानक तबियत बिगड़ी, मौत

**इटावा।** सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत कचहरी पर अपेन चैम्बर में बैठे अधिवक्ता की अचानक तिबयत खराब हो गई और वह अचेत होकर गिर पड़े। उन्हें साथियों के द्वारा जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हर्षनगर निवासी अधिवक्ता सर्वेश कुमार पाठक 65 वर्ष पुत्र स्वामी स्वरूप पाठक सुबह रोजाना भी तरह कचहरी गए थे। कोर्ट में पेशी के बाद वह लौटकर अपने चैंम्बर में बैठे थे तभी उन्हें बैचेनी महसूस हुई और वह अचेत होकर गिर पडे। उसके साथी तुरंत उन्हें जिला अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# ट्रेन से कटकर युवक की गई जान

**इटावा।** थाना जीआरपी क्षेत्र के अंतर्गत जसवंतनगर रेलवे स्टेशन के समीप पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से पदम सिंह 45 वर्ष पुत्र राम भरोसे लाल निवासी नगला रामफल जसवंतनगर की मौत हो गई।

# पंचायत की जमीन से अवैध कब्जे हटवाये



अवैध कब्जे को हटवाती राजस्व विभाग की टीम व चलती जेसीबी।

संवाददाता महेकवा इटावा

**अमृत विचार**। विकास खंड क्षेत्र महेवा की ग्राम पंचायत कुंडरिया में श्रावस्ती माडल के तहत चलाए जा रहे कब्जा मुक्त अभियान के अंतर्गत पुलिस बल की मौजूदगी में राजस्व अधिकारियों ने नाप जोख करके 20 बीघा जमीन को खाली कराया वही ग्राम पंचायत ने उक्त भूमि पर कब्जा लेने के लिए मौके पर ही जेसीबी चलवा कर कब्जा कर लिया।

जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला के निर्देशन में चल रहे जनपद भर के अभियान के तहत एसडीएम भरथना एवं तहसीलदार भरथना के आदेश पर राजस्व टीम ने ग्राम कुंडरिया में पहुंचकर राजस्व निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में क्षेत्रीय लेखपाल प्रवीण कुमार, राहुल यादव, मनोज कुमार, राहुल गोयल आदि ने बकेवर थाने की पुलिस की मौजूदगी में गाटा संख्या 372 पौधरोपण, 371 नवीन परती एवं 578 मरघट की भूमि को खाली कराकर ग्राम पंचायत के सुपुर्द कराया एवं मौके पर ही जेसीबी चलवाकर स्थाई रूप से कब्जा मुक्त कराया। प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई से हड़कंप मच गया।

# दो पक्षों में मारपीट में तीन लोग हुए घायल

**ताखा।** सरसई नावर गांव में अपना मकान बनवा रहे रहे मां बेटे और भतीजे को गांव के ही लोगों ने पुरानी रंजिशन के चलते की लाठी डंडों और धारदार हथियारों से गंभीर रूप से घायल कर दिया।

ऊसराहार थाना क्षेत्र के सरसई नावर गांव निवासी कमलेश कुमार ने तहरीर में बताया कि उनका भाई अखिलेश, उनकी मां कालेंद्री देवी भतीजा हिमांशु अपने घर में काम करवा रहे थे तभी गांव के ही दबंग मनोज कुमार, अनोज कुमार, सुधीर कुमार, सौरभ, वेदराम, राधा देवी, सुनीता देवी व रानी ने घर में घुस कर मारपीट करने लगे जब तक वह कुछ समझ पाते तब तक उन्होंने तीनों लोगों को कांता से गंभीर रूप से घायल कर दिया और भाग गये। पीड़ित के भाई ने बताया कि गंभीर हालत में जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। थानाध्यक्ष ऊसराहार बलराम मिश्रा ने बताया कि दो पक्षों में मारपीट हुई जिसमें दोनों तरफ से घायल हुए जिसमें अखिलेश के गंभीर चोटें आयीं है जिसे जिला अस्पताल भर्ती कराया गया, मुकदमा दोनों तरफ से दर्ज किया।

# लोगों में कांग्रेस के प्रति तेजी से बढ़ रहा रुझान



बैठक में दिशा निर्देश देतीं प्रभारी सुमन तिवारी साथ में जिला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित।

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार**। जिला कांग्रेस कार्यालय पर संगठन सृजन की बैठक संपन्न हुई। इसमें जिले की ऑब्जर्वर सुमन तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश पर जो कार्य क्रम बनाए गए हैं वह समय से पूरे किए जा रहे हैं जनता का व्यापक सहयोग मिल रहा है जनता के बीच में कांग्रेस के प्रति रुझान बढ़ रहा है।

बैठक में जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने फ्लाइट ए 171 अहमदाबाद में मारे गए सभी लोगों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनके आत्मा की शांति की कामना की। पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव द्विवेदी ने कार्यक्रम का संचालन किया वर्तमान शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद, पूर्व जिलाध्यक्ष कीरत प्रसाद पाल, पीसीसी प्रशांत तिवारी, मीडिया प्रभारी सतीश नागर, वरिष्ठ कांग्रेसी संजय दोहरे, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष आसिफ जादरान, अंशुल यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कुसुम लता उपाध्याय, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरला जाटव, प्रदीप द्विवेदी, सरवर अली, ऋषभ राजपूत मैनपुरी के ऑब्जर्वर करण सिंह राजपूत, सोहेल वारसी, सुमित आदि रहे।

गर्मी का कहर जारी

## गुरुवार को 43 डिग्री के आसपास रहा तापमान, बिजली की आवाजाही से लोग हुए परेशान

# गर्म हवा व तपन से लोगों का निकलना मुश्किल

कार्यालय संवाददाता इटावा



गर्मी से बचने के लिए सिर ढककर निकलते लोग।





गर्मी के चलते सड़क पर पसरा सन्नाटा।

**अमृत विचार**। पिछले 5 दिनों से गर्मी ने जिस तरह के तीखे तेवर दिखाए हैं उसके चलते लोग काफी परेशान हैं। गुरूवार को भी तापमान 43 डिग्री पर रहा। इस भीषण गर्मी के कारण घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया। दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। लोग गर्मी से बचने के जतन करते रहे। शाम को सूर्यास्त के बाद ही लोग बाहर निकले। गर्मी की शुरुआत तो सुबह से ही हो जाती है और दोपहर को तो यह गर्मी बेचैन कर देती है। तापमान में एक डिग्री की मामूली कमी जरूर है लेकिन गर्मी पर इसका कोई असर नही दिखाई दे रहा है। गर्मी खूब परेशान कर रही है।

गर्मी का सितम सुबह से ही शुरू हो गया था जो लगातार जारी रहा। स्थिति यह रही कि रात में भी गर्म हवा ही चलती रही। हालांकि गुरुवार को देखने में धूप हल्की लग रही थी लेकिन गर्मी में कोई कमी नहीं थी। बाहर निकलने पर हाथ पैर जलने जैसी स्थिति हो रही थी। नौतपा तो शांति से गुजर गया लेकिन नौतपा के बाद से गर्मी में जो तेवर दिखाए है उससे लोग खासे परेशान है। अभी जल्दी ही इस गर्मी से राहत मिलती भी नहीं दिखाई दे रही है। गुरुवार की सुबह सूर्योदय के साथ ही गर्मी तेज होती चली जाती है और दोपहर 2 बजे तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया। गुरुवार को तो शाम को सूर्यास्त के बाद भी गर्म हवाएं चलती रही जिससे बाहर निकलना मुश्किल हो रहा था। दोपहर के समय तो सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा क्योंकि जिन्हें बहुत जरूरी काम था वही बाहर निकले अन्यथा लोग अपने घरों में ही बने रहे। रेलवे स्टेशन तथा रोडवेज बस स्टेशन पर भी लोगों को इसी भीषण गर्मी के बीच वाहनों का इंतजार करना पड़ा। बाजारों में दुकानदार इंतजार करते रहे लेकिन ग्राहक नहीं पहुंचे। रात होने के बाद ही कुछ चहल-पहल शुरू हुई। कचहरी और विकासभवन में भी काफी लोग पहुंचे।

# विद्युत चेकिंग में चार के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता बसरेहर इटावा





**अमृत विचार**। कस्बे में बिजली विभाग द्वारा चलाए गए बिजली चेकिंग अभियान के दौरान टीम ने चार लोगों को बिजली की चोरी करते हुए पकड़ लिया। पकड़े गए लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है साथ ही दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। साथ ही बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई होती रहेंगी। बिजली चोरी करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा और पकड़े जाने पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए जुर्माना भी लगाया जायेगा।

अवर अभियंता अजय पाल के नेतृत्व में लाइन मैन सुखवीर सिंह, राजेश, अमित, सर्जेश सिंह की टीम ने कस्बा में चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें चार लोगों को अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। ये लोग बाइपास कनेक्शन के जरिए बिना मीटर के सीधे लाइन से बिजली का इस्तेमाल कर रहे थे। विद्युत विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तुलसीराम पुत्र भीकम सिंह, अरविंद पुत्र जाहर सिंह, सुनील कुमार पुत्र मलखान सिंह, सुलभ दुबे उर्फ पिंटू पुत्र दिनेश चंद्र दुबे के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत केस दर्ज करते हुए करीब दो लाख रुपये का जुर्माना ठोका है। वहीं छह अन्य उपभोक्ता कम लोड के कनेक्शन लेकर उससे कई गुना अधिक बिजली का उपयोग कर रहे थे। विभाग ने तत्काल इनका लोड बढ़ाने की कार्यवाही करते हुए नोटिस जारी किए हैं।

बिजली विभाग के जे ई अजय पाल ने बताया चार लोगों के खिलाफ विद्युत विभाग में मुकदमा दर्ज कराया गया हैं। छ लोगों के लोड बढ़ाए गए हैं चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान का उद्देश्य उपभोक्ताओं को नियमों के तहत बिजली उपयोग के प्रति जागरूक करना और बिजली नुकसान को रोकना है।

- **दो लाख रुपये जुर्माना भी लगाया गया**
- **अवर अभियंता अजय पाल के नेतृत्व में चला अभियान**
- **कहा, आगे भी होती रहेगी इस तरह की चेकिंग**

# अभियान चला बालश्रमिकों को भेजें स्कूल : बबीता सिंह

## विकास भवन सभागार में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने सुनीं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान ने गुरुवार को विकास भवन सभागार में महिला कल्याण विभाग, बाल विकास पुष्टाहार विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वस्थ्य विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, अल्पसंख्यक विभाग, मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग द्वारा संचालित महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं एवं महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित प्रकरणों की पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए संबंधित को निर्देशित किया।

अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान ने संबंधित विभागों को एक शिकायत पेटिका लगाने के भी निर्देश दिये, जिससे कार्य स्थल पर होने वाली शिकायतों को उक्त पेटिका में डाल सकें। उन्होंने श्रम प्रवर्तन अधिकारी को निर्देश दिए कि वह जनपद में सघन अभियान चलाकर बाल श्रम के प्रति नियमानुसार कार्रवाई करें। बाल श्रमिकों को विद्यालय भिजवाए। सुनवाई के दौरान 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसको अध्यक्ष ने महिला थाना अध्यक्ष एवं सीओ सिटी को प्रार्थना पत्रों पर तत्काल कार्रवाई कराते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी के माध्यम से आयोग को प्रेषित कराने के निर्देश दिये। इसके बाद अध्यक्ष ने स्वशासीय राजकीय चिकित्सालय चिचौली में महिला विंग का निरीक्षण किया। वहीं गर्भवती-धात्री से वार्ता की एवं अस्पताल से मिलने वाले सुख सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और अस्पताल की साफ सफाई एवं दी जा रही सुविधाओं से संबंधित उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को सभी महिलाओं को लाभान्वित किया जाए। उसके बाद अस्पताल में 03 दिवस के अन्दर पैदा हुई 10 कन्याओं का केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया तथा धात्री महिलाओं को एक बेबी किट, एक फल की टोकरी, एक ममेन्टो प्रदान किया। धात्री महिलाओं ने अपनी बच्चियों के कन्या जन्मोत्सव के अवसर पर खुशी जाहिर की।


चिकित्सालय का निरीक्षण करतीं राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान।

- जनसुनवाई के दौरान आई 11 शिकायतें, अधिकारियों को दिए निस्तारण के निर्देश

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी महेंद्र पाल सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर, उपायुक्त स्वतः रोजगार, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन राम दुलारे,जिला प्रोबेशन अधिकारी अशोक कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी इन्द्रा सिंह, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी आशुतोष सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रदीप कुमार, महिला थानाध्यक्ष एवं रीना चौहान संरक्षण अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# कार ने ऑटो में मारी टक्कर, एक घायल

**औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के पंडित गेंदालाल दीक्षित चौराहा के आगे कोतवाली रोड महामाया कालीमाता मंदिर के आगे पानी की टंकी के सामने गुरुवार दोपहर 12:45 बजे पीछे से आ रही कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। इससे ऑटो पलट गया। ऑटो पलटने से ऑटो सवार एक सवारी गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायलावस्था में युवक को स्थानीय जिला संयुक्त विद्यालय में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मोहल्ला नरायनपुर निवासी शिवम गुप्ता 26 वर्ष पुत्र हरीओम गुप्ता ऑटो चालक अपने साथी निहाल के साथ गुरुवार की दोपहर करीब 12:50 बजे मंडी समिति में सब्जी खरीदने के लिए जा रहा था। जैसे ही ऑटो स्थानीय पंडित गेंदालाल दीक्षित चौराहा कोतवाली रोड स्थित पानी की टंकी के सामने पहुंचा उसी समय पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। इससे ऑटो पलट कर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इसके साथ ही कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। ऑटो सवार शिवम ऑटो में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में ऑटो चालक निहाल ने निजी साधन से स्थानीय जिला संयुक्त चिकित्सालय औरैया में भर्ती कराया। यहां से शिवम को रेफर कर दिया गया।


कथा का रसपान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# अच्छे रास्ते पर चलने का संकल्प जरूरी

संवाददाता फफूंद, औरैया

- श्री मद्भागवत कथा के चौथे दिन आचार्य ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई

**अमृत विचार।** कस्बा के अस्तल धाम मंदिर में सहजानंद की यादगार में सात दिवसीय श्री मद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन वृंदावन धाम से पधारे आचार्य अर्पण त्रिवेदी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान कथा पंडाल में प्रसिद्ध भजन नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की पर सभी श्रद्धालु काफी देर तक झूमते व थिरकते रहे। जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर कथा पंडाल को गुब्बारे व फूलों से सजाया गया था।

आचार्य ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर व्याख्यान किया। कथावाचक ने कहा कि जब-जब अत्याचार, अनाचार व अन्याय बढ़ा है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। अत्याचार को समाप्त कर धर्म की स्थापना को लेकर ही प्रभु का अलग-अलग रूपों में अवतार होता है। जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड़ दी, तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। कथा के दौरान वासुदेव, यशोदा व श्रीकृष्ण के बाल-रूप की झांकी देख सभी श्रद्धालु जयकारा लगाने लगे। प्रवचन के क्रम में कथावाचक ने कहा कि जीवन में अच्छे रास्ते पर जाना है, तो संकल्प लेना जरूरी है। हर बच्चे को अपने माता-पिता व गुरू की बातों को मानना चाहिए. जिन बच्चों के ऊपर माता-पिता का आशीर्वाद है, उन्हें संसार में सब कुछ प्राप्त है। हर एक माता-पिता को चाहिए कि अपने साथ बच्चों को भागवत कथा, सत्संग, कीर्तन में जरूर साथ लाएं। धर्म की कथा सुनने से बच्चों में अच्छी संस्कार आती है। वहीं सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के आयोजन से कस्बे के मोहल्ला बाबा का पुर्वा में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। भागवत कथा दोपहर दो से शाम 5 बजे तक चल रही है। मंदिर के महंत ने क्षेत्रीय लोगों से अपील की ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर भागवत कथा का रसपान करे और पुण्य के भागीदार बनें।


आचार्य अर्पण त्रिवेदी।

# किशोरी के अपहरण और रेप में आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- दोषी पर 45 हजार रुपये का अर्थ दंड भी लगाया

**अमृत विचार।** थाना दिबियापुर क्षेत्र अंतर्गत आठ साल पुराने किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाया। विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम अखिलेश्वर प्रसाद मिश्र ने दोषी दीपू उर्फ लल्ला को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 45 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया।

अभियोजन की ओर से मामले की पैरवी कर रहे विशेष अभियोजक पाक्सो मृदुल मिश्र ने बताया कि थाना दिबियापुर में पीड़िता के पिता ने रिपोर्ट लिखाई। वादी ने रिपोर्ट में बताया कि वह अनुसूचित जाति का है। 22 सितंबर 2017 की शाम पांच बजे उसकी नाबालिग पुत्री को बैंक आफ इंडिया दिबियापुर से ग्राम गोपियापुर थाना फफूंद निवासी दीपू उर्फ लल्ला यादव बहला फुसलाकर भरथना ले गया। वहां से बस द्वारा बिधूना की तरफ रास्ते में बस रुकवाकर उतार लिया। आरोप है कि उसे एक घर में ले जाकर रोका गया, जहां रात में दीपू उर्फ लल्ला यादव ने दुष्कर्म किया। मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। यह मुकदमा विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम कोर्ट में चला। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक पाक्सो ने गम्भीर अपराध करने वाले को कठोर दण्ड देने की बहस की। दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश अखिलेश्वर प्रसाद मिश्र ने निर्णय सुनाया। जमा कराई गई अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को अदा करने का भी आदेश दिया। दोषी को जिला कारागार इटावा भेज दिया गया।



# पुलिस में चयनित युवा प्रशिक्षण के लिए रवाना

**दिबियापुर, औरैया।** डॉ. भीम राव अम्बेडकर एजुकेशनल सोसाइटी से निःशुल्क शिक्षा लेकर विगत पुलिस आरक्षी की परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों को उनके गुरुजनों और मार्गदर्शकों ने मिलकर उन्हें प्रशिक्षण पर जाने के लिए बड़ी खुशी के साथ विदा किया। संस्था के संस्थापक धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि उनका प्रयास है कि विशेष उन छात्रों के लिए जो इस तरह की तैयारी करने में आर्थिक रूप से पिछड़े हैं। वह लगातार प्रयास कर रहे हैं और ऐसे ही आगे भी करते रहेंगे। यहां से शिवम, अभिषेक कुमार, वीर कुमार, अनुज कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार का चयन पुलिस आरक्षी में एवं सुदीप कुमार का चयन पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग में एमटीएस के पद पर हुआ है। सभी छात्रों को संस्था के अध्यक्ष आनंद कुमार आर्य ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# छह इंटर लॉकिंग सड़कों का लोकार्पण, ग्रामीणों को राहत

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** ब्लाक अछल्दा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कन्हो में मुख्यमंत्री पुरस्कार योजना के अन्तर्गत ग्राम पुर्वा आशा में आधा दर्जन इंटर लाकिंग सड़कों का निमार्ण कार्य कराया गया है। जिसका जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त यादव ने फीता काट कर उद्घाटन करते हुए सड़कों को जनता को समर्पित की और कहा कि इस ग्राम पंचायत का विकास कार्य धरातल पर दिखाई पड़ रहा हैं। जबकि ब्लाक क्षेत्र की अन्य ग्राम पंचायत में विकास कार्य इतने तेजी से नहीं कराये गये हैं। जितने तेजी से विकास कार्य ग्राम पंचायत कान्हों में कराये गये है।

प्रधान पारुल दोहरे के साथ विकास कार्य में तेजी से काम करने वाले ग्राम पंचायत अधिकारी सवेद कुमार का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। ग्राम पंचायत में विकास कार्य के साथ साथ लोगों को हर सुविधाये उपलव्ध कराने में इनका अथक प्रयास रहा है इन सड़को के बनने से ग्रमीणो को आवागमन में सुविधा मिलेगी। प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार ने बताया कि प्रधान पारुल दोहरे ने ग्राम सभा की हर कार्य योजना में विकास कार्यों का खाका तैयार करके उसको असली जामा पहनाने का पूरा प्रयास किया है। उन्होंने ग्राम पंचायत के विकास कार्यों को पूरा कराके शहरी सुविधाये मुहैया कराने का प्रयास किया है, जिससे ग्राम पंचायत के बाशिदो को सरकारी योजनाओ का भरपूर लाभ मिल सके। प्रधान ने सरकार की महात्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ ग्रामीणो को दिलाया है। ग्राम पंचायत सचिवालय में पंचायत के लोगो के काम निशुल्क किये जा रहे है। ग्राम पंचायत में तेजी से विकास कार्य कराए गए है। ग्राम पंचायत में निर्माण बिजली पानी सड़क जल निकासी की व्यवस्था बेहतर बनाई गई है।

हर काम दूरदर्शिता से कराया गया हैं पंचायत को शहरी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए पहल जारी है। प्रधान ने प्रस्तावित कार्यों का योजनाबद्ध तरीके से निर्माण कराया।



सड़क का लोकार्पण करते डीपीआरओ श्रीकान्त यादव। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### युवती को परेशान व शादी के लिए दबाव बनाने में तीन पर रिपोर्ट

**अयाना, औरैया।** थाना के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि बिधूना के एली निवासी शिवम उर्फ गोलू व सचिन की उसके गांव में रिश्तेदारी है। दोनों युवक उसकी बेटी को आए दिन परेशान करते हैं। आरोपी बेटी पर शादी करने का दबाव बनाकर धमकी देते हैं। इसमें गांव का अमन भी आरोपियों का सहयोग करता है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### भूमि प्रबंधक समिति की बैठक आज

**औरैया।** तहसील बिधूना क्षेत्र के ब्लाक सहार की ग्राम पंचायत गपचरियापुर (इंगुर्रा) की भूमि प्रबंधक समिति की बैठक 13 जून को समय 10 बजे पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान कुसमा देवी की अध्यक्षता में होगी। यह जानकारी लेखपाल /सचिव भूमि प्रबंधक समिति रोहित पाठक ने दी ।

### 10 हजार रुपये का इनामी गिरफ्तार

**बिधूना, औरैया।** अपराधियों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। नरेन्द्र उर्फ पिंटू पुत्र मुलायम सिंह निवासी फतेहपुर करमपुर औरैया को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान ने मय टीम के साथ कमलपुर नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी नरेन्द्र उर्फ पिंटू पुत्र मुलायम सिंह पर आरोप है कि वह अपने अन्य साथियों के साथ ग्रुप में बस, आटो, ईरिक्शा आदि में बैठकर सवारियों के बैग से गहने, पैसे आदि टप्पेबाजी व चोरी कर फरार हो जाता है। आरोपी के विरुद्ध बिधूना, औरैया, इटावा ,जालौन, आगरा आदि जनपदों में एक दर्जन से अधिक मुकदमे पंजीकृत बताए जा रहे हैं। उस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

### तालाब का करवाया जाएगा सौंदर्यीकरण हुआ भूमि पूजन

**अटसू, औरैया।** नगर पंचायत अटसू के श्री नगर में लगभग 40 लाख रुपयों से पूर्वा के तालाब का सौंदर्यीकरण करवाया जाएगा। गुरुवार को मदन मोहन उपाध्याय निवासी श्री नगर अटसू के द्वारा भूमि पूजन किया गया। स्वदेश प्रकाश पोरवाल नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बताया कि लाइट फेंसिंग, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, समर सेविल वृक्षा रोपण और पर्यटकों को बैठने के लिए कुर्सियों आदि की व्यवस्था की जाएगी। विकास कुमार अधिशाषी अधिकारी ने मीडिया को बताया कि तालाब के सौंदर्यीकरण होने से सुबह शाम टहलने के लिए उच्च व्यवस्था हो जाएगी। अवसर पर स्वदेश प्रकाश पोरवाल नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, विकास कुमार अधिशाषी अधिकारी, राम नरेश गुप्ता राजस्व निरीक्षक, धर्वेद्र शुक्ला लेखपाल आदि मौजूद थे।

# भीषण गर्मी का प्रकोप, पारा 44 डिग्री पार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिले में पड़ रही झुलसाती गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। तापमान लगातार बढ़ते हुए 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। जिससे आम लोगों के लिए दिन में घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी गर्मी से राहत की कोई संभावना नहीं जताई है। दोपहर के समय जिले के सभी कस्बों की सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। लोग आवश्यक कार्यों को भी टालने पर मजबूर हैं। सबसे अधिक परेशानी रोज खाने कमाने वाले दिहाड़ी मजदूरों को काम पर जाने के कारण हो रही है। गर्म हवाओं और लू के थपेड़ों ने स्थिति और भी गंभीर बना दी है।गर्मी का असर स्वास्थ्य सेवाओं पर भी देखने को मिल रहा है। सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में हीट स्ट्रोक से पीड़ित मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। बुजुर्ग, बच्चे और पहले से बीमार लोग विशेष रूप से प्रभावित हो रहे हैं जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वह अत्यधिक आवश्यक न हो तो धूप में बाहर निकलने से बचें। पानी और तरल पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें, हल्के कपड़े पहनें और शरीर को ढक कर रखें। स्कूलों और संस्थानों को भी विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। भीषण गर्मी के इस दौर में सतर्क रहना ही सबसे बड़ा बचाव है। खुद को और अपने परिजनों को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी उपाय अपनाएं। प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करें और किसी भी स्वास्थ्य समस्या की स्थिति में तुरंत चिकित्सा सहायता लें।

# खून से लथपथ युवक का शव मिला, पहचान नहीं

संवाददाता, एरवाकटरा, औरैया

**अमृत विचार।** उपरैन क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमपुरा में एक युवक का शव खून से लथपथ मिला है। पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास कर रही है।

थाना पुलिस चौकी उमरैन क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमपुरा में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के नाला पुलिया के पास बुधवार की रात युवक का शव खून से लथपथ मिला। सूचना पर एसपी अभिजीत आर शंकर व सीओ पुनीत मिश्रा मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। आसपास मौजूद लोगों से मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी।


सपा में शामिल हुए भाजपाई। अमृत विचार

# भाजपा छोड़ कर सपा में शामिल हुए कई नेता

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लखनऊ में बुधवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व एवं समाजवादी पार्टी की नीतियों में आस्था जताते हुए बड़ी संख्या में औरैया के कई प्रभावशाली नेता समाजवादी पार्टी में शामिल हो गये। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने सभी को समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए उम्मीद जताई कि उनके आने से समाजवादी पार्टी को विधानसभा चुनाव 2027 में मजबूती मिलेगी।

समाजवादी पार्टी कार्यालय लखनऊ पहुंचकर बुधवार को पूर्व सांसद एवं विधायक दिबियापुर प्रदीप यादव की प्रेरणा से भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए अरविन्द कुमार पोरवाल दिबियापुर औरैया के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रहे है। इस क्षेत्र के वरिष्ठ व्यापारी गोविन्द पोरवाल एवं दीपक गुप्ता पूर्व सभासद रजत यादव चेयरमैन रेडक्रास सोसायटी औरैया, डॉ. कप्तान सिंह पाल जो पूर्व जिला यूनानी एवं आयुर्वेद अधिकारी भी रहे है तथा राष्ट्रीय धनगर महासभा के जिलाध्यक्ष संजीव धनगर सहित मोहित पाल एवं बारेलाल पाल ने भी दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव के साथ लखनऊ पहुंचकर पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद इरशाद कुरैशी, अजय यादव छात्र सभा जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ समाजसेवी प्रधान प्रतिनिधि अनुज यादव सपा लोहिया वाहिनी राष्ट्रीय सचिव व यादव महासभा के जिला अध्यक्ष, अजय पाल जिला उपाध्यक्ष छात्र सभा, अजीत पाल, त्रिभवन पाल, जगदीश पाल, अनिल पाल, शिवकुमार पाल, संतोष पाल, सीताराम पाल, शिवम पाल, मनजेश पाल, धर्मपाल, भगवानदीन पाल, अभिषेक चौधरी, अनिल यादव, अजय यादव, लालजी पाल प्रमुख रूप से मौजूद थे।

सम्मान समारोह | मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित, सीएम का देखा सीधा प्रसारण

# मेधावियों की मेहनत को मिला सम्मान, आत्मविश्वास से चमके चेहरे

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में राज्य टापर्स/जनपद के टॉप 10 में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को टेबलेट, प्रोत्साहन राशि एवं मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ। इसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में दिखाया गया। इस दौरान जन प्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सर्वेश कठेरिया ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो जीवन को नई दिशा देती है और व्यक्ति को समाज के लिए उपयोगी बनाती है। आज मंच पर सम्मानित हो रहे मेधावी छात्र-छात्राएं न केवल अपने माता-पिता और शिक्षकों की मेहनत का परिणाम हैं, बल्कि यह प्रमाण हैं कि परिश्रम और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। पूर्व विधायक लाखन सिंह राजपूत ने बच्चों के साथ शिक्षकों का भी हौसला बढ़ाते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में योगदान देते हुए शिक्षकों ने भी ऐसा परिवेश तैयार किया जिस पर होनहारों ने सफलता की इबारत गढ़ी। छात्रों को प्रोत्साहन देते हुए कहा कि जो छात्र-छात्राएं सम्मान से वंचित रह गए वो भी सही दिशा में मेहनत कर आगे बढ़ें व विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि खेल जगत को भी मुख्यमंत्री ने विशेष प्रोत्साहन दिया।



मानस सभागार में जन प्रतिनिधि व अधिकारियों के साथ सम्मानित हुए मेधावी छात्र।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सजीव प्रसारण देखते अधिकारी। अमृत विचार

जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्या केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक मोड़ पर दिशा देने वाला प्रकाश है। जो विद्यार्थी आज मंच पर सम्मानित हो रहे हैं, वे न सिर्फ अपने माता-पिता का, बल्कि पूरे जनपद और प्रदेश का गौरव हैं। आप सब अपने व्यवहार, मेहनत और संस्कार से समाज के लिए उदाहरण बनें। उन्होंने आगे कहा सच्ची सफलता वही है, जो दूसरों को प्रेरित करे और समाज को आगे बढ़ाने में सहायक बने। छात्रों को चाहिए कि वे अपनी उपलब्धियों को केवल व्यक्तिगत स्तर पर सीमित न रखें, बल्कि दूसरों के लिए भी ज्ञान का स्रोत बनें। शिक्षक व अभिभावक समाज की नींव हैं, और जब इनका मार्गदर्शन छात्रों को मिलता है, तो असंभव भी संभव हो जाता है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व दिबियापुर विधायक व जिलाधिकारी ने माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में राज्य/जनपद के टॉप 10 में स्थान प्राप्त करने वाले हाईस्कूल के 09 एवं इन्टरमीडिएट के 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को 21 हजार का चेक, टेबलेट, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली जनपद की एक छात्रा को लखनऊ में सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक गंगा सिंह राजपूत, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार, प्रिंसिपल राजकीय हाईस्कूल कमलेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### अंबेडकरनगर में आज लाभार्थी किसानों को चेक देंगे मुख्यमंत्री योगी

अमृत विचार, लखनऊ : दुर्घटना में किसी किसान की मृत्यु-दिव्यांगता आदि होने पर आश्रितों/परिवारों के लिए मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना संबल बनी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत अब तक प्रदेश के सभी 75 जिलों में 11690 लोगों के आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। इन्हें योगी सरकार द्वारा 5 अरब, 61 करोड़, 86 लाख, 28 हजार 200 रुपये की सहायता देगी। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को अंबेडकर नगर के शिवबाबा मैदान में जिले के 431 लोगों को सहायता राशि का चेक प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत शुक्रवार को अंबेडकर नगर के शिवबाबा मैदान में जिले के 431 लोगों को सहायता राशि का चेक प्रदान करेंगे। इसमें 408 लोगों को पांच लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। 10 लोगों को ढाई लाख, एक किसान परिवार को 1.25 लाख व 12 लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि का डेमो चेक प्रदान किया जाएगा।

### बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में यूपी सरकार की सराहना

अमृत विचार, लखनऊ : श्रम मंत्री अनिल राजभर ने स्विट्जरलैंड की राजधानी जिनेवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में बाल श्रम पर आयोजित एक महत्वपूर्ण सत्र में भाग लिया। इसमें अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने सभी प्रकार के बाल श्रम को समाप्त करने की सख्त आवश्यकता पर बल दिया। बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। मंत्री अनिल राजभर ने अटल आवासीय विद्यालयों को श्रमिकों के बच्चों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्कूली शिक्षा प्रदान करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया। साथ ही उन्होंने वैश्विक समुदाय से इस अभिनव मॉडल का अनुसरण करने का आग्रह किया।

# प्रदेश भर में जारी रहा बिजली संकट

## बिजली की मांग और बढ़ी, अधिकतम मांग 31,457 मेगावाट दर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हर हाल में दुरुस्त की जाए बिजली आपूर्ति : अध्यक्ष

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के कहर के बीच प्रदेश में बिजली की मांग और बढ़ गई है। अधिकतम मांग 31,457 मेगावाट दर्ज की गई। बिजली की मांग के शीघ्र 32 हजार मेगावाट तक पहुंचने के आसार बन गए हैं। इस बीच, स्थानीय खराबी के कारण राजधानी समेत प्रदेश भर में बिजली संकट जारी रहा। उप्र. पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने गर्मी को देखते हुए अधिकारियों को बेहतर बिजली आपूर्ति के लिये कड़े निर्देश दिये।

शक्ति भवन में समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि अधिकारी अपने क्षेत्रों में भ्रमण करें और बिजली बाधित होने की जानकारी संचार माध्यमों से साझा करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कार्मिक फोन जरूर 'रिसीव' करें, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाये। वरिष्ठ अधिकारी बिजली बाधित होने पर मौके पर पहुंचें। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी रोकने के लिए प्रयास तेज किये जाएं। उपभोक्ता सेवा 1912 पर दर्ज होने वाली शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए। अध्यक्ष ने कहा कि गर्मी और लू के इस मौसम में सामान्य 'शटडाउन' न लिए जाएं। बिजली कटौती न की जाए। कहीं भी ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने, तार गिरने व ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि पारेषण व वितरण के अधिकारी परस्पर सामंजस्य स्थापित कर कार्य करें, जिससे पारेषण के कारण बिजली आपूर्ति बाधित न होने पाये।

### कई जिलों में हल्की से तेज बारिश के आसार

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में मॉनसून 15 जून तक दस्तक दे सकता है, लेकिन इससे पहले इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। हर दिन तापमान नया रिकॉर्ड बना रहा है। इस बीच मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम उत्तर प्रदेश में अगले 2-3 दिन काफी कठिन हो सकते हैं। यहां तेज गर्मी और लू चलने की पूरी संभावना है। तापमान और बढ़ सकता है, इसलिए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। आईएमडी के मुताबिक, पूर्वी उप्र. में शुक्रवार से मौसम में बदलाव हो सकता है। पूर्वी यूपी के कई जिलों में हल्की से तेज बारिश के आसार हैं। इससे तापमान में गिरावट आएगी और गर्मी से राहत मिलेगी। वहीं, मौसम विभाग का यह भी कहना है कि फिलहाल मॉनसून बंगाल और महाराष्ट्र में है, लेकिन 15 जून तक उत्तर प्रदेश में भी दस्तक देगा, जिससे गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। जिन जिलों में लू की चेतावनी दी है, उनमें जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, कानपुर देहात, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, हाथरस, औरैया, झांसी, मथुरा, ललितपुर और अलीगढ़ जिले शामिल हैं।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा 15 से, पर्यटन मंत्री दिखाएंगे हरी झंडी

**अमृव विचार, लखनऊः** कैलाश मानसरोवर यात्रा 15 जून से शुरू होगी। पर्यटन मंत्री हरी झंडी दिखाकर जत्थे को रवाना करेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन में ठहरने वाले तीर्थयात्रियों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। आगंतुकों को शुद्ध सात्विक भोजन परोसने की व्यवस्था भू-तल पर स्थित भोजनालय में होगी। यात्रियों के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षित योग गुरुओं के सानिध्य में योग कराया जाएगा। भजन संध्या का आयोजन भी होगा। यूपीएसटीडीसी द्वारा यात्रा भवन परिसर में तीर्थयात्रियों के लिए आध्यात्मिक और सनातन साहित्य उपलब्ध करायी गई है।

# दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल देने का बढ़ेगा दायरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने की योजना बनाई है। भारत सरकार की सहायता प्राप्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण (एडिप) योजना के तहत मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल और सहायक उपकरणों के वितरण को आने वाले समय में और व्यापक स्तर पर ले जाया जाएगा।

हाल ही में प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 100 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित करने के बाद, सरकार अब इस पहल को विस्तार देने की तैयारी में है। मांग और पात्रता के आधार पर सभी पात्र दिव्यांगजनों को यह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए व्यापक सर्वेक्षण और सत्यापन प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि अर्जुन पोर्टल पर लाभार्थियों की सूची को और सटीक बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का उपयोग बढ़ाया जाएगा, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और डुप्लीकेसी की संभावना खत्म होगी। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के लिए 2 करोड़ रुपये और सहायक उपकरणों के लिए 37.40 करोड़ रुपये के बजट का उपयोग प्रभावी ढंग से करने की रणनीति तैयार की जा रही है।

# साइबर ठगों के अंतरराष्ट्रीय गिरोह का खुलासा, 15 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ के पीजीआई क्षेत्र से चल रहा था ठगी का धंधा
- 70 मोबाइल, 12 लैपटॉप, 115 एटीएम कार्ड, 25 चेकबुक, 53 पासबुक, 38 सिम कार्ड बरामद

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर गिरोह के 15 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह श्रीलंका, सिंगापुर, दुबई से भारत में संचालित हो रहा था।

डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित के मुताबिक, पुलिस को बुधवार शाम को सूचना मिली कि पीजीआई इलाके में शामिया मेल रोड स्थित एक अपार्टमेंट के पेंटा हाउस में कुछ संदिग्ध गतिविधियां चल रही है। जानकारी मिलने के बाद साइबर क्राइम थाने, साइबर क्राइम सेल और पीजीआई पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई। टीम ने पेंटा हाउस में दबिश दी। मौके से 15 युवक पकड़े गये। उनके पास से 70 मोबाइल, 12 लैपटॉप, 115 एटीएम कार्ड, 25 चेकबुक, 53 पासबुक, 38 सिम कार्ड और फर्जी दस्तावेज बरामद हुए।

**ये आरोपी पकड़े गये :** डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों में लखीमपुर के पलिया स्थित सैय्यदपुर का हरिप्रीत सिंह, बिहार के सिवान स्थित मैरवा का अभिषेक कुमार राजभर, आशीष कुमार, सिवान के हुसैनगंज का मन्नू कुमार, रितेश सिंह, इप्तेखार अली, शुभम सोनी, सोनू अली, छपरा स्थित सहाजिदपुर का रवि सिंह, करन कुमार, विकास कुमार, रितेश सिंह, संजीव कुमार और मध्यप्रदेश के भोपाल स्थित खजुरी नाका का मनीष कुमार और देवरिया के खामपार का संदीप कुमार शामिल है।

# कानपुर-मथुरा में बनेंगे एकीकृत सरकारी कार्यालय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



'विजन 2030' योजनाओं की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

- मुख्यमंत्री ने की मथुरा-वृंदावन और कानपुर की 'विजन 2030' योजनाओं की समीक्षा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा और कानपुर में जिला व मंडल स्तरीय सभी सरकारी कार्यालयों को एक ही परिसर में स्थापित करने के निर्देश दिए है। कहा कि इन दोनों नगरों में इंटीग्रेटेड कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि इन परिसरों में अधिवक्ताओं के लिए उपयुक्त चैम्बर, पार्किंग की समुचित व्यवस्था, भोजनालय (फूड कोर्ट) और अन्य नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इससे अनेक कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी।

मुख्यमंत्री गुरुवार को मथुरा-वृंदावन और कानपुर महानगर के लिए तैयार 'विजन 2030' योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारी तथा मथुरा और कानपुर प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान दोनों नगरों से संबंधित प्रस्तुतिकरणों का विस्तृत अवलोकन किया गया।

मथुरा-वृंदावन के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन से यातायात और सार्वजनिक सुविधाओं पर भारी दबाव पड़ता है, जिससे निपटने के लिए दीर्घकालीन नगर नियोजन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए समेकित अधोसंरचना विकास के माध्यम से रोजगार के नए अवसर भी सृजित किए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मथुरा और कानपुर नगरों का यह समग्र विकास 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने का सशक्त माध्यम बनेगा।

# भाजपा को सत्ता से बाहर करेगा लोकमोर्चा

## स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा- नौ दलों का गठबंधन मिलकर करेगा काम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेस के दौरान सहयोगी दलों के प्रमुखों के साथ अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य।

**अमृत विचार :** अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि समान विचारधारा वाले नौ दलों का गठबंधन लोकमोर्चा 2027 में भाजपा को सत्ता से बाहर करने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था फेल हो चुकी है। हर वर्ग के लोग त्रस्त हो रहे हैं, ऐसे में भाजपा का सत्ता से बाहर किया जाना जरूरी है। मौर्य गुरुवार को एक होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि नौ दलों के प्रमुखों ने उन्हें प्रदेश का भावी मुख्यमंत्री घोषित किया है, वह सभी दलों को साथ में लेकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी दल स्वतंत्र तौर पर अपने आयोजन करेंगे, इस बीच लोकमोर्चा के नेतृत्व में संयुक्त कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने मोर्चा की सरकार बनने पर सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय व राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए हिस्सेदारी आधारित 'कॉमन मिनिमम प्रोग्राम' के तहत कार्य करेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोर्चे में शामिल राष्ट्रीय समानता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती लाल शास्त्री, सम्यक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजामणि सुव्वैया राय, जनसेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनेश ठाकुर, पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिद्धार्थ, सर्वलोकहित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्य नारायण मौर्य, स्वतंत्र जनता राज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम कोरी, सबका दल यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद लोधी व लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद राजकुमार सैनी मौजूद रहे।

### 38 एफआरयू में रेडियोलॉजिस्ट तैनात मिलेगी अल्ट्रासाउंड की सुविधा

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभिन्न जिलों में निष्क्रिय एफआरयू (फर्स्ट रेफरल यूनिट) में अल्ट्रासाउंड एवं एलएसएए प्रशिक्षण प्राप्त 38 डॉक्टरों को तैनात किया गया है। जिसके बाद गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतन पाल सिंह सुमन ने गुरुवार को बताया कि पीएमएस में रेडियोलॉजिस्टों की कमी है, इसलिए एमबीबीएस डॉक्टरों को अल्ट्रासाउंड का प्रशिक्षण दिलाया जाता है। उक्त क्रम में संभल के असमोली सीएचसी पर तैनात डॉ.संदीप सिंह को जिला चिकित्सालय में तैनात किया गया है। इन्होंने एलएसएएस का प्रशिक्षण लिया है। इसी प्रकार डॉ.अर्चना यादव को बरेली गवर्नमेंट हेल्थ स्कूल से हटाकर संभल के जिला चिकित्सालय में स्थानान्तरित किया गया, इसके अलावा डॉ.उत्कर्ष त्रिपाठी को ललितपुर के सीएचसी मडावरा में तैनात किया गया है। कुल 38 डॉक्टरों को प्रशिक्षण के बाद दूसरे एफआरयू में तैनात किया गया है।

# दाखिला न लेने पर धरोहर राशि होगी जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मेडिकल व डेंटल कॉलेजों में पीजी में दाखिले के लिए दिशा-निर्देश जारी

**अमृत विचार :** प्रदेश में स्थित मेडिकल कॉलेजों एवं डेंटल कॉलेजों में स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में दाखिले के लिए कवायद शुरू हो गयी है। इसके लिए एमबीबीएस व बीडीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को नीट पीजी 2025 परीक्षा देनी होगी। प्रथम काउंसिलिंग में आवंटित सीट पर दाखिला न लेने पर कोई नुकसान नहीं पड़ेगा, मगर दूसरी व तीसरी काउंसिलिंग में सीट आवंटन के बाद दाखिला न लेने की सूरत में अभ्यर्थी द्वारा जमा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। आरक्षण के नियमानुसार निर्धारित सीटों पर एमडी, एमएस, डिप्लोमा, डीएनबी और एमडीएस में दाखिले मिलेंगे।

चिकित्सा शिक्षा प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने दाखिलों को लेकर शासनादेश किया है। शासनादेश के अनुसार, 31 मार्च 2025 तक इंटर्नशिप पूरी करने वाले अभ्यर्थी ही नीट पीजी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे, नीट पीजी परीक्षा में प्राप्तांकों की मेरिट सूची बनेंगी, जिसके आधार पर अभ्यर्थियों को कांउसिलिंग के बुलाया जाएगा और रिक्त सीटों के सापेक्ष उन्हें सीट आवंटित की जाएगी। साथ ही एमडी, एमएस, डिप्लोमा व डीएनबी की काउंसिलिंग में प्रतिभाग वहीं अभ्यर्थी करेंगे जिनकी इंटर्नशिप 31 जुलाई 2025 को पूर्ण हो चुकी होगी।

उक्त काउंसिलिंग में केवल राजकीय कोटे की सीटें ही शामिल की जाएंगी, जबकि अलीगढ़, मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, एम्स रायबरेली एवं एम्स गोरखपुर से एमबीबीएस व बीडीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को छोड़कर राज्य के अन्य सभी मेडिकल कॉलेजों, डेंटल कॉलेजों से एमबीबीएस, बीडीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थी अर्ह होंगे।

शासनादेश के अनुसार, पीजी की कुल सीटों में 21 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिए, दो प्रतिशत अनुसूचित जन जाति, 27 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग और 10 प्रतिशत सीटें ईडब्लूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होंगी।

# जनता की संतुष्टि ही बनेगी जिलाधिकारियों की कार्यशैली का प्रमाण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सभी डीएम के कार्यों की हो रही नियमित मॉनिटरिंग, योजनाओं का हो रहा जमीनी मूल्यांकन

**अमृत विचार :** जनता की संतुष्टि ही अब यूपी के जिलाधिकारियों की कार्यशैली का प्रमाणपत्र होगी। मुख्यमंत्री कार्यालय से सभी जिलों के डीएम के प्रशासनिक कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग हो रही है। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के वास्तविक प्रभाव का जमीनी मूल्यांकन भी किया जा रहा है। ऐसे में सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में टॉप टेन में आने को लेकर सभी जिलों के डीएम के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ी है।

दरअसल, रैंकिंग के लिए कुल 10 नंबर निर्धारित है। कुल निर्धारित अंकों में से अधिकतम अंक पाने के आधार पर ही जिलों की रैंकिंग तय की जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह डैशबोर्ड तैयार किया गया है। ताकि योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से जनता तक पहुंचे और जमीनी स्तर पर प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। हाल ही में राज्य सरकार ने अप्रैल 2025 के लिए सीएम डैशबोर्ड की नवीनतम रैंकिंग जारी की है। इसमें यूपी के टॉप 10 आईएएस अधिकारियों की सूची जारी की गई, जो जनसेवा में समर्पण के लिए टॉप पर रहे हैं। इसमें महराजगंज के जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा टॉप पर रहे हैं। वहीं, इस सूची में आईएएस राजेश कुमार पांडेय, आईएएस दुर्गा शक्ति नागपाल समेत कई नाम शामिल हैं। बता दें कि यह रैंकिंग जनसुनवाई, कानून-व्यवस्था, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, राजस्व सुधार और समग्र विकास कार्यों के आधार पर तैयार की गई है।

### सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जगह बनाने को बढ़ी प्रतिस्पर्धा

जिलाधिकारियों में प्रतिस्पर्धा का आलम समझना हो तो उदाहरण के तौर पर लखीमपुर जिले को लिया जा सकता है। बीते दिनों सीएम डैशबोर्ड में लखीमपुर के पिछड़ने के पीछे चार विभागों के अफसरों की लापरवाही सामने आई थी। स्वास्थ्य, समाज कल्याण, बेसिक शिक्षा विभाग और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में लापरवाही की वजह से जनपद की रैंक गिर गई थी। राजस्व वसूली में भी जिला काफी पिछड़ गया था। डीएम को संबंधित अफसरों को चेतावनी जारी करनी पड़ी थी। हालांकि ताजा रैंकिंग में कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा के मोर्चे पर लखीमपुर का कार्य सराहनीय रहा और इस बार रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर ही लिया। वहीं, बरेली डीएम अविनाश सिंह ने भी शहरी योजनाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में अग्रणी रहते हुए टॉप टेन में जगह बनायी। इसी तरह श्रावस्ती, कुशीनगर, ललितपुर, हरदोई और मुजफ्फरनगर जैसे कुछ अन्य जिले भी इस बार अलग-अलग मोर्चों पर सफल होकर जनता को संतुष्ट करने में कामयाब रहे।

## वर्ग पहेली- 460

**बाएं से दाएं**

4. दुकानों पर चाय की प्रचलित मात्रा में कटौती करके दी जाने वाली चाय, आधा कप चाय।
5. वह व्यक्ति या संस्था जो वस्तुओं की बिक्री आदि का प्रबंध करती है, बिक्री प्रबंधक, (डिस्ट्रीब्यूटर)।, वितरण करने वाला, बांटने वाला।
6. (पुराण) पिता या पितृतुल्य व्यक्ति- पिता
7. एक प्रकार का बाजा, झांझ।, 1. झालने (अर्थात धातु की चीज़ों को टाँका लगाकर जोड़ने) की क्रिया या भाव 2. गंध, स्वाद आदि की तीव्रता, स्वाद का चरपरापन या तीक्ष्णता।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सृष्टि, संसार जगत, 2. भीड़-भाड़, जनसमूह 3. उत्पन्न या सृजन करना 4. प्राकृतिक संघटन।
2. नियमित न होने का भाव, नियम का उल्लंघन।
3. 1. विचित्र क्रिया या व्यापार, अलौकिक घटना 2. कथावस्तु में घटनाओं का क्रम ; किसी नाटक की पूरी कथावस्तु।, संविधान बनाने वाला।
5. वन, जंगल, बियावान, कानन अरण्य।
6. पहाड़ी ब्राह्मण समाज में एक कुलनाम या सरनेम।



### वर्ग पहेली -459 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | ल | ■ | 2 उ | ट | 3 ज |
| शु | ■ | ■ | ता | ■ | ग |
| दे | ■ | 4 यु | व | ती | ■ |
| 5 व | शी | ■ | ला | ■ | 6 का |
| वा | ■ | 7 उ | प | ता | प |
| 8 द | ह | क | न | ■ | टि |
| ■ | ■ | ठा | ■ | 9 रें | क |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया-15.18 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु- ग्रीष्म। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-पूर्वाषाढा 11.21 तक तत्पश्चात उत्तराषाढा।

**मेष** – आज धार्मिक क्रियाकलापों में आपका मन लगेगा। पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। समाज में आपकी मजबूत छवि निर्मित होगी। उधार दिया हुआ धन आपको वापस प्राप्त होगा। बच्चों को लेकर कुछ चिंता अवश्य रहेगी। जीवनसाथी का भाग्य आपका काफी सहयोग करेगा।

**वृष** – आज भ्रामक तथ्यों में पड़कर आप गलत दिशा में जा सकते हैं। इसीलिए आज कोई नया काम न करें। आपको कार्यक्षेत्र में मैनेजमेन्ट को लेकर काफी परेशान होना पड़ सकता है। हृदय रोगियों को समस्या हो सकती है। अध्यात्मिक चिन्तन के लिए दिन काफी उपयुक्त है।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। व्यापार में अपनी शैली में परिवर्तन लायेंगे। लंबी दूरी की यात्रा के लिए जा सकते हैं। किसी नजदीकी व्यक्ति की बात आपको आहत कर सकती है। सोशल मीडिया में आप गम्भीर मुद्दों पर आपनी राय रख सकते हैं।

**कर्क** – आज अविवाहित लोग विवाह को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। हर बात को गहराई से लेना उत्तम होगा। आज काम की काफी अधिकता रहने वाली है। अपनी योजनाओं को सफलता पूर्वक क्रियान्वित कर पायेंगे। आज किसी को भी धन उधार न दें वरना वापस मिलने में समस्या होगी।

**सिंह** – आज सामाजिक कार्यों में आप बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आप भावुक होंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में थोड़ी समस्या होगी। बच्चों को लेकर आज अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। व्यापार में आ रही बाधा दूर होगी। ऑफिस के वातावरण में सुकून रहेगा।

**कन्या** – आज क्रोध के कारण आपके नजदीकी संबंध खराब हो सकते हैं। स्वास्थ्य थोड़ा ऊपर नीचे होता रहेगा। पुराने रोग दोबारा उभरने की आशंका है। ऐसा कोई भी कार्य न करें जो आपके स्वाभिमान को चोट करता हो। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ नहीं है।

**तुला** – आज कार्यक्षेत्र में राजनीति का वातावरण रहेगा। लेकिन आप काफी समझदारी से इसका सामना करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। प्रेम संबंधों को परिवार की स्वीकृति मिलने की संभावना है। करियर में आगे बढ़ने के नये विकल्प आपके सामने आयेंगे।

**वृश्चिक** – आज आप धन को लेकर थोड़ा परेशान हो सकते हैं। बैंक से जुड़े काम में धीमापन रहेगा। प्रेम संबंधों में निकटता का अनुभव करेंगे। महिलाओं को गले में खराश की समस्या हो सकती है। आज आपका मन थोड़ा उदास रहेगा। बिना मांगे किसी को सलाह न दें।

**धनु** – आज कई दिनों से रुका हुआ कार्य प्रारम्भ हो सकता है। व्यापार में आ रही समस्याओं को दूर करने में सफल रहेंगे। ऑनलाइन माध्यमों का काफी अच्छी तरह से उपयोग कर पायेंगे। नौकरीपेशा लोगों को उच्च अधिकारियों की सलाह से लाभ होगा।

**मकर** – आज अति आत्मविश्वास के कारण आप बड़ी गलतियां कर सकते हैं। घरेलू कलह के कारण अशान्ति रहेगी। पिता के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। जॉब में आपको अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। पेट में रोग उत्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यापारी अपने कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन करवा सकते हैं। मैन्यूफैक्चरिंग से जुड़े कारोबारियों को अचानक बड़े ऑर्डर मिलने की संभावना है।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में गुप्त शत्रुओं की पहचान होगी। लोग आपके विचारों को काफी अहमियत देंगे। नई संपत्ति खरीद सकते हैं। जॉब में काम का दबाव बढ़ सकता है। आपके व्यक्तित्व में कुछ परिवर्तन देखने को मिलेगा। अपने सभी कार्यों को बेहतर तरीके से अन्जाम देंगे।

## सुडोकू -7

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 7 | | | 6 | | | 3 |
| 6 | | | | 3 | | 4 | 1 | |
| 1 | | | 2 | | 8 | | 9 | |
| 5 | | 9 | | | | 8 | | 2 |
| | 7 | | 4 | | 3 | | | 6 |
| | 8 | 6 | | 7 | | | | 1 |
| 4 | | | 8 | | | 5 | | |
| | 9 | | 1 | | | | 2 | |

### सुडोकू - 6 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 5 | 8 | 1 | 2 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 4 |
| 6 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 3 |
| 2 | 7 | 9 | 4 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 1 | 2 |
| 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 | 6 | 9 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 6 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 |
| 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 9 |

यथाशक्ति चिकीर्षन्ति यथाशक्ति च कुर्वते।
न किञ्चिदवमन्यन्ते नरा: पण्डितबुद्धय: ॥

विवेकशील और बुद्धिमान व्यक्ति सदैव ये चेष्ठा करते हैं की वे यथाशक्ति कार्य करें और वे वैसा करते भी हैं तथा किसी वस्तु को तुच्छ समझकर उसकी उपेक्षा नहीं करते, वे ही सच्चे ज्ञानी हैं ।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण पहल

पिछले 15 दिनों से देश में चल रहे 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की विशेषता रही कि इसमें किसानों को पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के समन्वय का महत्व समझाया गया जिससे वे पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ, लाभकारी और दीर्घकालिक कृषि रणनीतियों को अपनाने की दिशा में प्रेरित हो सकें। इस दौरान वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खेती को लाभकारी और टिकाऊ बनाने पर बल देते हुए किसानों को नवीनतम तकनीकों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के समापन पर केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार को किसानों से प्राकृतिक खेती करने का आह्वान किया। इस साल साढ़े सात लाख हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती का लक्ष्य रखा गया है। 18 लाख किसान इसके लिए तैयार भी हुए हैं। गौरतलब है कि रासायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल से धरती खराब हो रही है। इसलिए सरकार ने प्राकृतिक खेती मिशन बनाया है ताकि अगली पीढ़ी के लिए धरती बची रहे। प्राकृतिक खेती मिशन के तहत, देश भर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक करोड़ किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) शुरू किया गया है। प्राकृतिक खेती मिशन एक महत्वपूर्ण पहल है जो किसानों के लिए लाभकारी और पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित है। प्राकृतिक खेती से लागत घटती है और उत्पादन भी प्रभावित नहीं होता और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्राप्त होते हैं।

खेती को उन्नत बनाने के छह सूत्र-उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन की लागत घटाना, किसानों को उत्पादन के ठीक दाम सुनिश्चित करना, नुकसान की स्थिति में उचित मुआवजा, कृषि विविधिकरण और मिट्टी की उर्वरकता बनाए रखते हुए आने वाली पीढ़ी के लिए धरती को सुरक्षित रखना हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक वर्ष 2047 तक औसत कृषि आकार घटकर 0.6 हेक्टेयर रह जाने की उम्मीद है, जिससे आधुनिक कृषि तकनीकों को लागू करना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। खेती में उन्नत किस्मों का प्रयोग, मशीनीकरण, प्रति बूंद-अधिक फसल, सिंचाई में पानी का बेहतर उपयोग, नए बीजों के प्रयोग जरूरी है, जिस दिशा में आगे बढ़ना होगा। प्राकृतिक खेती मृदा स्वास्थ्य में सुधार, जैव विविधता में वृद्धि और पानी का अधिक विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करती है। महत्वपूर्ण है कि सरकार उन्नत कृषि के जरिए किसानों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकारें भी योजनाएं चलाती हैं। प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूकता बढ़ाकर किसानों को इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# तकनीकी व वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिशन


सुनील कुमार महला
स्तंभकार

**गौरतलब है कि गगनयान मिशन भारत का अपना पहला स्वदेशी मानव मिशन है, जिसमें एक भारतीय को भारतीय रॉकेट के ज़रिए श्रीहरिकोटा स्टेशन से, यदि सब कुछ ठीक रहा तो, वर्ष 2027 में अंतरिक्ष भेजा जाएगा।**

**भारत ने चंद्रयान-3 मिशन के तहत 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी और यह मिशन चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 के बाद भारत का तीसरा चंद्र मिशन था। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जिससे भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। इसी प्रकार से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने 6 जनवरी 2024 को देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया था।**

भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में विश्व में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और अब भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक्सिओम -4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन यानी आईएसएस जा रहे हैं। वे 14 दिनों के लिए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में रहेंगे तथा अंतरिक्ष यान स्पेसएक्स रॉकेट के ज़रिए फ्लॉरिडा के नासा केनेडी स्पेस सेंटर से लांच होगा। कहना ग़लत नहीं होगा कि उनकी यात्रा की सफलता पर एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों की नजरें टिकी हुई हैं। इस कमर्शियल मिशन में पहली बार कोई भारतीय एस्ट्रोनॉट शामिल हो रहा है। शुभांशु शुक्ला के साथ तीन और एस्ट्रोनॉट इस मिशन में भेजे जा रहे हैं और यह हमारे देश के लिए एक ऐतिहासिक पल होगा। ऐतिहासिक इसलिए क्योंकि 41 साल बाद हमारा एस्ट्रोनॉट अंतरिक्ष में जा रहा है। दरअसल, शुभांशु ऐसे दूसरे भारतीय हैं जो अंतरिक्ष यात्रा पर जा रहे हैं। इससे पहले राकेश शर्मा पहले भारतीय थे, जो वर्ष 1984 में रूसी मिशन के तहत स्पेस में गए थे।

शुभांशु लखनऊ के रहने वाले हैं तथा उनकी स्कूलिंग लखनऊ के सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, अलीगंज से हुई है। मीडिया में आई रिपोर्ट्स के अनुसार 17 जून 2006 को उनको भारतीय वायुसेना के फाइटर विंग में शामिल किया गया था तथा वह एक शानदार फाइटर पायलट और टेस्ट पायलट हैं। उनके पास 2,000 घंटे से ज्यादा का फ्लाइंग एक्सपीरियंस है। उन्होंने सुखोई-30 एमकेआइ, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डोर्नियर और एएन-32 जैसे कई फाइटर जेट्स उड़ाए हैं। मार्च 2024 में उन्हें ग्रुप कैप्टन की पोस्ट पर प्रमोट किया गया। वह एक फाइटर कॉम्बैट लीडर भी हैं। वर्ष 2019 में इसरो ने शुभांशु को भारत के पहले ह्यूमन स्पेस मिशन गगनयान के लिए चुना गया था। दरअसल इस मिशन के लिए क्रमशः चार एस्ट्रोनॉट्स शुभांशु शुक्ला, ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजित कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप को चुना गया था। गगनयान की तैयारी के लिए शुभांशु ने वर्ष 2019-2021 तक रूस के यूरी गागरिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में सख्त ट्रेनिंग ली तथा इसके बाद 27 फरवरी 2024 को उनको एक्सिओम मिशन-4 के लिए ऑफिशियली चुना गया। बहरहाल, यहां यह उल्लेखनीय है कि यह अभियान पहले मई के आख़िरे हफ्ते में जाना था, फिर इसे आठ जून को अंतरिक्ष स्टेशन की ओर रवाना होना था, लेकिन ख़राब मौसम की वजह से ये अभियान 11 जून को लांच होने की संभावना थी। लेकिन अब तकनीकी कारणों से इसे आगे के लिए टाल दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला की आइएसएस यात्रा लिक्विड ऑक्सीजन लीक के कारण टल गई है। यह मिशन एक्सिओम स्पेस नाम की अमेरिकी कंपनी, नासा और स्पेस एक्स के साथ मिलकर ऑपरेट किया जा रहा है। नासा के अलावा इस मिशन में भारत के इसरो, पौलेंड के ईएसए और हंगरी के हंगेरियन टू ऑरबिट सहयोग दे रहे हैं। इसमें चार अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। मिशन कमांडर हैं-अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन जिन्हें पांच बार अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव प्राप्त है।

वास्तव में, एक्सिओम-4 मिशन एक कमर्शियल स्पेस फ्लाइट है तथा ह्यूस्टन की कंपनी एक्सिओम स्पेस इस अभियान को चला रही है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार भारत ने इस मिशन के लिए 550 करोड़ रुपये की कीमत चुकाई है। एक्सिओम-4 मिशन को भारत के गगनयान अभियान के लिहाज़ से अहम बताया जा रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि इस मिशन से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को अपने मानव मिशन(गगनयान मिशन) की दिशा में मदद मिल सकेगी।

गौरतलब है कि गगनयान मिशन भारत का अपना पहला स्वदेशी मानव मिशन है, जिसमें एक भारतीय को भारतीय रॉकेट के ज़रिए श्रीहरिकोटा स्टेशन से, यदि सब कुछ ठीक रहा तो, वर्ष 2027 में अंतरिक्ष भेजा जाएगा। वास्तव में वर्तमान में जो मिशन अंतरिक्ष में भेजा जाना है, वह एक प्रकार से गगनयान मिशन की ओर छोटे-छोटे कदम बढ़ाने जैसा है, क्योंकि इस मिशन से भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को बहुत कुछ सीखने की उम्मीदें हैं। जानकारी के अनुसार इसरो के पास अभी तक ह्यूमन स्पेस फ्लाइट का अनुभव नहीं है। जैसा कि मानव मिशन एक मुश्किल व चुनौतीभरा काम है, ऐसे में इस मिशन से हमें अंतरिक्ष के क्षेत्र में फायदे मिल सकेंगे ऐसी उम्मीदें जताई जा रहीं हैं। जानकारी के अनुसार इस मिशन में साइंस, आउटरीच और कमर्शियल एक्टिविटीज़ पर फ़ोकस होगा। शुभांशु शुक्ला समेत एक्सिओम-4 की टीम बीज अंकुरण और अंतरिक्ष में पौधे कैसे उगते हैं, इस पर भी अध्ययन करेगी। वास्तव में अंतरिक्ष में लगभग ज़ीरो ग्रैविटी पर पौधे कैसे उगते हैं और इन पौधों में क्या विशेषताएं होंगी, ये भी जानने की कोशिश की इस मिशन के अंतर्गत की जाएगी। भारत ने अंतरिक्ष में वहां से वापस आने वाले एस्ट्रो-बायोलॉजी के एक्सपेरिमेंट नहीं किए हैं। पहली बार ये होगा जब भारत कोई एक्सपेरिमेंट भेज जा रहा है, जो अंतरिक्ष से वापस भी आएंगे और यह भारत का इस क्षेत्र में पहला अभूतपूर्व कदम होगा। इस मिशन में करीब 60 साइंटिफ़िक एक्सपेरिमेंट किए जाने हैं, जो एक्सिओम के पिछले तीन मिशनों में नहीं किए गए थे। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत के वैज्ञानिकों ने इनमें से सात एक्सपेरिमेंट का सुझाव दिया है। जानकारी के अनुसार सात के अलावा भी पांच ऐसे एक्सपेरिमेंट भी हैं जो इसरो और नासा मिलकर करेंगे। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में विश्व के बड़े देशों जैसे कि अमेरिका, रूस और चीन के समकक्ष एक बड़ी ताकत बनकर उभरा है। भारत अपने मंगल, चंद्र और आदित्य अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुका है।

भारत ने चंद्रयान-3 मिशन के तहत 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी और यह मिशन चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 के बाद भारत का तीसरा चंद्र मिशन था। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जिससे भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। इसी प्रकार से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने 6 जनवरी 2024 को देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया था। बहरहाल, यदि आगे भी सब कुछ अच्छा चलता रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब हमारा देश भारत आने वाले दस सालों में यानी कि वर्ष 2035 तक अंतरिक्ष में अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करने और वर्ष 2040 में चंद्रमा पर अपने अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने में सफल हो पाएगा। वास्तव में कहना ग़लत नहीं होगा कि आज पूरी दुनिया में इसरो की पहचान एक ऐसी स्पेस एजेंसी के रूप में बन चुकी है, जो बहुत कम खर्च में बड़ी सफलता हासिल कर सकती है। इसरो ने अब तक अनेक देशों के (30 से अधिक देशों) तीन सौ से भी ज्यादा विदेशी सैटेलाइटों को लांच किया है, जिनमें अमेरिका, इंग्लैंड, कनाडा, जर्मनी और सिंगापुर जैसे देश भी शामिल रहे हैं। वर्तमान मिशन अंतरिक्ष के क्षेत्र में भावी रणनीतिक, तकनीकी, वैज्ञानिक प्रगति की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आने वाले समय में हमारा इसरो अंतरिक्ष के क्षेत्र में और भी बड़े कीर्तिमान स्थापित करेगा और हम अंतरिक्ष के क्षेत्र में विश्व का सिरमौर देश होंगे।

## प्रसंगवश

# विवाहेतर संबंध: भावना, भ्रम और भयावहता का त्रिकोण

प्रेम-एक ऐसा शब्द जो सुनने में सरल लगता है, लेकिन जब जीवन में अपनी सीमाओं से बाहर निकलता है, तो सबसे अधिक जटिल और खतरनाक रूप धारण कर लेता है। खासकर तब, जब यह विवाह की सामाजिक और नैतिक चौहद्दियों को लांघता है। विवाहेतर संबंध कोई नई बात नहीं हैं, लेकिन हालिया वर्षों में इनसे उपजे अपराध, हिंसा और आत्महत्याओं की कड़ियां केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं हैं। यह उस सामाजिक ढांचे में फैलती दरारों की स्पष्ट गवाही हैं, जिन्हें वर्षों से नैतिकता के पर्दे से ढंकने की कोशिश की गई है। अब प्रेम केवल भावना नहीं रहा- यह स्वामित्व, अपेक्षा, अधिकार और असहमति के बीच फंसी एक विस्फोटक रासायनिक प्रक्रिया बन चुका है। जब रिश्तों में पारदर्शिता और संवाद की जगह संदेह और आत्मीयता की जगह अधिकार खड़ा हो जाता है, तो वह रिश्ता एक प्रयोगशाला बन जाता है-जहां ज़रा सी चूक भी विस्फोटक परिणाम ला सकती है। और यह विस्फोट अब निजी नहीं रहता, वह सार्वजनिक भी होता है, और अक्सर जानलेवा भी। विवाहेतर संबंधों से उपजी हालिया हत्याएं, आत्महत्याएं और प्रतिशोध की घटनाएं एक पैटर्न पर आधारित दिखती हैं: पारदर्शिता और संवाद का अभाव, भावनात्मक असंतुलन, विश्वास का ह्रास, और वह अपमान- जो किसी एक पक्ष के लिए असहनीय हो जाता है। ये घटनाएं उस सड़न को उजागर करती हैं जिसे 'निजी मामला' कहकर टाला या छुपाया जाता रहा है। आज रिश्ते केवल अपराध के कारण नहीं, खुद अपराध बन चुके हैं। अब अपराध लिंग-निर्भर नहीं हैं। न केवल पुरुष दोषी हैं, न महिलाएं केवल पीड़िता। कुछ घटनाओं में पुरुष अपने जीवन साथी और उसके सहयोगियों के षड्यंत्र का शिकार बने, तो कई मामलों में महिलाएं उन संबंधों की बलि चढ़ीं, जिनमें प्रेम दरअसल छल, वासना और नियंत्रण का दूसरा नाम था। यह किसी एक वर्ग की नैतिक विफलता नहीं-यह उस समाज की गिरावट है, जो रिश्तों को निभाने, छिपाने और खींचते रहने में गर्व महसूस करता है, लेकिन संवाद, स्पष्टता और फैसले लेने की संस्कृति से कतराता है। डिजिटल माध्यमों ने इन संबंधों को और भयावह बना दिया है। अब प्रेम स्मृति नहीं, स्क्रीनशॉट्स, चैट्स, रिकॉर्डिंग और वीडियो की शक्ल में संग्रहीत है-जो भावनात्मक दस्तावेज़ नहीं, बदले के हथियार बन जाते हैं। जब कोई रिश्ता टूटता है, तो उसका मलबा अब मन में नहीं, इंटरनेट पर बिखरता है और यह आभासी हिंसा, असल हिंसा से कहीं अधिक गहरी चोट दे जाती है। विवाहेतर संबंधों का अस्तित्व किसी इनकार से नहीं मिटता। लेकिन यह मान लेना कि हर ऐसा रिश्ता केवल 'भावनात्मक खालीपन' की भरपाई है- यह भी एक सुविधाजनक झूठ है। असंतोष का अर्थ यह नहीं कि कोई तीसरा व्यक्ति उस बंधन को तोड़ने का नैतिक अधिकार ले आए। तब 'प्रेम' सिर्फ बहाना बनता है-और उसके नीचे पलती है अव्यवस्था, लालच और खुदगर्ज़ी। यही असंतुलन अपराध की ओर ले जाता है। और जब ये अपराध होते हैं, तो कीमत एक व्यक्ति, एक परिवार, और कई बार पूरे सामाजिक संतुलन को चुकानी पड़ती है। विवाह अब स्थायित्व की गारंटी नहीं, बल्कि संदेह, असुरक्षा और अव्यक्त टकरावों का मैदान बन चुका है।


डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

जब इसमें तीसरे की मौजूदगी जुड़ती है- भावनात्मक हो या शारीरिक-तो यह एक खतरनाक त्रिकोण बन जाता है, जिसमें अंततः सब कुछ टूटता है: भरोसा, संबंध, और कभी-कभी-जीवन भी। ये घटनाएं केवल पुलिस केस नहीं हैं। ये उस भीतर गहराई से उठी चीखें हैं, जहां कोई खुद को खत्म करने के सिवा कुछ और नहीं सोच पाता। यह उस समाज की पराजय है, जो किसी व्यक्ति को टूटने से पहले बोलने की इजाज़त तक नहीं देता। जहां संवाद को दुर्बलता और पारदर्शिता को असहजता माना जाता है। असली हार वहीं है-जहां ऐसे हादसों को या तो नैतिकता की चादर से ढंक दिया जाता है, या सनसनी बनाकर बेच दिया जाता है। लेकिन हर बार नतीजा एक-सा रहता है- एक और शव, एक और वायरल वीडियो, एक और घर, जो एक झटके में ढह गया। जब तक रिश्तों में स्पष्टता, जवाबदेही और एक रेखीय प्रतिबद्धता नहीं होगी स्थिति बिगड़ती ही रहेगी, क्योंकि कोई भी रिश्ता तभी टिकता है, जब वह बोझ न बने। और बोझ वहीं बनता है, जहां संवाद थम जाता है।

# तेल-गैस कंपनियों के निवेशकों की कमाई पर खतरा


रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

**निवेशकों के लिए भी अब सतर्कता जरूरी है। आज निवेश से पहले सिर्फ लाभांश दर ही नहीं, बल्कि कंपनी की पर्यावरणीय रणनीति, कार्बन उत्सर्जन प्रबंधन और जलवायु अनुकूलन क्षमताओं का आकलन करना आवश्यक है। भारत की तेल और गैस कंपनियां एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी हैं। जलवायु परिवर्तन ने इनकी पारंपरिक लाभप्रदता और निवेशकों के भरोसे को गंभीर चुनौती दी है। जो कंपनियां समय रहते हरित ऊर्जा में रूपांतरण, तकनीकी नवाचार और पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाएंगी, वे न केवल टिकाऊ रहेंगी, बल्कि निवेशकों को दीर्घकालिक लाभ भी दिला सकेंगी।**

आज पूरी दुनिया जब नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की ओर तेजी से बढ़ रही है, वहीं पारंपरिक तेल और गैस कंपनियां जलवायु परिवर्तन के कारण आर्थिक और परिचालन दोनों स्तरों पर गहरे संकट में हैं। भारत जैसे विकासशील देश में, जहां ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है, वहां ये कंपनियां जलवायु जोखिम, नीति दबाव और प्राकृतिक आपदाओं से दोहरी मार झेल रही हैं। इसका सीधा असर कंपनियों की लाभप्रदता पर तो पड़ ही रहा है, साथ ही निवेशकों के रिटर्न में भी भारी गिरावट आ रही है। भारत की प्रमुख तेल कंपनियां-जैसे ओएनजीसी, ऑयल इंडिया लिमिटेड, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ और नायरा एनर्जी-इन सभी पर जलवायु परिवर्तन का असर देखा जा रहा है। उदाहरण के लिए ओएनजीसी ने वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में 11,500 करोड़ रुपये का लाभ कमाया, लेकिन कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में 7 प्रतिशत की गिरावट और रिफाइनिंग मार्जिन के दबाव के कारण उसके राजस्व में गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज़, जो ग्रीन एनर्जी में बड़े निवेश की दिशा में अग्रसर है, तुलनात्मक रूप से अधिक स्थिरता बनाए हुए है।

2020 में ऑयल इंडिया लिमिटेड की असम स्थित साइट पर गैस रिसाव और आगजनी की घटना ने यह साफ कर दिया कि जलवायु जोखिम केवल सिद्धांत नहीं, बल्कि ठोस वित्तीय और परिचालनीय झटके भी दे सकता है। उस एक घटना में कंपनी को 700 रुपये रोड़ से अधिक का नुकसान हुआ और उसकी ब्रांड छवि को भी भारी नुकसान पहुंचा। उस समय कंपनी का शेयर 15 प्रतिशत तक गिर गया था।

शेयर बाजार के प्रदर्शन पर नज़र डालें तो जलवायु परिवर्तन के प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखते हैं। बीपीसीएल ने जुलाई 2022 से जून 2024 के बीच महज़ 2.5 प्रतिशत सालाना रिटर्न दिया, जबकि इसी अवधि में निफ्टी 50 इंडेक्स ने 12 प्रतिशत से अधिक का वार्षिक रिटर्न दिया।

दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ ने जब 2021 में 75,000 रुपये करोड़ का ग्रीन एनर्जी निवेश घोषित किया, तब उसके शेयर में स्थिरता और निवेशकों का भरोसा बना रहा। यह उदाहरण दर्शाता है कि पर्यावरणीय रूप से ज़िम्मेदार रणनीति अपनाने वाली कंपनियां ही आज निवेशकों का ध्यान आकर्षित कर पा रही हैं। डिविडेंड की बात करें तो पहले जो कंपनियां 6-8 प्रतिशत का मजबूत डिविडेंड यील्ड देती थीं, अब वे भी दबाव में हैं।

इन समस्याओं का समाधान केवल नीति या सरकारी समर्थन से नहीं निकलेगा, बल्कि कंपनियों को अपने अंदर से बदलाव लाने होंगे। सबसे पहले, उन्हें मेथेन उत्सर्जन पर नियंत्रण करना होगा, जो कि सीओ 2 की तुलना में 80 गुना अधिक प्रभावशाली ग्रीनहाउस गैस है। इसके अलावा, कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी को अपनाना, ऊर्जा कुशल तकनीकों में निवेश करना, और संचालन में ईएसजी रिपोर्टिंग को मजबूत करना आज की जरूरत है।

व्यावसायिक विविधीकरण भी आवश्यक है। रिलायंस ने सोलर और ग्रीन हाइड्रोजन में निवेश शुरू कर दिया है। अदानी समूह ने 70,000 रुपये करोड़ हरित ऊर्जा में निवेश की योजना बनाई है। भारत सरकार भी गैस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने के लिए 41,000 रूपये करोड़ का निवेश जम्मू-कश्मीर और नॉर्थ-ईस्ट में कर रही है, ताकि स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार हो।

निवेशकों के लिए भी अब सतर्कता जरूरी है। आज निवेश से पहले सिर्फ लाभांश दर ही नहीं, बल्कि कंपनी की पर्यावरणीय रणनीति, कार्बन उत्सर्जन प्रबंधन और जलवायु अनुकूलन क्षमताओं का आकलन करना आवश्यक है। भारत की तेल और गैस कंपनियां एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी हैं। जलवायु परिवर्तन ने इनकी पारंपरिक लाभप्रदता और निवेशकों के भरोसे को गंभीर चुनौती दी है। जो कंपनियां समय रहते हरित ऊर्जा में रूपांतरण, तकनीकी नवाचार और पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाएंगी, वे न केवल टिकाऊ रहेंगी, बल्कि निवेशकों को दीर्घकालिक लाभ भी दिला सकेंगी। दूसरी ओर, जो कंपनियां बदलाव से दूर रहेंगी, उनके लिए निवेशकों का विश्वास जीतना और बाजार में स्थायी बने रहना बेहद कठिन हो जाएगा।

## सोशल फोरम

# क्षमाशीलता का अभाव

जो क्षमाशील नहीं हैं वे दूसरों को क्षमाशील मान ही नहीं पाते। मानव स्वभाव की सीमा। वह दूसरों को समझने में स्वयं को प्रक्षेपित करता है। लिहाज़ा अपने वर्चस्व के दौर में उन्होंने या उनके पूर्वजों ने अन्याय-अत्याचार से जिन लोगों को त्रस्त किया था, उन्हें वे संभावित शत्रु मानते है। ख़ुद के कमज़ोर पड़ने पर यह मानकर चलते हैं कि पूर्व में उनसे त्रस्त हुए लोग बदले की भावना से उन्हें ज़रूर त्रस्त करेंगे। वे मान ही नहीं पाते कि उनके या उनके पूर्वजों से त्रस्त हुए लोग सहज, क्षमाशील मानव-स्वभाव के अनुरूप समय के साथ उनके या उनके के पूर्वजों द्वारा किए गए अन्याय-अत्याचार को भूल चुके होंगे और मित्र भाव से मिलजुल कर आगे बढ़ना चाहते होंगे। वे उन्हें स्थाई शत्रु के रूप में देखते हैं और असुरक्षा-भाव से ग्रस्त रहते हैं। आदमी का स्वभाव, स्मृति में अन्याय की लंबी शृंखला लिए हुए जीता है। लिहाज़ा, न चैन से बैठ सकता है, न औरों को बैठने दे सकता है।


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

स्वतंत्रता-आंदोलन के दौरान एक वर्ग उसके पूर्वजों द्वारा अपने वर्चस्व-काल में किए गए अन्याय-अत्याचार के शिकार लोगों को अनायास शत्रुभाव से देखने लगा, उनसे असुरक्षित महसूस करने लगा।

ईश्वर की माया, क्षमाशीलता से महरूम ऐसे लोगों की संख्या किसी भी समूह, किसी भी संप्रदाय, किसी भी देश और किसी भी काल में क्षमाशील लोगों की अपेक्षा अधिक होती है। कारण, प्रकृति के तीन गुणों, सत्व, रज और तम, में तम रज से और रज सत्व से कई गुना अधिक होता है। क्योंकि सत्व रज से और रज तम से कई गुना सूक्ष्म होता है। प्रकृत्या सूक्ष्म मात्रा में स्थूल से हमेशा कम होता है। इतने बड़े शरीर के जटिल किन्तु स्थूल तानेबाने में अभिनिविष्ट हमारी चेतना की मात्रा कितनी होती है? इतनी स्वल्प कि न उसे देखा जा सकता है, न उसका स्पर्श किया जा सकता है, जब कि मेरी चेतना ही 'मैं' है, शरीर और अंग प्रत्यंग उसी के हैं। वही हमारी समझ, हमारी सोच, हमारे भावसंसार, हमारे चयन, हमारे प्रेम, हमारी घृणा, हमारे क्रोध, हमारी शान्ति, हमारे दुःख-सुख की निर्धारक होती है। मनुष्य का उन्नयन या पतन वस्तुतः उसकी चेतना का ही उन्नयन या पतन होता है।

**-फेसबुक वॉल से**

# सामाजिक सुरक्षा का बढ़ता दायरा


अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

**गौर करें तो सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैए के निर्माण में सहायता प्रदान करती है।**

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के आंकडों से उद्घाटित हुआ है कि भारत में 94 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा लाभ के दायरे में आ गए हैं। ये आंकड़े रेखांकित करते हैं कि सामाजिक सुरक्षा के संदर्भ में अब भारत चीन के बाद दूसरे नंबर है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2015 में भारत में सोशल सिक्योरिटी कवरेज महज 19 प्रतिशत था जो अब बढ़कर 64.3 प्रतिशत हो गया है। आईएलओ का कहना है कि दुनिया भर में सबसे तेज सामाजिक सुरक्षा दायरे का विस्तार भारत में हुआ है। यह स्थिति भारत के लिए बेहद उत्साहजनक है। गौर करें तो सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैए के निर्माण में सहायता प्रदान करती है। सामाजिक सुरक्षा में यह परिकल्पना की जाती है कि नागरिकों को सभी प्रकार के सामाजिक जोखिमों से रक्षा की जाएगी जो उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति में अनावश्यक मुश्किलें उत्पन करती हैं। यह सच्चाई है कि कामगारों के पास बीमारी, दुर्घटना, वृद्धावस्था, रोग और बेरोजगार आदि के कारण उत्पन जोखिमों का सामना करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं होता है और संकट के समय में उनकी सहायता करने के लिए जीविका का वैकल्पिक साधन का अभाव होता है। इसलिए कामगारों को सामाजिक सुरक्षा देना राज्य का दायित्व है। 19 वीं शताब्दी के अंत तक अधिकांश राज्य अपने को पुलिस राज्य रखकर ही संतुष्ट थे। उनका मुख्य काम शांति व व्यवस्था कायम रखना था। वे सामाजिक सुरक्षा का कार्य व्यक्तियों और व्यक्तियों के समूहों के जिम्मे छोड़ रखे थे। लेकिन धीरे-धीरे राज्य के स्वभाव में बुनियादी बदलाव आया और उसकी प्राथमिकता में सामाजिक सुरक्षा की औपचारिक व्यवस्था शीर्ष पर हो गई।

गौर करें तो संपूर्ण यूरोपीय देशों में विस्तृत सामाजिक सुरक्षा लागू है। संयुक्त राज्य अमेरिका में भी जनता को लाभ पहुंचाने संबंधी विस्तृत सामाजिक सुरक्षा योजनाएं चालू हैं। भारतीय संदर्भ में सामाजिक सुरक्षा एक समग्र अधिगम है जिसका निर्माण व्यक्ति को आर्थिक अभाव से बचाने और व्यक्ति के खुद के लिए तथा उसके आश्रितों के लिए, उन्हें आर्थिक अनिश्चितता की स्थिति से बचाने हेतु एक न्यूनतम आय की सुनिश्चितता के लिए किया गया है। यह तथ्य भारत के नीति-नियंताओं द्वारा पहचाना गया और तद्नुसार सामाजिक सुरक्षा से संबंद्ध विषयों को राज्य के नीति-निर्देशक तत्व और समवर्ती सूची में संबंद्ध किया गया। भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में भी सामाजिक सुरक्षा और बीमा, रोजगार और बेरोजगार, कार्य परिस्थिति, भविष्यनिधियां, नियोक्ताओं का दायित्व, कामगारों की क्षतिपूर्ति अवैधता, श्रम कल्याण, वृद्धावस्था पेंशन और मातृत्व लाभ का उल्लेख है।

भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने एक सामाजिक सुरक्षा प्रभाग की स्थापना की है जो कर्मगार सामाजिक सुरक्षा से संबंधित सभी कानूनों के प्रशासन के लिए सामाजिक सुरक्षा नीति एवं योजनाएं बनाने और क्रियान्वित करने का कार्य करता है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आज देश में पोषण सुरक्षा की देखभाल राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, समन्वित बाल विकास योजना, किशोरी शक्ति योजना, किशोर लड़कियों के लिए पोषण कार्यक्रम और प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना चलाई जा रही है। राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम लगभग पूरे भारत में चल रहा है। समन्वित बाल विकास योजना का विस्तार भी चरणबद्ध ढंग से हो रहा है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अंत्योदय अन्य योजना का दायरा बढ़ा दिया गया है।

राज्यों के अंतर्गत लक्षित जन वितरण प्रणाली के तहत पहचान किए गए गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों में से, अत्यंत ही गरीब परिवारों की पहचान करने का कार्य अंत्योदय योजना के तहत किया गया है। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग को संशोधित कर लघु एवं ग्रामीण उद्योगों के जरिए ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन करने के लिए सुनिश्चित किया गया है। असंगठित क्षेत्र को सामाजिक सुरक्षा से लैस करने के लिए राष्ट्रीय उद्यम आयोग की स्थापना एक पारदर्शी निकाय के रुप में की गई है। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा 4 करोड़ से अधिक लोगों को आवास उपलब्ध कराया गया है। आने वाले दिनों में 3 करोड़ और आवास निर्मित करने का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया है। लोगों का स्वास्थ्य रहे इसके लिए सरकार आयुष्मान योजना को लागू की है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा असंगठित सामाजिक सुरक्षा के तहत ही समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी सहायता देने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। निश्चित रुप से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सामाजिक सुरक्षा मजबूत हुई है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### मधुमक्खियों के हमले से एसआई घायल

**बिवांर (हमीरपुर)।** गुरुवार दोपहर को कमरे में काम कर रहे दरोगा पर मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया, मधुमक्खियों के काटने से वह जख्मी हो गए। थाना परिसर में कार्यालय के पीछे पेड़ों में मधुमक्खी अपना छत्ता रखे हुए हैं। गुरुवार को दोपहर में एक पीआरवी के कांस्टेबल ने दोपहर को छत्ते में छेड़खानी कर दी। जिससे नाराज मधुमक्खी कार्यालय के पीछे उड़ रही थीं। तभी वहां से गुजरे एसआई विकास यादव के ऊपर मधुमक्खियों ने धावा बोल दिया। एसआई ने दौड़कर कमरे के अंदर घुसकर अपनी जान बचाई। इसके पूर्व करीब दो महीना पहले मधुमक्खियों ने थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार को काटकर जख्मी कर दिया था। मधुमक्खियों के होने पर कर्मी भयभीत बने रहते हैं।

### स्टार्टर खराब होने से पेयजल आपूर्ति बाधित

**बिवांर (हमीरपुर)।** कस्बे के थाना तिराहा के पास लगे पेयजल के नलकूप का स्टार्टर के खराब हो जाने पर तेज धूप भीषण गर्मी के चलते गांव वासियों को पानी नहीं दिया गया है। गांव वासियों को पेयजल के लिए हैंडपंप का सहारा लेना पड़ा। कर्मियों ने बताया कि चार प्रतिशत टंकी के भरने से गांव वासियों को पानी नहीं दिया गया है। स्टार्टर को सही कर लिया गया है। टंकी के भर जाने पर आपूर्ति दी जाएगी। जल संस्थान कार्यालय में तैनात लिपिक अखिलेश चौरसिया ने बताया कि खराब हो गए स्टार्टर को सही कर लिया गया है। टंकी के भरने पर आपूर्ति चालू की जाएगी।

### पिता-पुत्र के खिलाफ थाने में दी तहरीर

**बिवांर(हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के मवईजार गांव निवासी सुनीता पत्नी रामकिशोर कुशवाहा ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि अपनी जमीन में बागवानी किए हुए हैं। जिसमें छायादार व फलदार दोनों तरह के पेड़ लगे हुए हैं। बिना जानकारी के चोरी से मौका को पाकर दोपहर को गांव निवासी राम प्रकाश पुत्र देवी दयाल प्रजापति अपने पिता के साथ मिलकर पेड़ों को काट रहा था। जानकारी होने पर बागवानी में आकर पेड़ों के काटने का विरोध किया तो पिता पुत्र अभद्रता करने लगे। इस पर उसने यूपी 112 नंबर पर फोन कर दिया है। पुलिस वाहन को आते हुए देखकर पिता पुत्र भाग खड़े हुए। सुनीता ने पिता पुत्र के खिलाफ चोरी से पेड़ के काटे जाने पर कार्रवाई की मांग की है। एसआई राजेश कुमार ने बताया कि महिला की मिली तहरीर पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# तार खींचते समय टूटा विद्युत पोल लाइन मैन की मौत

## सुमेरपुर के वार्ड नंबर 12 में खंभे से केबल उतारते समय हुआ हादसा

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** वार्ड संख्या 12 चांद थोक में संविदा लाइनमैन खंभे पर चढ़कर केबल टाइट कर रहा था, तभी पोल टूटा और छज्जा में दबकर लाइन मैन गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए सदर अस्पताल ले जाते समय उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुए हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी एवं दो छोटे बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

बिवांर थानाक्षेत्र के मवईजार गांव निवासी अशोक कुमार प्रजापति (38) विद्युत विभाग में संविदा कर्मी पद पर लाइनमैन था। गुरुवार को वह अपने साथी


अशोक कुमार।

अनिल कुमार, लालमन, शरीफ के साथ अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी के कहने पर कस्बे के वार्ड संख्या 12 चांद थोक में मनोज पालीवाल के घर के समीप विद्युत पोल पर चढ़कर केबल को टाइट कर रहा था। जैसे ही उसने खंबे से केबल हटाई, खंभा टूटकर मनोज पालीवाल के मकान के छज्जे में जा गिरा। इस घटना में लाइनमैन छज्जे और खंभे के मध्य दबाकर गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी कर्मी उसे कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर किया गया।

सदर अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी आशा देवी, पुत्र अंश व आयुष को रोता बिलखता छोड़ गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। चर्चा है कि विद्युत विभाग के लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ है। क्योंकि विद्युत पोल पूर्व से ही क्षतिग्रस्त था। इसलिए उसे केबल हटा कर दूसरे खंभे में शिफ्ट करने का कार्य कराया जा रहा था। घटना के बाद अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है। अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी गोलमोल जवाब दे रहे हैं।

# गर्मी के कहर से हांफने लगे ट्रांसफार्मर, जल रहा ऑयल

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** गर्मी का सितम बढ़ते ही विद्युत वितरण के लिए 33/11 केवी पावर हाउस में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर हांफने लगे हैं। तेल कम होने पर गुरुवार को सुबह आपूर्ति ठप करके तेल आपूर्ति कराकर विद्युत आपूर्ति बहाल कराई गयी।

गर्मी का कहर अब सितम ढाने लगा है। विद्युत वितरण के लिए ट्रांसफार्मरों में गर्मी के चलते तेल कम होने लगा है। गुरुवार को सुबह कस्बे के पावर हाउस में लगे 10 एमबीए के ट्रांसफार्मर में तेल कम होने पर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों की आपूर्ति ठप करनी पड़ी और ट्रांसफार्मर में तेल की आपूर्ति कराने के बाद सप्लाई को बहाल किया गया।

विद्युत वितरण उपखंड के अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी ने बताया कि अत्यधिक गर्मी के चलते आपूर्ति को लगे ट्रांसफार्मरों में


पावर हाउस में लगा 10 एमबीए का ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

- ट्रांसफार्मरों में घट रहा है तेल, बिजली व्यवस्था हो रही बाधित

तेल की कमी हो जाती है। इसको बराबर चेक किया जाता है। पावर हाउस के ट्रांसफार्मर में तेल कम हुआ था। सुबह तेल की आपूर्ति कराकर आपूर्ति बहाल करा दी गई है।

# युवकों ने सभासद के घर में घुसकर की फायरिंग

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- तमंचा और तलवारों से लैस होकर घर में घुसे
- युवकों की फायरिंग से मोहल्ले के लोगों में दहशत व्याप्त
- तहरीर के बाद जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** कस्बे में इन दिनों अपराधों की बाढ़ सी आई हुई है। आए दिन एक के बाद एक घटनाएं और वारदातें सामने आ रही हैं। बीती रात कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ले में मामूली विवाद के चलते कुछ लोगों ने दबंगई दिखाते हुए सभासद के मकान में पहुंचकर जमकर फायरिंग की। हवाई फायरिंग से लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है।

कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ला निवासी सभासद खालिक कुरैशी पुत्र रमजान ने तहरीर देकर बताया कि बुधवार की रात करीब 10 बजे कस्बे के एक दर्जन से अधिक युवक हाथों में तमंचे और तलवारों के साथ आये और हमला कर दिया। बताया कि युवकों के हमले के दौरान वह अपने घर में मौजूद थे। आरोप लगाते हुए बताया कि हमलावर युवकों ने जान से मारने की नियत के चलते उस पर फायरिंग की। लेकिन वह बाल बाल बच गए। बताया आरोपी युवक गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। हालांकि फायरिंग में कोई हताहत नहीं हुआ है। लेकिन आम लोगों के दिलों में दहशत जरूर बैठ गई है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

कोतवाल रामासरे सरोज ने बताया सभासद द्वारा तहरीर दी गई है, उसी आधार पर घटना की जांच करा कार्रवाई की जाएगी।

# कार्यों में शिथिलता बरतने पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग विकास कार्यों के संबंध में मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने संबंधित विभागों के कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने की हिदायत दी।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब है, उनके द्वारा विभागीय कार्यों की प्रगति में तेजी लाकर रैंकिंग में सुधार किया जाए। कहा कि गलत डाटा फीड करने के कारण जनपद की रैंक प्रभावित होगी तो संबंधित विभागीय अधिकारी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी तथा प्रतिकूल दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। फैमिली आईडी बनाए जाने के कार्य में युद्ध स्तर पर कार्य किया जाए। गौशालाओं का जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आकस्मिक रूप से निरीक्षण कर


मासिक समीक्षा बैठक लेते डीएम। अमृत विचार

उसके संबंध में रिपोर्ट दिया जाए। गोवंश के संरक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड कार्यक्रम में सभी संबंधित विभागों की मासिक रैंकिंग और ग्रेडिंग से प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता हैं। सभी विभाग प्रत्येक दशा में अपने द्वारा किये गये कार्यों एवं प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पोर्टल पर समय से अवश्य फीड कर दें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, सीएमओ गीतम सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी, परियोजना निदेशक, उपायुक्त एनआरएलएम, समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## सार-संक्षेप


घटना में क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

### ट्रक ने कार में मारी टक्कर, दो घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** सुमेरपुर से चित्रकूट जा रहे रही कार में ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सुमेरपुर कस्बे से चार पहिया द्वारा पहाड़ी निवासी राजकुमार तिवारी (52) पुत्र गया प्रसाद तिवारी और कर्वी निवासी विकास सिंह (32) पुत्र घनश्याम सिंह अपने रिश्तेदारों के साथ चित्रकूट जा रहे थे। तभी नेशनल हाईवे पर नरायच के निकट तेज रफ्तार ट्रक ने ओवर टेक करते हुए कार में टक्कर मार दी। जिससे गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। घटना में राजकुमार तिवारी व घनश्याम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से नरायच एएनएम सेंटर में उपचार के बाद एंबुलेंस के माध्यम से कस्बे की सीएचसी भेजा गया। जहां पर घायलों का इलाज किया जा रहा है। जबकि चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया।


नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते अकौना के ग्रामीण। अमृत विचार

### डंपर की टक्कर से ई-रिक्शा सवार युवक की मौत

**हमीरपुर।** देर रात नेशनल हाईवे में रानी लक्ष्मीबाई के पास मौरंग से भरे डंपर की चपेट में आने से ई रिक्शा सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां एक युवक की मौत हो गई। जबकि साथी की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मुख्यालय के कांशीराम कालोनी निवासी रवि (40) पेशे से कार चालक है। उसके पिता अशोक कुमार की मौत हो चुकी है। मां माया देवी भाजपा कार्यकर्ता है। मंगलवार की देर रात करीब 11 बजे रवि खाना खाने के बाद रानी लक्ष्मीबाई तिराहे में गुटखा लेने गया था। तभी वहां उसका साथी ई रिक्शा चालक कालपी चौराहा निवासी सुनील कुमार मिल गया। हाईवे किनारे दोनों रिक्शा में बैठकर बात करने लगे। तभी मौरंग से भरे डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां रवि की मौत हो गई। सुनील का उपचार जारी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### बिजली समस्या से जूझ रहे अकौना के ग्रामीण

**राठ (हमीरपुर)।** बिजली की समस्या से जूझ रहे अकौना के ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। कहा कि बिजली व्यवस्था बाधित होने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अकौना गांव निवासी देवनारायण सिंह, रंजीत सिंह, रोहित राजपूत, आशीष कुमार आदि ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि गांव में मौजूद ट्रांसफॉर्मर की क्षमता से ज्यादा कनेक्शन दे दिए गए हैं। इस वजह से गर्मी के मौसम में बार बार बिजली की ट्रिपिंग होती है। उन्होंने बताया कि गांव में 1982 से बिजली के तार नहीं बदले गए हैं। जर्जर लाइनों से कभी भी जान माल का नुकसान हो सकता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे बिजली बिल नहीं भरेंगे। एसडीएम ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।

### रिसोर्ट मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के उरई रोड पर स्थित एक रिसॉर्ट के मालिक द्वारा अपने मैनेजर के साथ की गई मारपीट को लेकर पीड़ित मैनेजर ने रिसोर्ट मालिक और उसके एक साथी के विरुद्ध कोतवाली में विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। देर रात पुलिस ने युवक का मेडिकल कराया है। जरिया थाने के सरीला निवासी गोविंद पुत्र परमानंद ने बताया कि पिछले करीब तीन सालों से वह उरई रोड़ स्थित रामरति रिसोर्ट में मैनेजर के पद पर काम करता था। बीते 3 जून को रिसोर्ट के मालिक आयुष राजपूत पुत्र वीरेंद्र राजपूत ने अपने एक साथी के साथ मिलकर उसे तीन दिन तक बंधक बनाकर उसे जमकर मारापीटा था। रिसोर्ट मालिक ने अपने बचाव के लिए मारपीट करते हुए उस के ऊपर ढाई लाख रूपये गबन की झूठी बात कहते हुए उसका वीडियो बनाया था। बताया कि आरोपियों ने शिकायत करने पर जान माल की धमकी दी थी। जिसके डर के मारे वह अपने घर चला गया था। बताया कि कोतवाली पुलिस भी आरोपियों से मिल गई थी। जिससे पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने में हीलाहवाली कर रही थी। बीती रात कोतवाली पुलिस ने आरोपी रिसोर्ट मालिक और उसके साथी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### विदेशी फंडिंग के संदेह में कस्बे के सात लोगों से पूछताछ

**मौदहा (हमीरपुर)।** इजराइल फिलिस्तीन युद्ध काल में युद्ध प्रभावित गाजा को आर्थिक सहायता भेजने के संदेह में लखनऊ से आई स्पेशल पुलिस फोर्स ने कस्बे के अलग-अलग मोहल्लों के सात युवाओं को कोतवाली लाकर पूछताछ की। हालांकि देर शाम सभी युवाओं को छोड़ दिया गया है। लेकिन उनके मोबाइल फोन और बैंक खातों द्वारा हुए रुपयों के आदान प्रदान की जांच की जा रही है। लखनऊ की स्पेशल पुलिस फोर्स को सोशल मीडिया पर सहारनपुर की एक महिला द्वारा लगाए गए थैंक्स मौदहा के वाट्सएप स्टेटस के माध्यम से कुछ संदेह हुआ। जिसके बाद पुलिस ने महिला की सोशल मीडिया एक्टीविटी और खातों के ट्रांजेक्शन पर नजर गड़ा दी। तब पुलिस को संदेह हुआ कि कस्बे के युवक उक्त सहारनपुर की महिला के एनजीओ के माध्यम से फिलिस्तीन को आर्थिक सहायता भेज रहे हैं। कस्बे के कुछ संदिग्ध युवक लखनऊ पुलिस की रडार पर थे। जिन्हें बुधवार को कोतवाली लाकर घंटों पूछताछ की गई और देर शाम सभी को घर जाने दिया गया। हालांकि किसी को भी कस्बा छोड़कर जाने या विदेश जाने की अनुमति नहीं है। जबकि पुलिस अभी भी उनके खातों के ट्रांजेक्शन और पर्सनल चैट पर नजर गड़ाए हुए है।

# जिलाधिकारी ने हाईस्कूल व इंटर के मेधावियों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में जनपद में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसके बाद डीएम ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के जिले के टॉप -10 मेधावियों को सम्मानित किया।

इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों में जनपद में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में दीपांशु कौशिक, आस्था त्रिपाठी, दीपांशु, श्रेयांश, शिवांश द्विवेदी, अमित, नमन गुप्ता, हेमेंद्र कुमार, पुष्कल यादव व अतुल कुमार तथा हाईस्कूल के टॉपरों में ज्ञान सिंह, प्रवीण कुमार,


मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ डीएम व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

आकाश सिंह, राजवीर सिंह, विकास, शुभम प्रजापति, खुशी देवी, प्रियंका, युवराज सिंह व आदर्श को सम्मानित किया गया। इनकों 21-21 हजार की चेक, एक एक टैबलेट व प्रशस्ति दिया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में अनेक प्रतिभाएं हैं उन्हें पहचानने तथा सामने लाने की आवश्यकता है। जिला प्रशासन सदैव आपके सहयोग के लिए तत्पर है किसी भी प्रकार की समस्या पर तत्काल बताएं। इस मौके पर राज्य सभा सांसद बाबूराम निषाद, सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति, भाजपा जिलाध्यक्ष, चेयरमैन कुलदीप निषाद, एडीएम विजय शंकर तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक महेश गुप्ता सहित संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक तथा मेधावी छात्र मौजूद रहे। इस मौके पर लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया।

# आजाद समाज पार्टी के मंडल प्रभारी बने सभासद हसन खान

**हमीरपुर।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) में कुशल कार्य करने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभासद हसन खान गोलू को चित्रकूट मंडल का प्रभारी नियुक्त किया है। नगर पालिका सभासद हसन खान ने अपने कुछ साथियों के साथ सपा का दामन छोड़ कर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) का दामन थाम लिया था।


हसन खान गोलू।

आजाद समाज पार्टी में लगनशील कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. चंद्रशेखर आजाद ने हसन खान गोलू को चित्रकूट मंडल का मंडल प्रभारी बना दिया है। पार्टी का मंडल प्रभारी बनने पर कार्यकर्त्ताओं में ख़ुशी की लहर दौड़ गई है।

# पंप कैनाल के निर्माण में धांधली का लगाया आरोप

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** पत्योरा के एक दर्जन किसानों ने अधिशासी अभियंता को शिकायत सौंपकर पंप कैनाल की नहर में चल रहे निर्माण कार्य में धांधली का आरोप लगाया है। कहा 20 करोड़ की लागत से कराए जा रहे हैं निर्माण कार्य में मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। पत्थर की पटियों को बालू सीमेंट के बजाय मिट्टी के सहारे दबाकर लगाया जा रहा है।

पत्योरा के किसान राम प्रसाद, बदलू, रामकरन, राकेश, घनश्याम, रामस्वरूप, रामकुमार, रमेश, शंकर, भइयालाल आदि ने अधिशासी अभियंता लघु डाल नहर को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि ठेकेदार अवर अभियंता से सांठगांठ बनाकर मानको को ताक पर रखकर कार्य करा रहे हैं। किसानों का कहना है कि तीन किलोमीटर पम्प कैनाल को पक्की नहर में तब्दील करने के लिए शासन से 20 करोड़ की धनराशि


पत्योरा पंप कैनाल।

निर्गत हुई है। ठेकेदार पत्थर की पटियों को बालू सीमेंट की बजाय मिट्टी के सहारे दबाकर निर्माण कार्य में धांधली कर रहा है। पंप कैनाल के अधिशाषी अभियंता शरद चौहान ने बताया कि शिकायत मिली है जांच सहायक अभियंता को सौंपी है अगले सप्ताह वह खुद जाकर मौके पर जाकर कार्य की गुणवत्ता का अवलोकन करेंगे। अवर अभियंता राहुल प्रकाश ने बताया कि नहर खुदाई के लिए पटिया हटाई गई थी उनको शिफ्टिंग का कार्य कराया जा रहा है नया बजट कुछ नहीं है।

**बोर्ड बैठक** क्षेत्र पंचायत की बैठक में पुलिस, बिजली, पानी व शिक्षा के मुद्दे छाए रहे

# सिमनौड़ी की लेखपाल के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र पंचायत बोर्ड की बैठक ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सदस्यों ने राजकीय नलकूपों से पानी नहीं भरे जाने का मुद्दा जोरशोर से उठाया। साथ ही सिमनौड़ी की लेखपाल के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करके कार्रवाई के लिए प्रशासन को भेजा। इसके अलावा पुलिस, बिजली, शिक्षा, बाल विकास के मुद्दे भी प्रमुखता के साथ उठाए गए। बाद में ग्राम पंचायत के लेबर बजट को बढ़ाने का प्रस्ताव पारित करके बैठक संपन्न की गई।


क्षेत्र पंचायत की बैठक में शामिल सदस्य व ग्राम प्रधान। अमृत विचार

ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई क्षेत्र पंचायत बोर्ड की बैठक में राजस्व, नलकूप, पुलिस, बिजली, शिक्षा,बाल विकास परियोजना के मुद्दे प्रमुखता के साथ उठाए गए। सिमनौड़ी के सदस्य ने पंचायत में तैनात लेखपाल शिवानी की मनमानी का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया। सदन ने निंदा प्रस्ताव पारित करके विभागीय कार्रवाई के लिए प्रशासन को भेजे जाने का निर्णय लिया । ग्राम पंचायत जलाला के प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य ने राजकीय नलकूपों के बंद होने से प्यास से पशु पक्षियों के मरने का मुद्दा उठाया। इनके मुद्दा उठाते ही अन्य पंचायतों के सदस्य समर्थन में खड़े हो गए और नलकूप बंद होने की बात का समर्थन किया। सदन ने नलकूप विभाग के खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव पारित किया। पुलिस विभाग की गलत रिपोर्टों के अलावा शिक्षा, बिजली, बाल विकास के मुद्दों पर सदन में कार्यवाही की संस्तुति की है। बैठक में ग्राम पंचायत के लेबर बजट को बढ़ाने का प्रस्ताव पारित किया गया। संचालन खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार ने किया। बैठक में प्रधान उदयभान यादव, समसुद्दीन, गुरु प्रताप सिंह, अरविंद निषाद के अलावा एडीओ पंचायत सुरेश कुमार, एपीओ मनरेगा विकास चन्द्र, अजीज बाबू, डॉ.परवेज अहमद कादरी, सीडीपीओ प्रीति भिलवारे, मुख्य सेविका कामिनी पाल, विद्युत विभाग के अवर अभियंता महेश चंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

# बंजर, बीहड़ भूमि पर पौधरोपण करें

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिला पर्यावरण समिति, वृक्षारोपण समिति एवं गंगा संरक्षण समिति की बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि विगत 5 वर्षों में जनपद में हुए वृक्षारोपण से जनपद के वनावरण में सुधार हुआ है अथवा नहीं / इसका सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कहा कि जनपद में बंजर एवं बीहड़ भूमि पर वृक्षारोपण किया जाए तथा वृक्षारोपण के पश्चात पौधों के संरक्षण एवं उत्तर जीविता पर ध्यान दिया जाए। जनपद में वृक्षारोपण की कुछ अच्छी साइटें विकसित की जाए। जिलाधिकारी



बैठक लेते डीएम घनश्याम मीना। अमृत विचार

ने कहा कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्य किया जाए। जनपद के ओडीएफ प्लस गांव पर प्राथमिकता पर अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्य किया जाए। नदियों में किसी भी दशा में प्रदूषित जल न प्रवाहित होने पाए। अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा प्रभावी कार्य योजना बनाकर उसको धरातल पर लागू किया जाए। लोगों को नदियों के संरक्षण एवं उनके स्वच्छता के लिए प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, सीएमओ गीतम सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, परियोजना निदेशक, डीआईओएस, प्रभागीय वनाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# आसमान से बरसी आग, तापमान 45 डिग्री पार

कार्यालय संवाददाता महोबा


तेज धूप में चेहरा ढककर निकलतीं युवतियां। अमृत विचार

- इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा गुरुवार
- 12 बजे के बाद सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**अमृत विचार।** गर्मी चरम पर पहुंच रही है। गुरुवार को इस सीजन का सबसे गर्म दिन रिकार्ड किया गया। अभी तक तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आस-पास घूम रहा था लेकिन गुरुवार को तापमान ने 45 डिग्री को पार कर दिया। सुबह आठ बजे से ही तेज धूप गर्मी का असर दिखाना शुरू हो गया। आसमान से बरस रही आग और लू के थपेड़ों के चलते दोपहर 12 से तीन बजे तक सड़कों और गलियों में सन्नाटा छा गया। मकानों पर रखी पानी की टंकियों का पानी खौल उठा।

गुरुवार को अधिकतम तापमान 45.1 जबकि न्यूनतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बढ़ते तापमान के चलते कूलर और पंखों ने काम करना बंद कर दिया है। पंखे तो गर्म हवा फेंक रहे हैं। लोगों का गर्मी से बुरा हाल है। चारों तरफ दिन में गर्मी की चर्चाएं होती हैं। हर कोई कहता है कि तापमान तो इससे भी ज्यादा बढ़ चुका है, लेकिन गर्मी में इतनी तेजी और तपन नहीं देखने को मिली है। जितनी इस साल तपिश बढ़ी हुई है, हालत यह है कि एसी के कमरे को छोड़ दें तो दूसरे कमरों में जाना मुश्किल हो जाता है। भीषड़ गर्मी और लू के थपेड़ों को देखते हुए जिला प्रशासन ने भी गर्मी से बचने के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है। इसमें बताया कि दिन में सिर पर गमछा और तौलिया बांधने के बाद ही निकलें।

### गर्मी के चलते नहीं मिल रहे श्रमिक

- शरीर को झुलसा देने वाली गर्मी से परेशान तमाम श्रमिकों ने आज कल मजदूरी का काम करना बंद कर दिया है। वहीं मजबूरीवश तेज धूप में भी काम करने वाले श्रमिकों ने धूप को देखते मजदूरी डेढ़ गुना कर दी है। 400 रुपये मजदूरी के स्थान पर अब 600 रुपये में बामुश्किल श्रमिक काम करने जा रहे हैं।

# साहब ! दो माह से नहीं मिल रहा मानदेय

कार्यालय संवाददाता, महोबा


ज्ञापन देने जाते संविदाकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के विभिन्न विद्युत उपकेंद्रों में कार्यरत संविदा कर्मियों को पिछले दो माह से मानदेय न मिलने और छह माह से उनका ईपीएफ भी नहीं जमा किया गया है। इससे नाराज संविदा कर्मचारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि मानदेय न मिलने से संविदा कर्मचारियों का परिवार आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा है।

संविदा कर्मियों ने जिलाधिकारी गजल भारद्वाज को सौंपे ज्ञापन में बताया कि अप्रैल और मई माह का मानदेय नहीं दिया गया है, जिससे संविदा कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। ज्ञापन में दो माह का मानदेय दिलाने की मांग की। संविदा कर्मी अखिलेश ने बताया कि जिले में विद्युत विभाग में लाइनमैन और मजदूरों की नियुक्ति मैहर इंटरप्राइज के माध्यम से की गई है। कंपनी द्वारा भुगतान न करने से कर्मचारी गर्मी में भूखे पेट काम करने को मजबूर हैं। बताया कि कर्मियों का मानदेय पहले से ही कम है। एक महीने का वेतन न मिलने से परिवार की स्थिति खराब हो जाती है। ज्ञापन देने वालों में अजयकांत सोनी, मंगल सिंह, राज रैकवार, अशोक, शकील, अखिलेश, अनिल, राजेंद्र कुमार, दिलशाद और मनोज सहित तमाम संविदा कर्मी शामिल रहे।

# गैर इरादतन हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

## अदालत ने दोषी पर 20 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया

कार्यालय संवाददाता महोबा



- अपर जिला सत्र न्यायाधीश ने 11 वर्ष पुराने मामले में सुनाया फैसला

**अमृत विचार।** अपर जिला सत्र न्यायाधीश लखविंदर सिंह ने गैर इरादतन हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20 हजार 500 रुपये का जुर्माना ठोका। जुर्माना अदा न करने पर 15 दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

2 मई 2016 को थाना महोबकंठ के ग्राम कोहनिया निवासी भागीरथ अनुरागी बकरियां चराकर शाम को वापस घर लौट रहा था, तभी रास्ते में कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। जुए के फड़ में गांव का रहीम भी बैठा था, तभी भागीरथ ने रहीम पुत्र मुबारक से उधारी के अपने तीन हजार रुपये वापस मांगे। रहीम ने पैसा देना तो दूर उल्टा भागीरथ के पेट सीने में घूसों से हमला कर दिया। जिससे वह मौके पर ही गिर कर बेहोश हो गया। उसे अस्पताल ले जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई। मृतक के बेटे संजय अनुरागी ने रहीम पुत्र मुबारक के खिलाफ थाना महोबकंठ में मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने विवेचना करने के बाद आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया।

गुरुवार को न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के गवाह और बहस सुनने के बाद रहीम को गैर इरादतन हत्या के मामले में दोषी ठहराते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही 20 हजार 500 रुपये का जुर्माना भी ठोका। इस मुकदमें की राज्य सरकार की ओर से पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक प्रमोद पालीवाल ने बताया कि जुर्माना अदा न करने पर 15 दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

# बोलेरो से उछले पत्थर से तीन बाइक सवार घायल

**महोबा।** कुलपहाड़ बेलाताल मार्ग पर बेलाताल रेलवे स्टेशन के आगे सामने से आ रही बोलेरो गाड़ी ने सड़क पर पड़े पत्थरों पर बोलेरो चढा दी, जिससे सामने से आ रहे तीन बाइक सवार पत्थर उछल कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक में सवार बुड़िया का सिर फट गया जिससे उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

थाना महोबकंठ के ग्राम परावारी निवासी विश्वनाथ पाल 35, काली चरन 38 और काली चरन की मां भवानी बाई 58 बाइक से कुलपहाड़ जा रहे थे, बेलाताल रेलवे स्टेशन के आगे से आ रही बोलेरो पत्थरों पर चढ़ गई। इससे पत्थर उछल कर बाइक सवारों को लगे, और तीनों घायल हो गए जिन्हे सीएचसी जैतुपर लाया गया। यहां से भवानी बाई को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# मेधावियों का कलेक्ट्रेट में सम्मान

कार्यालय संवाददाता महोबा


मेधावी छात्र को सम्मानित करते जनप्रतिनिधि व डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राज्य स्तरीय मेधावी विद्यार्थियों तथा उनके एक एक अभिभावकों को राज्य स्तर पर गुरूवार को सुबह 11:00 बजे से लोक भवन लखनऊ में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री के कर कमलों से सम्मानित किया गया। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम गजल भारद्वाज की मौजूदगी में कराया गया। जहां पर मेधावी विद्यार्थियों ने सजीव प्रसारण को देखा। जिले के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज चरखारी, महोबा से कक्षा 10 उत्तीर्ण छात्र अभय प्रताप सिंह एवं उनके अभिभावक प्रमोद कुमार सिंह टैबलेट, मेडल, प्रशास्ति पत्र एवं एक लाख रुपये की धनराशि कोषागार के माध्यम से सम्बन्धित के खातें में हस्तान्तरित करते हुये राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। वहीं कलेक्ट्रेट सभागार में भी जनप्रतिनिधियों और डीएम ने मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद्, परीक्षा वर्ष 2025 के जनपद स्तरीय हाईस्कूल स्तर के 09 तथा इण्टरमीएडिट स्तर के 10 मेधावी विद्यार्थियों कुल 19 मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट, मेडल, प्रशास्ति पत्र एवं 21,000.00 की धनराशि कोषागार के माध्यम से सम्बन्धित के खातों में हस्तान्तरित की गई, साथ ही 68 वीं मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार में खेल में कांस्य पदक प्राप्त 01 छात्रा लगन लक्ष्यकार मेडल, प्रशास्ति पत्र एवं 30,000.00 की धनराशि कोषागार के माध्यम से सम्बन्धित के खाते में हस्तान्तरित करते हुये जनपद स्तर पर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने जिले के अभय प्रताप सिंह ने हाईस्कूल परीक्षा में छठवां स्थान लाने पर सम्मानित किया गया। हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 में के टॉपटेन छात्र.छात्राओं को बधाई दी गई।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी, विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर, सदर विधायक राकेश गोस्वामी, भाजपा जिलाध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा उपस्थित रहे।


भूमि पूजन करते सदर विधायक और चेयरमैन। अमृत विचार

# 2.50 करोड़ रुपये से चमकेंगी शहर की गलियां और चौराहे

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- सदर विधायक ने भमि पूजन कर की शुरुआत

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद द्वारा वन्दन योजना एवं खनिज न्यास निधि से लगभग ढाई करोड़ की धनराशि से शहर में कराए जाने वाले सीसी रोड, इंटरलॉकिंग, एलईडी लाइट्स के अलावा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों का सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने भूमि पूजन कर शुभारम्भ किया।

सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने बुधवार को वन्दन योजना व खनिज न्यास अन्तर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा कराये जा रहे ढ़ाई करोड़ की लागत के विभिन्न कार्यों का भूमि पूजन किया। अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मुहल्ला सत्तीपुरा में शिवा पुरवार के मकान से बौद्ध मठ तक सीसी रोड का निर्माण, कारकदेव मन्दिर से बौद्धमठ तक इण्टरलाकिंग रोड पटरी का कार्य, बौद्धमठ मार्ग में ललिता भवन से राजकुमार के मकान तक सीसी रोड का निर्माण, ट्यूबवेल से बौद्धमठ तक इण्टरलाकिंग रोड पटरी, बौद्धमठ के पास शेड का निर्माण तथा बौद्धमठ के पास हॉल का निर्माण कराया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि बौद्ध मठ मार्ग में प्रकाश के लिए एलईडी लाइटें एवं बौद्धमठ में हाईमास्क भी लगवाए जाएंगे।

# शराब का अधिक सेवन करने से अधेड़ की मौत

**महोबा।** शहर के मुहल्ला फतेहपुर बजरिया में एक अधेड़ की अधिक शराब पीने से मौत हो गई। उसका शव रेलवे क्वार्टर के पास पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधेड़ की मौत से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मोहल्ला फतेहपुर बजरिया निवासी गंगा कुशवाहा 45 पुत्र नत्थू कुशवाहा शराब का आदी था, वह रेलवे स्टेशन में ही दुकानदारों के यहां काम करके अपना भरण पोषण करता था। किसी दुकान में पानी भरना, किसी दुकानदार का सामान लाना और किसी दुकानदार का सामान एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाने का काम करता था। जो पैसा मिलता था, उससे वह शराब भी खूब पीता था। परिजनों के समझाने के बाद भी उसने शराब की लत नहीं छोड़ी। अपने पैसों के अलावा दोस्त यारों के साथ भी पीता था। बुधवार की रात में उसने शराब पी और रेलवे क्वार्टर के पास गली में गिर गया। परिजनों ने उसकी तलाश की, तो उसका शव रेलवे क्वार्टर के पास मिला। मृतक के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।

# बिजली कनेक्शन न होने से गर्म पानी दे रहा वाटर कूलर

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


कलेक्ट्रेट परिसर में लगा वाटर कूलर।

- कलेक्ट्रेट आने वाले लोगों को नहीं मिलता ठंडा पानी
- देखरेख में लापरवाही दिखा रहा पालिका प्रशासन

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में सार्वजनिक स्थानों पर लगे वाटर कूलर समेत हैंडपंप पानी की जगह सिर्फ हवा दे रहे हैं। जहां कहीं वाटर कूलर पानी दें भी रहें तो इस गर्मी में सिर्फ खौलता पानी दें रहें है। जिससे लोगों को पानी नसीब नहीं हो रहा है। प्रशासन जानकर भी अंजान बना हुआ है जबकि लोग पेयजल संकट से परेशान हैं।

भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को ठंडा व शुद्ध पानी पिलाने के लिये नगर पालिका द्वारा मुख्यालय में जिला अस्पताल, कलेक्ट्रेट तहसील परिसर, न्यायालय परिसर, बस स्टाप, लक्ष्मीबाई पार्क, जिला पंचायत सहित कई सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर लगाया गया है। जिनकी देखरेख भी नगर पालिका प्रशासन की जाती है। बीते दो सालों से इन वाटर कूलरों की न तो मरम्मत हुई है न हीं उनकी साफ सफाई की गई है। वहीं जिलाधिकारी से फरियाद लेकर आने वाले लोगों के लिए कलेक्ट्रेट प्रांगण में वाटर कूलर लगाया गया है। जिसकी लगभग तीन वर्षों से न तो साफ सफाई हुई न हीं इसमें बिजली कनेक्शन किया गया। पानी की टंकी तो भरी रहती है, लेकिन मशीन चालू न होने से लोग मजबूरन गर्म पानी पी रहे है। इस संबंध में स्थानीय वकीलों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कई बार नगर पालिका से इस वाटर कूलर की सफाई व मशीन चालू करने के लिए शिकायत की गई। लेकिन नगर पालिका द्वारा अभी तक कोई समाधान नहीं किया गया।

# फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव, हत्या का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, महोबा


अस्पताल में जुटी परिजनों की भीड़। अमृत विचार

- एक माह पूर्व हुई थी शादी अजनर थाना क्षेत्र के पुरवा पनवाड़ी गांव का मामला
- विवाहिता के परिजन बोले हमें स्वास्थ्य खराब होने की दी सूचना

**अमृत विचार।** अजनर थाना क्षेत्र के पुरवा पनवाड़ी गांव में एक नवविवाहिता शव फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतका के परिजनों ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाना अजनर में तहरीर दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

थाना अजनर के ग्राम खमा निवासी कुंजबिहारी राजपूत ने अपनी बेटी सुलोचना राजपूत (22) की 10 मई 2025 को थाना क्षेत्र के ही ग्राम पनवाड़ीपुरवा निवासी सौरभ राजपूत के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ विवाह किया था। विवाह में सार्मथ्य से अधिक दान दहेज दिया था। मृतका के भाई मनोज राजपूत और राजबहादुर ने बताया कि शादी के बाद से ही बहन को प्रताड़ित करने लगे थे। भाइयों ने आरोप लगाया कि सुलोचना की हत्या कर उसे फांसी के फंदे पर लटका दिया गया, और हम लोगों को उसकी तबीयत खराब होने की सूचना दी गई। जब जिला अस्पताल पहुंचे तो वहां उसका शव रखा हुआ था और ससुरालीजन गायब थे। मृतका के भाइयों ने बताया कि सुलोचना ने आत्महत्या नहीं की बल्कि उसकी हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाया गया है।

मृतका के भाइयों ने थाना अजनर में दी गई तहरीर में ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के परिजनों द्वारा मिली तहरीर के बाद पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। थानाध्यक्ष अजनर ने बताया कि तहरीर मिल गई है, शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**तैयारी** डीएम ने वृक्षारोपण समिति की बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

# इस सीजन वन विभाग कराएगा 70 .43 लाख पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता महोबा


बैठक में जानकारी देते डीएफओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने समस्त उपजिलधिकारियों को वन विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों की खाली ग्राम समाज की भूमियों पर वृक्षरोपण के लिए स्थलों की समीक्षा की गई, जिससे 23 स्थलों पर बारिश से पूर्व वृहद वृक्षारोपण किया जा सके। वन विभाग 70,43,500 पौधे लगाएगा।

वृक्षारोपण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने पाया कि सभी विभागों द्वारा वर्षाकाल में किये जाने वाले वृक्षारोपण के लिये 70 प्रतिशत गड्ढ़ों का खुदान भी कर लिया गया है। डीएम ने निर्देश दिये कि 15 जून, 2025 तक अन्य सभी वृक्षारोपण कार्यदायी संस्था शत प्रतिशत गड्ढ़ों का खुदान पूर्ण कर लें। शासन की गाइड लाईन के अनुसार गड्ढ़ा खुदान कार्य 15 जून तक हर हाल में पूर्ण किया जाना है। डीएम ने उपजिलाधिकारी महोबा, चरखारी एवं कुलपहाड़, खण्ड विकास अधिकारी, कबरई, चरखारी, पनवाड़ी एवं जैतपुर तथा वन विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों की खाली पड़ी ग्राम समाज की भूमियों से बड़े वृक्षारोपण के लिए स्थलों की समीक्षा की गयी। जनपद में ग्राम पंचायतों के 23 बड़े स्थलों पर वर्षा काल 2025 में वृहद वृक्षारोपण के अन्तर्गत वृक्षारोपण किया जायेगा।

जिलाधिकारी द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी, एवं सभी खण्ड विकास अधिकारी व उपजिलाधिकारी को प्रत्येक स्थल पर पानी की उपलब्धता का स्पष्ट विवरण, सुरक्षा का स्पष्ट विवरण एवं लगाये जाने वाले पौधों की वास्तविक संख्या के अनुसार विस्तृत कार्य योजना तैयार किये जाने के लिए विभागो को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि वृहद वृक्षारोपण के स्थलों पर एक.एक अधिकारी की नोडल के रूप में वृक्षारोपण के लिए ड्यूटी लगायी जायेगी।

बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह ने अगवत कराया कि वर्ष 2025.26 में प्रदेश स्तर पर 35 करोड़ पौधों का रोपण किया जा रहा है। जिले में 7043500 पौधों का रोपण वन विभाग व 25 अन्य विभागों द्वारा मिलकर किया जायेगा। वन विभाग द्वारा 3900000 पौधे वन क्षेत्रों में लगाये जायेंगे एवं अन्य विभागों द्वारा 3143500 पौधों का रोपण किया जायेगा। डीएफओ ने बताया कि वर्षा काल 2025 में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत जिला विद्यालय निरीक्षण के सहयोग से जिले के समस्त विद्यालयों में विद्यार्थी एवं उनकी मां के द्वारा पौधें रोपित किये जायेगे। बताया कि किसानों के लिये 60 लाख से अधिक पौध वृक्षारोपण के लिये तैयार है। वन विभाग की पौधशालाओं में नीम, शीशम, कंजी, चिलबिल, आंवला, बांस, सागौन, कठ सागौन, बहेड़ा, अमरूद, कटहल, बेल आदि के स्वस्थ्य एवं अच्छी पौध उपलब्ध है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हरेन्द्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश, उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी चरखारी डॉ प्रदीप कुमार, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद तथा समस्त अन्य वृक्षारोपण कार्यदायी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व वन कर्मी मौजूद रहे।

# फुटपाथ पर दुकानदार व ग्रामीणों ने किया कब्जा

संवाददाता, पौथिया(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** राठ हमीरपुर मार्ग हाईवे किनारे स्थित बड़ी आबादी वाले पौथिया गांव में सड़क के दोनों साइडों के फुटपाथ में ग्रामीण व दुकानदारों द्वारा कब्जा करने से है लोगों को निकलने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक स्कूली बच्चे परेशान होते है, वह सड़क पर चलने के लिए मजबूर होते हैं। कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। अतिक्रमण से कभी भी बड़ी घटना घट सकती है।

बताते चलें कि एक किलोमीटर लम्बाई में गांव के दोनों साइड करीब आधा दर्जन विद्यालय है। साथ ही सड़क किनारे अस्पताल एवं मार्केट है। वहीं सुबह लोग मॉर्निंग वॉक में महिलाएं पुरुष टहलने को निकलते हैं। राठ मार्ग पर छोटे बड़े भारी वाहन बड़ी तेजी से निकलते हैं। फुटपाथ पर अतिक्रमण के चलते लोग मजबूरी में सड़क से आते जाते है। फुटपाथ पर गांव के लोग ईंटा, गिट्टी, बालू आदि रखे हैं एवं छोटे बड़े वाहन खड़े किए हैं। वहीं दुकानदार भी फुटपाथ पर समान रख कर कब्जा किए हैं। जिससे लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीण जगदीश सचान, रामगोपाल, राम खिलावन, कामता प्रसाद, रामबाबू, राजेन्द्र प्रसाद, वासुदेव, अरुण आदि लोगों उपजिलाधिकारी एवं कार्यदाई संस्था से फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। जिससे हो रही दुर्घटनाओं में विराम लग सके।

# मारपीट में दिव्यांग अधेड़ को दिया धक्का, मौत

## मऊ थाना क्षेत्र के पिपरौंद गांव की घटना, दो आरोपी गिरफ्तार, तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस तैनात

संवाददाता, मऊ/रामनगर चित्रकूट



मृतक के घर के बाहर तैनात पुलिस। अमृत विचार



मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाने पहुंचे विधायक अनिल प्रधान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मऊ थाना अंतर्गत पिपरौंद गांव में बुधवार देर शाम दो पक्षों के बीच विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। मारपीट के दौरान एक अधेड़ की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। इस संबंध में उसके पुत्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका आरोप है कि आरोपियों ने उसके पिता को मारापीटा और गला पकड़कर पटक दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। कई अन्य लोग भी घायल हुए हैं। पुलिस ने इस संबंध में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



रामशिरोमणि।

गांव निवासी राकेश सिंह (आरख) ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार शाम उसके पड़ोसी चंद्रकांत पांडेय , रजनीश पांडेय, रमानिवास पांडेय, जानू पांडेय ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें उसके पिता रामशिरोमणि (50) को गंभीर चोट आई, आरोपियों ने पिता का गला पकड़कर जमीन पर पटक दिया और लात घूसों से जमकर मारापीटा। मारपीट मे उसे, सुधीर, सुनील, मंजीत व मां गिरजा देवी को भी गंभीर चोटें आईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां रामशिरोमणि को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। क्षेत्राधिकारी यामीन अहमद और मऊ थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। सीओ ने बताया कि तहरीर के आधार पर बीती रात ही रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। आरोपी चंद्रकांत पांडेय उर्फ छोटू, रजनीश पांडेय को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। उधर, सदर विधायक अनिल प्रधान ने पोस्टमार्टम हाउस में पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली और पुलिस अधिकारियों को फोन कर दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से बातें होंगी साफ : एसपी

- पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि लोगों की सूचना पर पीआरवी मौके पर पहुंची थी और बेहोश रामशिरोमणि को अस्पताल ले गई थी, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया कि परिजनों के अनुरोध के अनुसार, चिकित्सकों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया जाएगा। तहरीर में सिंह उपनाम लिखने संबंधी बात पर विवाद की बात नहीं लिखी गई है। यह जरूर पता चला है कि सोशल मीडिया चैट में कुछ युवकों ने ऐसा किया था। विवेचना में दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।

### पुत्र ने लगाए आरोप

- चर्चा रही कि पांडेय परिवार के लोगों को इस बात की खुन्नस थी कि यह परिवार अपने नाम के आगे सिंह क्यों लगाता है। इस बात की पुष्टि मृतक के पुत्र राकेश ने पोस्टमार्टम हाउस में भी की। उसने आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष के लोगों को उन लोगों को अपने नाम में सिंह लिखने को लेकर आपत्ति थी। एक छोटे बच्चे को दस से बारह लोग दौड़कर मार रहे थे। वह हमारे घर आया। उसे बचाने की कोशिश में पिता की जान चली गई और पांच लोग घायल हो गए। नाम के आगे सिंह लगाने को लेकर यह भी चर्चा रही कि थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने भी यही बात विवाद की वजह के रूप में बताई थी। हालांकि एसओ ने इस बात को नकारा।

**बच्चों का था आपस में विवाद**

ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य विवाद बच्चों के बीच क्रिकेट मैच को लेकर हुआ झगड़ा था। बताया गया कि इस विवाद को घरों के युवकों ने आन की बात बना लिया। चर्चा है कि तालाब के किनारे बसे आरख बिरादरी के राजकुमार के लड़के ज्ञानू, मंजीत, सुधीर, सुनील से गांव के ही पांडेय परिवार के छोटू, रजनीश, जानू और रमानिवास आदि से मारपीट हुई। इस दौरान राजकुमार का पुत्र जान बचाकर पास ही में रामशिरोमणि आरख के घर छिप गया, जिसे निकालने के लिए पांडेय परिवार के लोग पहुंच गए। तभी रामशिरोमणि ने इसका विरोध किया। आरोपियों ने रामशिरोमणि को धक्का दे दिया। दिव्यांग रामशिरोमणि वहीं पर गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। रामशिरोमणि का तालाब किनारे कच्चा घर है। परिजनों ने बताया कि करीब दस साल पहले मऊ-छीबों मार्ग पर रामशिरोमणि जीप चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। तब एक सड़क दुर्घटना में जीप पलटने से रामशिरोमणि का पैर टूट गया था और वह दिव्यांग हो गया था।

# पुलिस के वाहन को टक्कर मारी चालक गिरफ्तार

**राजापुर।** गुरुवार को पुलिस विभाग में उस समय हड़कंप मच गया जब यह खबर आई कि गश्त में ड्यूटी के दौरान डायल 112 के पुलिसकर्मियों पर बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। बताया गया कि इसमें एक सिपाही भी घायल हुआ। सोशल मीडिया में वायरल खबर में यह भी जानकारी दी गई कि पिकअप में कुछ लोग आम लादकर मप्र की ओर जा रहे थे कि पुलिस ने इनको नादिन कुर्मियान के पास रोका। इस पर ये लोग पुलिस पर हमलावर हो गए। हालांकि थाना पुलिस ने इस बात का खंडन किया। एसओ प्रवीण सिंह ने बताया कि बुधवार की रात पीआरवी वाहन गश्त कर रही थी कि यमुना पुल की ओर से आ रही एक पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। इसमें सिपाही बाल बाल बच गए। बताया कि सोशल मीडिया में चल रहा समाचार एक अफवाह है। टक्कर मारने वाली पिकअप को पकड़ कर रिपोर्ट पंजीकृत की गई है। उधर, इस संबंध में पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि नादिन कुर्मियान के पास कुंडा से मप्र जा रही आम लदे लोडर वाहनों में से एक ने पीआरवी वाहन में टक्कर मार दी, जिससे यह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिसकर्मियों ने वाहन और चालक को पकड़ लिया। पकड़े गए वाहन और चालक पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



इस तरह घाट पर जमा है सिल्ट। अमृत विचार

# 15 दिन से सीढ़ियों पर पड़ी है सिल्ट, जिम्मेदार बेफिक्र

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- बुंदेली सेना ने अधिकारियों की लापरवाही पर जताया रोष

**अमृत विचार।** पिछले लगभग 15 दिन से तीर्थक्षेत्र में मध्य प्रदेश अंतर्गत रामघाट की सीढ़ियों पर मंदाकिनी से निकली सैकड़ों ट्राली सिल्ट पड़ी हुई है और जिम्मेदार आंखें मूंदे हुए हैं। इस संबंध में बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने रोष जताते हुए कहा कि प्रशासन के लोग इंतजार कर रहे हैं कि पानी बरसे और सिल्ट फिर नदी में समाहित हो जाए। उन्होंने सतना जिलाधिकारी से इस ओर ध्यान देने और सिल्ट हटवाने का अनुरोध किया है।

अजीत ने बताया कि मध्य प्रदेश अंतर्गत नयागांव क्षेत्र के रामघाट में बड़ी मशक्कत के बाद मंदाकिनी की सिल्ट निकाली गई थी। अधिकारियों ने मशीन लगाकर सिल्ट खुदवाई और सैकड़ों ट्राली मिट्टी नदी से बाहर निकाली। बिजावर मंदिर के सामने घाट की सीढ़ियों पर इस मिट्टी को डाल दिया गया । अब लगभग 15 दिन का समय बीत जाने के बाद भी जिम्मेदार चुप्पी साधे हैं । जून में कभी भी बारिश हो सकती है और अगर ऐसा हुआ ता सिल्ट वापस नदी में चली जायेगी । बुंदेली सेना ने सतना कलेक्टर से मांग की है कि जल्द से जल्द घाट पर पड़ी सिल्ट को हटवाया जाए। साथ ही अनुरोध किया कि नयागांव के छोटेपुल से लेकर बूडे हनुमानजी के सामने मध्य प्रदेश क्षेत्र में भी घाट का निर्माण कराया जाए। यूपी सीमा में घाट बूढ़े हनुमानजी मंदिर तक बना है। सामने मध्य प्रदेश क्षेत्र में भी घाट बन जाए तो आने वाले समय में श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा।

# सीडीओ ने दी चेतावनी श्रेणी में करें सुधार अन्यथा होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



सीएम डैशबोर्ड के तहत विभागों की समीक्षा करतीं मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर।

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आगाह किया कि जिन विभागों को ए प्लस से कम श्रेणी प्राप्त हुई है, वे सुधार करें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि संबंधित बिंदुओं में प्रगति बनी रहनी चाहिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड को निर्देशित किया कि विभाग की पांच योजनाओं की जगह डैशबोर्ड पर चार ही दिखाई जा रही हैं, मुख्यालय पत्राचार कर सुधार कराएं। बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा डैशबोर्ड की समीक्षा की जाती है। किसी भी स्थिति में रैंकिंग में गिरावट नहीं होनी चाहिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल यादव, डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी एसके मिश्रा, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जीएम डीआईसी एसके केशरवानी, एलडीएम अनुराग शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, राजेंद्र कुमार, प्रतिभा पांडेय, भानु चंद्रा आदि रहे।

# आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** बहिलपुरवा पुलिस ने आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। सात जून को मऊ निवासी इमामुनिशा पत्नी रफी मोहम्मद ने तहरीर दी थी कि आरोपियों ने उसकी पुत्री को मारपीट कर प्रताड़ित किया, जिससे दुखी होकर उसने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। इस सूचना पर थाने में सद्दाम पुत्र अब्बास, सद्दाम की मां निवासीगण सेमरिया चरणदासी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। गुरुवार को पुलिस ने सद्दाम हुसैन को गिरधार बाबा तिराहा से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में एसआई अरविंद कुमार सिंह, आरक्षी धीरेंद्र यादव शामिल रहे।

# पुनः संचालित हो सकता है अस्थायी रोडवेज बस अड्डा

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- पूर्व विधायक आनंद शुक्ला ने परिवहन मंत्री से की मुलाकात



लखनऊ में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मुलाकात करते पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, साथ में परिवहन विभाग के एमडी मासूम अली सरवर।

**अमृत विचार।** अगर पूर्व विधायक और वरिष्ठ भाजपा नेता आनंद शुक्ला के प्रयास रंग लाए तो लोगों को एक खुशखबरी मिल सकती है कि ट्रैफिक चौराहे के पास अस्थायी बस अड्डा एक बार फिर जनता के लिए खोला जा सकता है।

बीते शुक्रवार की शाम प्रशासन ने इस बस अड्डे को बैरीकेडिंग लगाकर यहां से बसों का संचालन बंद कर दिया था। प्रशासन के इस निर्णय को लेकर लोगों में भारी आक्रोश उत्पन्न हुआ था। विपक्ष ही नहीं सत्ता पक्ष के लोगों ने भी इस निर्णय की आलोचना की थी। उधर, परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना था कि बिना उनका पक्ष सुने एकतरफा निर्णय लिया गया। बुधवार को इसी मुद्दे को लेकर मानिकपुर के पूर्व विधायक व वरिष्ठ भाजपा नेता आनंद शुक्ला ने लखनऊ जाकर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मुलाकात की। पूर्व विधायक ने बताया कि उन्होंने मंत्री को प्रशासन के इस निर्णय से जनता को होने वाली दिक्कतों की जानकारी दी। बताया कि इस पर मंत्री ने उनकी बात से सहमति जताई और कहा कि सरकार लोगों को नए बस अड्डे खुलवाकर सहूलियत देने की कोशिश कर रही है और इस तरह के निर्णय ठीक नहीं। उन्होंने बताया कि परिवहन मंत्री ने उसी समय यूपी एसआरटीसी के एमडी मासूम अली सरवर और अन्य अधिकारियों को बुलाकर उनसे भी मामले की जानकारी की। एमडी ने भी इस निर्णय को लेकर आपत्ति जताई और बताया कि सालों से यह बस अड्डा चल रहा है और बीच शहर में होने से इससे लोगों को काफी सुविधा होती है। आनंद शुक्ला ने बताया कि परिवहन मंत्री ने उसी समय जिलाधिकारी चित्रकूट से बात की और इस संबंध में लोगों की सहूलियत और सुविधा के अनुसार निर्णय लेने के निर्देश दिए। पूर्व विधायक ने बताया कि मंत्री के सकारात्मक रुख से उम्मीद बंधी है कि जल्द ही पुराने बस अड्डे को खोल दिया जाएगा।

## गाली देने की सजा...



**मऊ (चित्रकूट)।** मऊ थाना क्षेत्र की खंडेहा चौकी अंतर्गत ग्राम चित्रवार में एक युवक रिंकू प्रजापति को उसके चाचा ने उसे घर के बाहर लकड़ी के खंभे में हाथ पैर बांधकर इसलिए पीटा कि उसने उसे गाली दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बंधक युवक को छुड़वाया और आरोपियों सहित थाने ले गई। सीओ यामीन अहमद ने बताया कि युवक के चाचा गया प्रसाद प्रजापति पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# कुलपति को मिला पर्यावरण मित्र सम्मान

**सीतापुर।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. भरत मिश्रा को मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पर्यावरण मित्र सम्मान से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें मंदाकिनी नदी के संरक्षण और स्थानीय पर्यावरण के संवर्धन में योगदान के लिए प्रदान किया गया है। शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने प्रो. मिश्रा को मिले इस सम्मान पर हर्ष व्यक्त किया है।



प्रो. भरत मिश्रा।

# चार आरोपियों को किया जिला बदर

संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 04 आरोपियों को जिला बदर करने का फरमान जारी किया है। जिसमें जिला बदर किये गये आरोपियों में पुष्पेंद्र सिंह निवासी ककोर खुर्द थाना दिबियापुर, विमल कुमार उर्फ विमल यादव पुत्र रमेश कुमार उर्फ रमेश यादव निवासी ककोर खुर्द थाना दिबियापुर, अनुज उर्फ अनुज कुमार पुत्र इंद्रपाल यादव निवासी ककोर खुर्द थाना दिबियापुर, अनुराग उर्फ गोलू उर्फ गोलू यादव पुत्र इंद्रपाल यादव निवासी ककोर खुर्द थाना दिबियापुर को गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जिला बदर करने का फरमान जारी किया है। इन सभी अपराधियों पर विभिन्न थानों में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज हैं। जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को निष्कासन अवधि के दौरान इन पर कड़ी नजर रखने एवं जनपद की सीमा में 06 माह तक प्रवेश न करने के लिए व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

# टास्क फोर्स ने रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट




रैली निकालते टास्क फोर्स के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर गुरुवार को जिलाधिकारी द्वारा गठित टास्क फोर्स ने रैली निकाल कर विशेष अभियान की शुरुआत की।

अभियान की इस वर्ष की थीम है, प्रगति स्पष्ट है। अभी काम और करना है। आइए इसे प्रयासों में लाएं। इस मौके पर बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह के नेतृत्व में सहायक श्रम अधिकारी महेन्द्र शुक्ला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राकेश माथुर राजेश दुबे एसजीपीयू प्रभारी सदानन्द सिंह श्रभुवन सिंह चाइल्ड लाइन सन्वय विशेष कुमार त्रिपाठी श्यामानन्द अरविन्द कुमार जन शिक्षा प्रसाद समिति से शंकरदयाल पयासी जन साहस शिवकुमार सवित्री देवी सहित सैकड़ों नागरिक अभियान का हिस्सा रहे।

**जागरूकता** | आम लेने के पहले उसे अच्छे से जांचिए, कहीं स्वास्थ्य से न हो जाये खिलवाड़, हो सकती हैं गंभीर बीमारियां

# बाजार में बिक रहे हैं केमिकल से पके आम, रहें सावधान

अभिनव राज त्रिपाठी, मऊ चित्रकूट



बाजार में बिक रहे केमिकल से पके आम।

**अमृत विचार।** बाजार में हर ओर दशहरी व चौसा जैसे लोकप्रिय और स्वादिष्ट आमों की भरमार है। पर इन्हें खरीदने और इनका स्वाद लेने के पहले कुछ जरूरी बातों पर ध्यान देना जरूरी है। कहीं ऐसा न हो कि स्वाद के चक्कर में आप अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर बैठें।

दरअसल, इस वक्त बाजारों में केमिकल से पके आमों की आवक बढ़ गई है। समय से पहले आमों के तुड़ान और उन्हें जल्द पकाकर मुनाफा पाने की होड़ में इन्हें केमिकल से पकाया जा रहा है, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। ऐसे में कई बार लोग आम खाकर जहां बीमार हो रहे हैं तो वहीं कैंसर जैसी घातक बीमारी का जोखिम भी ले रहे हैं। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अनुसार, आमों को पकाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाले केमिकल (कैल्शियम कार्बाइड) में कैंसरकारी गुण होते हैं और इसका इस्तेमाल अक्सर वेल्डिंग में किया जाता है। आमतौर पर यह बाजारों में सस्ता और आसानी से मिल जाता है, जिसके चलते आमों को पकाने के लिए इसका अंधाधुंध प्रयोग होता है। इसकी रोकथाम को लेकर खाद्य एवं सुरक्षा प्रशासन विभाग के जिम्मेदार उदासीन बने हुए हैं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ



आईएमएस बीएचयू के इंटर्न डॉक्टर ऋषभ भार्गव बताते हैं कि कार्बाइड व अन्य रसायनों से पकाए गए आम, केला व अन्य फलों के प्रयोग से पेट में अल्सर हो सकता है। किडनी और लीवर पर दुष्प्रभाव पड़ता है।



डॉक्टर मो. हारून बताते हैं कि कैल्शियम कार्बाइड एक बार पानी में घुल जाने पर एसिटिलीन का उत्पादन करता है। माना जाता है कि एसिटिलीन मस्तिष्क को आक्सीजन की आपूर्ति को कम कर तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है।



वरिष्ठ चिकित्सक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छीबों डॉ. अजीत शर्मा बताते हैं कि कृत्रिम रूप से पकाए गए आम के खाने से लोगों को पेट दर्द, लूज मोशन इत्यादि की शिकायत होने की आशंका ज्यादा रहती है। जानकारी ही बचाव है।

डॉ. अजीत शर्मा



राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान वारंगल में केमिकल ब्रांच के शोध छात्र संकल्प त्रिपाठी बताते हैं कि कार्बाइड जिसे आमतौर पर मसाला के नाम से जाना जाता है, इसका रासायनिक फार्मूला सीएसीटू है। इसका इस्तेमाल एसिटिलीन के स्रोत के तौर पर ब्लोटार्च और वेल्डिंग आदि के कार्यों के लिए किया जाता है।

### खुशबू से करें पहचान

- कुछ जानकारों ने आम की पहचान के तरीके भी बताए हैं। प्राकृतिक रूप से पके आमों में मीठे फल जैसी सुगंध होती है, जबकि कृत्रिम तरीके से पकाए गए आमों में कोई केमिकल वाली या अलग सी गंध हो सकती है।

### बेकिंग सोडा से जानें

- पानी में थोड़ा बेकिंग सोडा मिलाएं, और फिर आमों को इसमें 15-20 मिनट के लिए भिगो दें। बाद में आमों को धो लें और अगर आम का रंग बदल जाता है, तो काफी हद तक संभावना है कि वे केमिकल से पके हैं।

### चखकर देखें

- केमिकल वाले आम ज्यादा चिकने और चमकदार दिखने के बाद भी स्वाद फीका या अजीब हो सकता है। अगर आम का स्वाद खराब है या अजीब फीका लगे तो हो सकता है कि उसे ऑर्टिफिशियल तरीके से पकाया गया है।

### पानी में भिगोकर देखें

- केमिकल वाले आम की पहचान करने के लिए आमों को पानी की एक बाल्टी में डालें। अगर आम डूब जाते हैं, तो वे नेचुरल रूप से पके हुए हैं। अगर वे तैरते हैं, तो उन्हें केमिकल की मदद से पकाया गया है।

### फलों की जांच के दिए गए निर्देश : खाद्य अभिहित अधिकारी

- खाद्य अभिहित अधिकारी डॉ. प्रियंका सिंह ने बताया कि इस मौसम में फलों की जांच के लिए निर्देश जारी हैं। निरीक्षण लगातार किए जा रहे हैं। जब उनको बताया गया कि बाजार में केमिकल युक्त आम बिक रहे हैं तो उन्होंने कहा कि यह आम आसानी से पहचाना नहीं जा सकता। इसे लैब में ही चेक किया जा सकता है। आप उसे नहीं जान सकते हैं। यहां पर अभी तक ऐसी कोई सूचना नहीं प्राप्त हुई है कि फल खाने से कोई बीमार हुआ हो। यदि केमिकल युक्त आम कोई पका रहा है तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# खेती और पशुपालन की किसानों को दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 को एक मिशन के रूप में आयोजित किया जा रहा है।इसी के तहत विकास खंड भाग्यनगर की ग्राम पंचायत-अजमतपुर, बिलराई एवं नियामतपुर बैहारी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न ग्रामों से आये लगभग 200 से 250 कृषकों द्वारा प्रत्येक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। जिन्हें कृषि से सम्बन्धित नवीनतम तकनीकी जानकारी, दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस मौके पर पशुपालन व उद्यान विभाग के अधिकारियों द्वारा विभाग में चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा एग्रीस्टेक योजनान्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री, पीएम किसान सम्मान निधि में आ रही समस्याओं के समाधान, मृदा स्वास्थ्य एवं प्राकृतिक खेती एवं विभाग द्वारा चलायी जा रही है।



जानकारी देते कृषि अधिकारी। अमृत विचार

## एक नजर

### ओला के कृत्रिम ने अपना एआई असिस्टेंट कृति पेश किया

**नई दिल्ली।** ओला समूह की एआई इकाई कृत्रिम ने गुरुवार को अपना खुद का एआई असिस्टेंट कृति पेश किया। इसे कैब बुकिंग, खानपान का सामान ऑर्डर करने, बिल भुगतान, तस्वीरें बनाने और गहन शोध जैसे कार्यों को पूरा करने के लिए विकसित किया गया है। कंपनी का दावा है कि 'कृति' भारत का पहला एआई असिस्टेंट है जो चैटबॉट की निष्क्रिय प्रतिक्रियाओं से आगे बढ़कर निर्देशित कार्य को अपने स्तर पर पूरा करने और उन्नत तार्किक क्षमताओं की पेशकश करता है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने ब्याज दर में 0.5 % की कटौती की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने रेपो आधारित कर्ज पर ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। इस कटौती से रेपो दर से जुड़े घर, कार, शिक्षा और अन्य खुदरा कर्ज सस्ते होंगे।

# प. एशिया में तनाव, सेंसेक्स 823 अंक टूटा

## निफ्टी 25,000 अंक से नीचे फिसला, वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख से बाजार को नुकसान

**मुंबई, एजेंसी**



स्थानीय शेयर बाजार में गुरुवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 823 अंक लुढ़क गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 25,000 अंक से नीचे आ गया। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 823.16 अंक यानी एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,691.98 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 991.98 अंक तक का गोता लगा गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 253.20 अंक यानी 1.01 प्रतिशत टूटकर 24,888.20 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ, पिछले छह कारोबारी सत्रों से निफ्टी में जारी तेजी थम गयी। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स, टाइटन, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), पावर ग्रिड, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स और टेक महिंद्रा शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में गिरावट का रुख चौतरफा होता जा रहा है। मूल्यांकन संबंधी चिंताएं और पश्चिम एशिया में तनाव के कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। उन्होंने कहा, अमेरिका, कई प्रमुख व्यापार साझेदारों पर एकतरफा शुल्क वृद्धि पर विचार कर रहा है। इससे भी अनिश्चितता बढ़ने की आशंका है।

### निवेशकों को 5.98 लाख करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के चलते गुरुवार को निवेशकों की संपत्ति 5.98 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई सेंसेक्स में एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5,98,759.27 करोड़ रुपये घटकर 4,49,58,383.92 करोड़ रुपये (5,260 अरब डॉलर) रह गया। बीएसई पर 2,729 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 1,282 शेयरों में तेजी आई और 140 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# भारत, यूरोपीय संघ व्यापार समझौते के लिए गैर-टैरिफ बाधाओं को दूर करना महत्वपूर्ण: गोयल

**स्टॉकहोम (स्वीडन), एजेंसी**



● उद्योग मंत्री ने कहा- एफटीए वार्ता को अंतिम रूप देने के काफी करीब

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए गैर-शुल्क बाधाओं का समाधान ढूंढना महत्वपूर्ण है और दोनों पक्ष इन मुद्दों के समाधान के लिए सक्रियता से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता को अंतिम रूप देने के काफी करीब हैं।

गोयल ने यहां पत्रकारों से कहा, महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। आधे से अधिक खंड तैयार हैं। विषय-वस्तु के संदर्भ में, मैं कहूंगा कि हम बाजार पहुंच के लिए करीब 90 प्रतिशत तैयार हैं। जिन महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान दिया जाना है, वे हैं.. गैर-शुल्क बाधाएं और यूरोपीय संघ तथा भारत के बीच व्यापार को कैसे सहज, आसान व बेहतर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ दोनों पक्षों की कंपनियों के लिए कारोबार को सुचारू बनाने के समाधान ढूंढने के लिए सक्रिय रूप से चर्चा कर रहे हैं। मंत्री ने कहा, देश जब तक यह नहीं समझते कि व्यापार में अत्यधिक विनियमन एवं बाधाओं का जवाब, जवाबी कार्रवाई से दिया जाएगा तब तक सभी को नुकसान होगा। हम विनियमन को समाप्त करने, विनियमन की उच्च लागत, इन विनियमों के कारण उत्पन्न होने वाली गैर-शुल्क बाधाओं और मुक्त व्यापार में आने वाली बाधाओं का समाधान खोजने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### विश्वसनीय साझेदारों के साथ लाभकारी व्यवस्था के लिए तैयार

**स्टॉकहोम (स्वीडन)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत, अपने विश्वसनीय व्यापारिक साझेदारों के साथ गुणवत्ता मानकों से संबंधित नियमों के क्रियान्वयन पर पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यवस्था के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत देश में गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए क्यूसीओ (गुणवत्ता नियंत्रण आदेश) को क्रियान्वित कर रहा है। गोयल ने कहा कि घरेलू व आयातित वस्तुओं के लिए नियम, मानक तथा प्रक्रिया समान हैं और भारत घरेलू विनिर्माताओं एवं विदेशी आपूर्तिकर्ताओं के बीच कोई भेदभाव नहीं करता है।

## भारत का डिजिटल बुनियादी ढांचा विकास में ला सकता है बड़ा बदलाव

**सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका), एजेंसी**



● डेटाब्रिक्स के सीईओ व सह-संस्थापक अली घोडसी ने दी जानकारी

डेटाब्रिक्स के सीईओ व सह-संस्थापक अली घोडसी ने कहा कि भारत का डिजिटल बुनियादी ढांचा विकास में एक बड़ा बदलाव ला सकता है, जिसने देश को अधिकतर अन्य देशों से आगे रखा है।

डेटाब्रिक्स डेटा + एआई समिट 2025' पर बुधवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन ने घोडसी ने कहा कि भारत ऐसे समय में उन्नति कर रहा है जब कई अन्य क्षेत्रों एवं देशों में मंदी एक चिंता का विषय है। घोडसी ने भारत के बारे में द्वारा पूछे गए एक सवाल पर कहा, पिछले दशक में भारत ने व्यापक डिजिटल बुनियादी ढांचा खड़ा किया है जो एक बड़ा बदलाव ला सकता है। हमारे यहां या दूसरे देशों में भी ऐसा नहीं है। भारत अब दुनिया के अधिकतर दूसरे देशों की तुलना में डिजिटल बुनियादी ढांचे के मामले में आगे है।

## छह साल के निचले स्तर पर पहुंची खुदरा महंगाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● खाद्य कीमतों में नरमी से मई में 2.82 प्रतिशत पर आई

सब्जियों एवं फलों की कीमतों में नरमी आने से मई महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर छह साल के निचले स्तर 2.82 प्रतिशत पर आ गई। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में 3.16 प्रतिशत और मई, 2024 में 4.8 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में खाद्य मुद्रास्फीति 0.99 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले के समान महीने के 8.69 प्रतिशत के मुकाबले काफी कम है। मई, 2025 की खाद्य मुद्रास्फीति का यह आंकड़ा अक्टूबर, 2021 के बाद सबसे कम है। एनएसओ ने कहा, मई, 2025 में मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से दालों एवं इसके उत्पादों, सब्जियों, फलों, अनाज एवं इसके उत्पादों, घरेलू सामान और सेवाओं, चीनी एवं कन्फेक्शनरी और अंडे की कीमतों में गिरावट और अनुकूल आधार प्रभाव के कारण है।

### भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह में 200 से अधिक कार विनिर्माता लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह (आईईएसडब्ल्यू) में 200 से अधिक घरेलू यात्री कार विनिर्माता और अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। उद्योग निकाय इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए) आठ जुलाई से 10 जुलाई तक नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में आईईएसडब्ल्यू के 11वें संस्करण की मेजबानी करेगा। 200 से अधिक घरेलू यात्री कार विनिर्माताओं और अंतरराष्ट्रीय ईवी विनिर्माताओं के आने का अनुमान है। जिससे भारत के वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के दृष्टिकोण को बल मिलेगा।

## कोल इंडिया के कर्मियों के लिए ड्रेस कोड जुलाई से होगा लागू

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड निर्धारित कर दिया है जिसे जुलाई से लागू किया जाएगा। निदेशक मंडल ने हाल ही में हुई बैठक में अपने कर्मचारियों के लिए एक समान ड्रेस कोड लागू करने का निर्णय लिया।

जुलाई से पुरुष कर्मचारी गहरे नीले रंग की पैंट और आसमानी रंग की शर्ट पहनेंगे। वहीं महिला कर्मचारियों को हल्के आसमानी रंग का कुर्ता तथा गहरे नीले रंग की सलवार व दुपट्टा या गहरे नीले रंग के बॉर्डर वाली हल्के आसमानी रंग की साड़ी व गहरे नीले रंग का ब्लाउज पहनना होगा।

## ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स 2025 में भारत 131वें स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** डब्ल्यूईएफ की 'ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में भारत पिछले साल की तुलना में दो स्थान फिसलकर 148 देशों की सूची में 131वें स्थान पर पहुंच गया है। गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, मात्र 64.1 प्रतिशत के स्कोर के साथ भारत दक्षिण एशिया में सबसे निचली रैंक वाले देशों में से एक है। पिछले साल भारत 129वें स्थान पर था। वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक में लैंगिक समानता को चार प्रमुख आयामों-आर्थिक भागीदारी व अवसर, शैक्षिक उपलब्धि, स्वास्थ्य व जीवन रक्षा, तथा राजनीतिक सशक्तीकरण के आधार पर आंका जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के समग्र प्रदर्शन में +0.3 अंकों का सुधार हुआ। भारत में जिन आयामों में समानता बढ़ी है, उनमें से एक आर्थिक भागीदारी और अवसर है, जहां इसका स्कोर +.9 प्रतिशत अंक बढ़कर 40.7%हो गया है। जबकि अधिकांश संकेतक मूल्य समान रहे हैं, अनुमानित अर्जित आय में समानता 28.6 से बढ़कर 29.9 प्रतिशत हो गई।

# राष्ट्रीय

# महिलाओं को 33% आरक्षण देने को प्रतिबद्ध

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को देश के इतिहास में महत्वपूर्ण बताया

**नागपुर, एजेंसी**



नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि मोदी सरकार लोकसभा तथा विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को देश के इतिहास में बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे पहले के 60 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में जो नहीं हो सका, उसे वर्तमान सरकार ने हासिल किया है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर नागपुर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष के अंत तक देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत घटकर नौ प्रतिशत पर आ जाएगी, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा तथा कारोबार और उद्योगों के विकास में मदद मिलेगी। महिला आरक्षण के मुद्दे पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में गडकरी ने कहा, महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना हमारी प्रतिबद्धता है और हमने इस संबंध में निर्णय भी लिया है। सितंबर 2023 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला आरक्षण विधेयक - नारी शक्ति वंदन अधिनियम - को अपनी मंजूरी दी थी, जिसका उद्देश्य लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करना है। ऐसी खबरें हैं कि मोदी सरकार 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू कर सकती है। उन्होंने देश में सड़क अवसंरचना विकास पर आईआईएम बैंगलोर, आईआईटी कानपुर और आईआईटी चेन्नई द्वारा किए गए एक अध्ययन का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत जो पहले 16 प्रतिशत थी, वह घटकर 10 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने इसे एक बेहतर उपलब्धि बताया और कहा कि इससे देश के जीडीपी की वृद्धि में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, हमारे देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत 16 प्रतिशत थी, जबकि चीन की आठ प्रतिशत और अमेरिका तथा यूरोपीय देशों की 12 प्रतिशत थी।

### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने दो लाख साइबर हमलों को विफल किया: मनोहर लाल

**श्रीनगर।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक सप्ताह में भारत की बुनियादी ऊर्जा अवसंरचना को निशाना बनाकर किए गए लगभग दो लाख साइबर हमलों को देश ने विफल कर दिया। मनोहर लाल ने यहां पत्रकारों से कहा, प्रौद्योगिकी में प्रगति के बाद से यहां- साइबर हमले या साइबर अपराध- जैसे नए खतरे सामने आए हैं। इनमें वृद्धि हुई है, लेकिन सरकार ने इसपर काम किया है और हमारी साइबर सुरक्षा ने ऐसे सभी खतरों को लगभग रोक दिया है। वह भाजपा-नीत केंद्र सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

# सोनम के मायके के बाहर सन्नाटा, पड़ोसी भी चाहते हैं दोषियों को मिले सजा-ए- मौत

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**



इंदौर के गोविंद नगर खारचा इलाके की एक संकरी गली में सोनम रघुवंशी के मायके के उस घर के बाहर इन दिनों सन्नाटा पसरा है जो महीना भर पहले रिश्तेदारों की आवाजाही के बीच शादी की रौनक से गुलजार था। सोनम (25) को मेघालय में हनीमून के दौरान अपने पति राजा रघुवंशी (29) की साजिशन हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

सोनम पर आरोप है कि उसने अपने कथित प्रेमी राज कुशवाहा (20) के साथ मिलकर भाड़े के तीन हत्यारों के जरिये अपने पति की हत्या कराई ताकि उसे रास्ते से हटाया जा सके। राजा रघुवंशी हत्याकांड के पांचों आरोपी फिलहाल मेघालय पुलिस की हिरासत में हैं जिनसे पूछताछ के जरिये इस वारदात की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। चश्मदीदों ने बताया कि देश भर में चर्चा का केंद्र बने इस मामले में सोनम की गिरफ्तारी के बाद उसके मायके के घर का दरवाजा अधिकांश समय बंद रहता है। राजा रघुवंशी हत्याकांड में मेघालय पुलिस के खुलासे के बाद सोनम के मायके के आस-पास रहने वाले लोगों को शुरुआत में हैरानी हुई। हालांकि, जैसे-जैसे इस मामले की परतें खुलती जा रही हैं, इस वारदात को लेकर उनका आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोनम के परिवार को पिछले कई बरस से जानने वाले विनोद श्रीवास्तव ने कहा,राजा रघुवंशी के साथ बहुत बड़ा अन्याय हुआ है। रघुवंशी हत्याकांड की जो कहानी सामने आई है, उससे हमारे इलाके का नाम खराब हुआ है।

मैं चाहता हूं कि इस मामले के सभी दोषियों को सजा-ए-मौत दी जाए ताकि आइंदा कोई ऐसे जुर्म को अंजाम देने की जुर्रत न कर सके। श्रीवास्तव ने बताया, मैं सोनम को बचपन से देखता आ रहा हूं। मुझे वह एक आम व्यक्ति की तरह ही लगी, पर यह कोई कैसे जान सकता है कि किसी महिला के मन में क्या चल रहा है?

### अभिनेता ने ली सेल्फी



बेंगलुरु में बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जागरूक करने और संयुक्त राष्ट्र नशा विरोधी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्रों के साथ सेल्फी ली। एजेंसी

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में पिछले तीन दिन में दो महिला नक्सली समेत तीन इनामी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को पूर्व बस्तर डिवीजन में कंपनी नंबर छह में सक्रिय नक्सली भीमा उर्फ ढोलू उर्फ दिनेश पोड़ियाम (40) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि उस पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित है।

### ईपीएफओ ने तीन दिन में 50 प्रतिशत दावों को निपटाया

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ ने चालू वित्त वर्ष में अब तक दावा करने के तीन दिन के ही भीतर लगभग 50 प्रतिशत दावों का निपटारा किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस अधिकारी ने पांच जून तक के आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने एक अप्रैल, 2025 से पांच जून, 2025 के बीच तीन दिन के भीतर कुल 68.96 लाख दावों का निपटारा किया है।

## पुलिस पर टिप्पणी के मामले में कोर्ट ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री को किया बरी

**हैदराबाद।** तेलंगाना की एक अदालत ने पुलिस पर टिप्पणी करने के मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को बृहस्पतिवार को बरी कर दिया । पुलिस के खिलाफ कथित तौर पर टिप्पणी करने के लिए 2023 में उनके खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया था ।

सांसद -विधायक अदालत ने अपने फैसले में कहा कि आरोपी को भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज मामले में दोषी नहीं पाया गया। फैसले में कहा गया, इसलिए आरोपी को बरी किया जाता है। अपने खिलाफ मामले में रेड्डी इस साल दो बार अदालत के सामने पेश हुए थे।

## आरएसएस नेता की हत्या मामला : एनआईए ने एक और आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र किया दाखिल

**नई दिल्ली।** एनआईए ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के सदस्यों द्वारा केरल में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या से संबंधित मामले में एक और आरोपी के खिलाफ गुरुवार को आरोपपत्र दाखिल किया।

अधिकारियों ने बताया कि केरल के एर्णाकुलम स्थित विशेष एनआईए अदालत के समक्ष दायर पूरक आरोपपत्र में रफीक एम एस पर तत्कालीन भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में 64वें आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया। एनआईए ने कहा गया है कि हत्या की साजिश 2047 तक भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने के पीएफआई के एजेंडे का हिस्सा थी। अब तक इस मामले में 71 आरोपियों की पहचान कर ली है।

## बेंगलुरु भगदड़: हाईकोर्ट ने आरसीबी के विपणन प्रमुख और तीन अन्य को रिहा करने के दिए निर्देश

**बेंगलुरु, एजेंसी**



कर्नाटक उच्च न्यायालय ने चार जून को बेंगलुरु में मची भगदड़ के सिलसिले में गिरफ्तार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) विपणन प्रमुख निखिल सोसले और तीन अन्य लोगों को बृहस्पतिवार को रिहा करने का आदेश दिया। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

उच्च न्यायालय से राहत पाने वाले अन्य लोगों में सुनील मैथ्यू, किरण कुमार एस और कार्यक्रम आयोजक कंपनी 'डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड' के शमंत एनपी माविनाकेरे शामिल हैं। उन्हें छह जून को गिरफ्तार किया गया था। न्यायालय ने गिरफ्तार किये गये लोगों से अपना पासपोर्ट जमा करने को कहा है। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की पहली खिताबी जीत का जश्न मनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गयी थी। न्यायमूर्ति एसआर कृष्ण कुमार ने 11 जून को दलीलें सुनने के बाद सोसले की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोसले और अन्य याचिकाकर्ता फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने नौ जून को सोसले और गिरफ्तार अन्य तीन लोगों को स्थानीय मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष पेश किया और नौ दिन की हिरासत मांगी थी लेकिन अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले का इंतजार करते हुए मामले की सुनवाई को टाल दिया था।

## एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले एनसीसी सदस्यों को राजनाथ ने किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एवरेस्ट पर्वत शिखर पर चढ़ाई करने और वहां सफलतापूर्वक तिरंगा फहराने वाले एनसीसी के अभियान दल के सदस्यों को गुरुवार को सम्मानित किया। दस एनसीसी कैडेट (पांच पुरुष और पांच महिला), चार अधिकारी, जूनियर कमीशन प्राप्त दो अधिकारी, एक महिला कैडेट प्रशिक्षक और 10 गैर-कमीशन अधिकारियों ने 18 मई को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने की उपलब्धि हासिल की। रक्षामंत्री ने कर्नल अमित बिष्ट के नेतृत्व वाली टीम के अदम्य साहस, धैर्य और देशभक्ति का सम्मानित किया।

## मीठी नदी सफाई घोटाला: डिनो मोरिया ईडी के समक्ष हुए पेश

**मुंबई, एजेंसी**

● 65 करोड़ के घोटाले के मामले में की गई पूछताछ

बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया मीठी नदी की सफाई से जुड़े 65 करोड़ रुपये के घोटाले की धन शोधन जांच के सिलसिले में ईडी के समक्ष बृहस्पतिवार को पेश हुए।

एक अधिकारी ने बताया कि ईडी ने पूछताछ के लिए मोरिया को तलब किया था और वह पूर्वाह्न करीब साढ़े 10 बजे दक्षिण मुंबई के बैलार्ड एस्टेट स्थित संघीय एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। आधिकारिक सूत्रों ने पूर्व में बताया था कि ईडी ने छह जून को मुंबई और केरल के कोच्चि में 15 से अधिक जगहों पर छापेमारी की थी। इन परिसरों में बांद्रा (पश्चिम) इलाके में डिनो मोरिया का घर, उनके भाई सैंटिनो से जुड़े परिसर, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के कुछ अधिकारी और ठेकेदारों के परिसर शामिल थे। सूत्रों के मुताबिक, बीएमसी को गाद निकालने के उपकरण मुहैया कराने वाली कंपनियों में शामिल 'मैटप्रॉप टेक्निकल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड' कोच्चि में स्थित है इसलिए वहां छापेमारी की गई।

## बिहार में ग्राम प्रधान मनरेगा के तहत 10 लाख तक योजनाओं को दे सकेंगे मंजूरी

**पटना।** बिहार सरकार ने गुरुवार को घोषणा की है कि मुखिया (ग्राम प्रधान) अब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत 10 लाख रुपये तक की योजनाओं को मंजूरी दे सकेंगे और इसके लिए उन्हें किसी प्रशासनिक स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होगी। अब तक मुखिया मनरेगा योजना के तहत पांच लाख रुपये तक की योजनाओं को मंजूरी दे सकते थे। मुख्यमंत्री नीतीश के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं के पदाधिकारियों के भत्ते और अन्य लाभों में भी पर्याप्त वृद्धि की घोषणा की।

# भारत की सीनियर और ए टीम आज से टकराएंगी

## इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारत की अंतिम तैयारी, मौजूदा फॉर्म व गेंदबाजी संयोजन पर रहेगी नजर



रविंद्र जडेजा

**बेकेनहैम (केंट), एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की सीरीज से पहले भारत की सीनियर टीम और भारत ए के बीच शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले चार दिवसीय अभ्यास क्रिकेट मैच में टीम प्रबंधन सही संयोजन तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस मैच में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर निगाह रहेगी और भारतीय टेस्ट टीम की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए इन दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना है।

यह मैच 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले सीनियर टीम का एकमात्र अभ्यास मैच होगा। किसी भी सीरीज से पहले इस तरह के मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टीम ने यह मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना है ताकि विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके। यूरोपीय फुटबॉल क्लब लंबे समय से ऐसा करते रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में भी ऐसा किया था।

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बुधवार को कहा था कि यह मैच भारत की तैयारी की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि सामान्य अभ्यास सत्रों से एक दिन में 90 ओवर गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण करने की क्षमता विकसित करना मुश्किल होता है। इस चार दिवसीय मैच को आधिकारिक तौर पर प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है। इसमें यदि कोई बल्लेबाज सस्ते में आउट हो जाता है तो उसे दूसरा मौका मिलता है।इस मैच से भारतीय टीम प्रबंधन को मैच की परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों विशेष कर गेंदबाजों का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि गेंदबाज़ चाहे वह स्पिनर हो या तेज गेंदबाज वास्तविक मैच में अपेक्षित लय में हों।

हेडिंग्ले के लिए एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर को चुनने के लिए गंभीर को कुछ माथापच्ची करनी होगी। जडेजा का विदेश में बल्लेबाजी रिकॉर्ड अच्छा रहा है लेकिन अगर भारत को 20 विकेट हासिल करने हैं तो फिर कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाएगी। कुलदीप यहां की परिस्थितियों में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अच्छे सहयोगी साबित हो सकते हैं। जडेजा बनाम कुलदीप अंतिम एकादश के लिए सबसे बड़ी पहेली है जिसे गंभीर और कोचिंग स्टाफ को सुलझाना होगा।



कुलदीप यादव

**20** जून से हेडिंग्ले में होगा मुकाबला पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे

इसी तरह इस मैच से कोचों और कप्तान शुभमन गिल को यह देखने का मौका मिलेगा कि आकाश दीप की फुल लेंथ या प्रसिद्ध कृष्णा की बैक ऑफ द लेंथ में से कौन सी गेंद इन परिस्थितियों में बेहतर काम करती है। छह महीने बाद लाल गेंद से मैच खेलने वाले बुमराह को कई स्पैल में गेंदबाजी करने और अपनी फिटनेस को परखने का मौका मिलेगा। पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट से वापसी के बाद से उन्होंने सिर्फ आईपीएल खेला है।

# दौरा यादगार बनाने के लिए हर गेंद पर चुनौती पेश करें

**बेकेनहैम (इंग्लैंड), एजेंसी**

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम से अपने 'कम्फर्ट जोन' (सहज स्थिति) से बाहर निकलने का सुझाव दिया।

उन्होंने कहा संन्यास ले चुके स्टार खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा तथा आर अश्विन की अनुपस्थिति में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज को 'यादगार' बनाएं। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में अपनी पहली सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीम के बीच पांच मैच की टेस्ट सीरीज 20 जून को लीड्स में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी।

गंभीर ने 'बीसीसीआई.टीवी' से अश्विन, रोहित और कोहली के हाल ही में संन्यास का जिक्र करते हुए कहा इस दौरे को देखने के दो तरीके हैं। एक तो यह कि हम अपने तीन सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना हैं या हमें देश के लिए कुछ खास करने का यह अभूतपूर्व अवसर मिला है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा कि वह शुभमन गिल की अगुआई वाली मौजूदा टीम में कुछ खास हासिल करने के लिए 'जुनून और प्रतिबद्धता' महसूस कर सकते हैं।



● भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर की सलाह

उन्होंने कहा जब मैं इस समूह को देखता हूं तो मुझे कुछ खास करने की भूख, जुनून और प्रतिबद्धता दिखती है। अगर हम त्याग करते हैं, अगर हम अपनी सहज स्थिति से बाहर आते हैं, अगर हम हर दिन नहीं बल्कि हर सत्र, हर घंटे और हर गेंद पर चुनौती पेश करना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि हम इसे एक यादगार दौरा बना सकते हैं। गंभीर ने इंग्लैंड दौरे पर पूरी टीम का स्वागत किया और बी साई सुदर्शन से शुरुआत करते हुए कुछ सदस्यों की विशेष सराहना की। गंभीर ने उम्मीद जताई कि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह टेस्ट क्रिकेट में भी अपना प्रभाव छोड़ेंगे।

## एक नजर

### लगातार 35 घंटे गोल्फ खेलकर बनाया नया 'विश्व रिकॉर्ड'

**न्यूयॉर्क :** न्यूयॉर्क के एक गोल्फर ने लगातार सबसे अधिक घंटे गोल्फ खेलने का रिकॉर्ड बनाने का दावा किया है। उन्होंने लॉन्ग आइलैंड के एक कोर्स पर रविवार शाम से मंगलवार सुबह तक लगातार 35 घंटे गोल्फ खेली। केलेची एजीही नाम के इस खिलाड़ी ने शुरू में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए 24 घंटे खेलने की योजना बनाई थी, लेकिन कुछ घंटों बाद उन्हें पता चला कि मई में नॉर्वे के एक कोर्स पर एक ब्रिटिश गोल्फर लगातार 32 घंटे खेला था। उन्होंने बताया कि उनकी बहन ने इंटरनेट पर सर्च करते समय 32 घंटे का रिकॉर्ड देखने के बाद उन्हें फोन किया था।

### पहली रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन 15 जून से मुंबई में

**नई दिल्ली :** पहली रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा। इसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इस लीग के आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जीएमआर स्पोर्ट्स के सीईओ और इस प्रतियोगिता के प्रमोटर सत्यम त्रिवेदी ने बताया कि इस लीग का आयोजन 15 से 29 जून तक मुंबई के अंधेरी स्थित मुंबई फुटबॉल एरेना में किया जाएगा। भारत में पहली बार आयोजित की जा रही इस लीग में छह फ्रेंचाइजी दिल्ली रेड्ज, हैदराबाद हीरोज, कलिंगा ब्लैक टाइगर्स, चेन्नई बुल्स, मुंबई ड्रीमर्स और बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स भाग लेंगी। इस लीग का प्रारूप रग्बी 7 होगा, जिसे ओलंपिक खेल के रूप में मान्यता प्राप्त है। पारंपरिक रग्बी यूनियन प्रारूप के विपरीत रग्बी 7 प्रारूप में मैदान पर प्रत्येक टीम के सात खिलाड़ी होते हैं तथा सात सात मिनट के दो हाफ होते हैं।

### रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के साथ विवाद के बाद पोलैंड के कोच ने इस्तीफा दिया

**वारसॉ (पोलैंड) :** पोलैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज़ ने स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के साथ विवाद के कुछ दिनों बाद मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। पोलैंड फुटबॉल संघ द्वारा जारी बयान में प्रोबिएरज ने कहा मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय टीम के हित में सबसे अच्छा निर्णय मुख्य कोच के पद से मेरा इस्तीफा है।

### भारतीय गोल्फर दीक्षा ने हुलेनकोर्ट में पार-72 का कार्ड खेला

**हुलेनकोर्ट (बेल्जियम) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने हुलेनकोर्ट वुमेन ओपन के पहले दौर में इवन पार 72 का कार्ड खेला। इस प्रतियोगिता में खेल रही सात भारतीयों में शामिल दीक्षा ने तीन बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाये। अन्य भारतीयों में अवनि प्रशांत ने सात होल के खेल के बाद एक अंडर का स्कोर किया है जबकि अमनदीप द्राल और स्नेहा सिंह एक समान दो ओवर 74 के कार्ड के साथ संयुक्त 67वें स्थान पर है। त्वेसा मलिक और वाणी कपूर संयुक्त रूप से 106वें स्थान पर है। इन दोनों ने एक समान 76 के कार्ड खेले हैं। हिताक्षी बख्शी 79 के कार्ड के साथ संयुक्त 128वें स्थान पर है।



लंदन के क्वींस क्लब में एचएसबीसी चैंपियनशिप के चौथे दिन डायना श्नाइडर के खिलाफ मैच के दौरान एक अंक जीतने के बाद केटी बौल्टर प्रतिक्रिया व्यक्त करती हुई। ● एजेंसी

# दक्षिण अफ्रीका पहली पारी में 138 रन पर ढेर

**आईएसएसएफ विश्व कप**

**लंदन, एजेंसी**

कप्तान कैट कमिंस के छह विकेट की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को 138 रन पर ढेर करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को यहां दूसरी पारी में चाय तक दो विकेट 32 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 106 रन तक पहुंचाई।

कमिंस (28 रन पर छह विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम 57.1 ओवर में सिर्फ 138 रन पर सिमट गई जिससे पहली पारी में 212 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया को 74 रन की बढ़त मिली। मिचेल स्टार्क ने भी 41 रन देकर दो विकेट चटकाए। डेविड बेडिंघम 111 गेंद में छह चौकों की मदद से 45 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। कप्तान तेम्बा बावुमा ने 36 रन की पारी खेली। कमिंस की तूफानी गेंदबाजी के सामने हालांकि दक्षिण अफ्रीका ने अपने पांच विकेट सिर्फ 12 रन जोड़कर गंवाए। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में भी शुरुआत खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (06) और कैमरन ग्रीन (00) के विकेट गंवा दिए हैं। चाय के विश्राम के समय सलामी बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन 16 जबकि अनुभवी स्टीव स्मिथ चार रन बनाकर खेल रहे थे। ख्वाजा को कागिसो रबाडा (15 रन पर दो विकेट) ने विकेटकीपर काइल वेरेने के हाथों कैच कराया जबकि ग्रीन ने इसी तेज गेंदबाज की गेंद पर वियान मुल्डर को कैच थमाया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने आसमान के छाए बादलों के बीच सुबह के सत्र में 78 रन जोड़े और बावुमा (36) के रूप में एकमात्र विकेट गंवाकर वापसी की कोशिश की। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 43 रन से की। बावुमा ने स्टार्क पर दो चौकों के साथ शुरुआत की जबकि बेडिंघम ने भी इस तेज गेंदबाज की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। बावुमा ने स्टार्क और हेजलवुड पर चौका मारने के बाद कमिंस की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया लेकिन फिर कवर्स में लाबुशेन को कैच दे बैठे।



06 विकेट

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा को आउट करने का जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

● ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 32 रन बनाए, कुल बढ़त 106 रन की हुई

**दक्षिण अफ्रीका पहली पारी**

**138/10** (57.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| ऐडन मारक्रम बो स्टार्क | 00 |
| रेयान रिकल्टन का ख्वाजा बो स्टार्क | 16 |
| वियान मुल्डर बो कमिंस | 06 |
| तेम्बा बावुमा का लाबुशेन बो कमिंस | 36 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो हेजलवुड | 02 |
| डेविड बेडिंघम का कैरी बो कमिंस | 45 |
| काइल वेरेने पगबधा बो कमिंस | 13 |
| मार्को यानसेन का एवं बो कमिंस | 00 |
| केशव महाराज रन आउट | 07 |
| कागिसो रबाडा का वेबस्टर बो कमिंस | 01 |
| लुंगी एनगिडी नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 13-3-41-2, हेजलवुड 15-5-27-1, कमिंस 18.1-6-28-6, लियोन 8-3-12-0, वेबस्टर 3-0-20-0

# भारत अच्छी तैयारी के साथ आया होगा : ब्रेंडन

**लंदन :** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि भारत पांच टेस्ट मैच की सीरीज के लिए अच्छी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ यहां आया होगा, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि एक टेस्ट टीम के रूप में हम कहां पहुंचना चाहते हैं। भारत अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के साथ करेगा।

मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा वह शानदार क्रिकेट खेलने वाला देश है, जो बड़ी उम्मीदों के साथ यहां आया होगा और हम उनकी चुनौती के लिए तैयार हैं। इंग्लैंड ने हाल ही में छह मैचों की सफेद गेंद की सीरीज में वेस्टइंडीज़ का सफाया किया। अब उनका ध्यान लाल गेंद के प्रारूप पर है क्योंकि वे भारत और इस साल के अंत में होने वाली एशेज की तैयारी कर रहे हैं। मैकुलम ने कहा यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ी तरोताजा रहें। हम जानते हैं कि टेस्ट टीम के रूप में हमें कहां पहुंचना है। इंग्लैंड की टीम में तेज गेंदबाज मार्क वुड नहीं होंगे, जो चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट से बाहर हो गए हैं। जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती टेस्ट से बाहर रहेंगे।



# भारत प्रो लीग हॉकी में गोल खारिज होने से अर्जेंटीना से हारा



जीत का जश्न मनाते हुए अर्जेंटीना के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड), एजेंसी**

**एफआईएच प्रो लीग हॉकी**

● अर्जेंटीना को आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जबकि भारत को सिर्फ तीन मिले

● भारतीय टीम की इस दौरे पर यह चार मैचों में चौथी हार है

भारत का आखिरी मिनटों में पेनल्टी पर किया गया गोल नाटकीय परिस्थितियों में खारिज कर दिया गया और फिर जुगराज सिंह गोल करने में विफल रहे जिससे टीम को एफआईएच प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण में बृहस्पतिवार को अर्जेंटीना से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय टीम की इस दौरे पर यह चार मैचों में चौथी हार है। ड्रैग फ्लिकर जुगराज ने चौथे मिनट में ही मैच के पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई लेकिन टॉमस डोमेने (नौवें और 49वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से दो गोल करके अर्जेंटीना को जीत दिला दी। चौथे और अंतिम क्वार्टर में 1-2 से पिछड़ने के बाद भारत को अंतिम हूटर से दो मिनट पहले पेनल्टी स्ट्रोक मिला और जुगराज ने गेंद को अर्जेंटीना के गोल पोस्ट के अंदर डाल दिया।

अर्जेंटीना ने इस आधार पर वीडियो रेफरल मांगा कि स्ट्रोक लेते समय जुगराज का बायां पैर गेंद से काफी आगे था। वीडियो अंपायर ने अर्जेंटीना के पक्ष में फैसला सुनाया लेकिन भारत की अगुवाई कर रहे कप्तान हार्दिक सिंह ने रेफरी से यह जांचने के लिए कहा कि क्या जुगराज के स्ट्रोक लेने से पहले अर्जेंटीना के गोलकीपर टॉमस सैंटियागो गोल-लाइन से आगे थे। इस बार भारत को वीडियो अंपायर से अनुकूल फैसला मिला। जुगराज को स्ट्रोक फिर से लेने की अनुमति दी गई, लेकिन इस बार सैंटियागो ने उनके शॉट को बचा लिया। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह उंगली की चोट के कारण बाहर है ऐसे में हार्दिक ने भारत की अगुआई की। अर्जेंटीना को आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जबकि भारत को सिर्फ तीन मिले। भारत को इससे पहले बुधवार को इसी प्रतिद्वंद्वी से 3-4 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत प्रो लीग के इस यूरोपीय चरण के दौरान ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 और 2-3 से हार गया था। यह भारत का यहां चौथा और आखिरी मैच था और अब वे शनिवार को मजबूत ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए बेल्जियम के एंटवर्प की यात्रा करेंगे।

# विंबलडन पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी

**लंदन :** इस साल विंबलडन में कुल पुरस्कार राशि सात फीसदी इजाफे के साथ बढ़कर रिकॉर्ड 53.5 मिलियन पाउंड हो जाएगी। 2024 में 50 मिलियन पाउंड की पुरस्कार राशि 2015 में प्रस्तावित 27 मिलियन पाउंड से दोगुनी है।

बीबीसी की एक खबर के अनुसार, कार्लोस अल्काराज़ और बारबोरा क्रेजिकोवा ने पिछले साल क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीतने के लिए 2.7 मिलियन पाउंड जीते थे जबकि इस साल के विजेताओं को तीन मिलियन पाउंड मिलेंगे, जो 11 प्रतिशत ज्यादा होंगे। इसी तरह पहले दौर में बाहर होने वाले खिलाड़ियों को 66 हजार पाउंड मिलेंगे, जो 10 फीसदी की वृद्धि है।

# सिफत कौर ने जीता कांस्य पदक

**म्यूनिख, एजेंसी**

**आईएसएसएफ विश्व कप**



सिफत कौर सामरा। ● एजेंसी

● 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में मिली सफलता

शीर्ष भारतीय निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक 23 वर्षीय सिफत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 453.1 अंक बनाए।

नॉर्वे की जीनेट हेग ड्यूस्टेड ने 466.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि स्विट्जरलैंड की एमिली जैगी ने 464.8 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में अंकुश जाधव फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। वह छह सीरीज के क्वालीफिकेशन में 631.7 अंक के साथ 11वें स्थान पर रहे। उमामहेश मादिनेनी ने 632.3 अंक के साथ सातवां स्थान हासिल किया लेकिन वह फाइनल में जगह बनाने के पात्र नहीं थे क्योंकि वह केवल रैंकिंग अंक के लिए चुनौती पेश कर रहे थे। आर्जुन 629.1 अंक के साथ 43वें जबकि संदीप सिंह 628.3 अंक के साथ 53वें स्थान पर रहे। एमिली 590 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में नौवें स्थान पर रहीं थी लेकिन फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं क्योंकि शीर्ष आठ में शामिल दो निशानेबाज केवल रैंकिंग अंक के लिए निशानेबाजी कर रहीं थी। पंजाब की रहने वाली सिफत ने क्वालीफिकेशन में नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग के तीन चरण में कुल 592 अंक हासिल करके दूसरा स्थान हासिल किया।

# रग्बी जल्द बनेगा करियर का बेहतर विकल्प : बोस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में पेशेवर रग्बी अभी तक आर्थिक तौर पर व्यवहार्य करियर विकल्प नहीं बन पाया है, लेकिन इसके राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष राहुल बोस का मानना है कि रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) अगले तीन से चार वर्षों में इस मामले में बड़ा बदलाव ला सकती है।

'इंग्लिश ऑगस्ट', 'मिस्टर एंड मिसेज अय्यर' और 'चमेली' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले 57 साल के बोस ने भारत के लिए रग्बी के 17 मैच खेले हैं। वह पिछले दो दशकों से अधिक समय से भारत में इस खेल का चेहरा रहे हैं। जीएमआर स्पोर्ट्स के समर्थन से भारत में पहली रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा। इसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। दो सप्ताह तक चलने वाली इस लीग में भारतीय खिलाड़ियों को खुद को बेहतर बनाने के मौके के साथ 50,000 रुपये से 5.5 लाख रुपये तक के अनुबंध भी मिल रहे हैं। बोस ने पीटीआई को दिये विशेष साक्षात्कार में कहा लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में शीर्ष खिलाड़ी को साढ़े पांच लाख में खरीदा गया। क्या यह किसी के लिए वित्तीय रूप से व्यवहार्य खेल हो सकता है? निश्चित रूप से आने वाले तीन से चार साल में ऐसा संभव है।



राहुल बोस। ● एजेंसी

● राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा तीन-चार वर्षों हो सकता है बड़ा बदलाव

'रग्बी इंडिया' भी राष्ट्रीय शिविर के खिलाड़ियों को 60,000 से एक लाख रुपये का भुगतान करता है। कुछ समय पहले तक इस इस खेल का शासी निकाय खिलाड़ियों को कोई भुगतान करने की स्थिति में नहीं था ऐसे में इसे बड़े बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है। बोस ने कहा हमारा खेल सबसे गरीब लोगों द्वारा खेला जाता है। हमारे राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने वाले खिलाड़ी 60,000 से एक लाख रुपये तक कमाते हैं। ऐसे में अगर तीन लाख रुपये तक की सालाना कमाई कर पा रहे हैं तो छोटे शहरों या गांव में इससे आजीविका चल सकती है। बोस ने बताया, ''मैं यह बिल्कुल नहीं कह रहा हूं कि यह रकम पर्याप्त है। हमें उनके हाथों में जितना संभव हो उतना पैसा देने की जरूरत है।

रग्बी इंडिया के प्रमुख इस बात से खुश हैं कि देश में 1600 से अधिक पंजीकृत खिलाड़ियों में से उनका महासंघ बड़ी संख्या में खिलाड़ियों को वित्तीय रूप से मदद करने की स्थिति में है।

# जोरदार धमाका... विमान के उड़े परखचे, सड़क पर बिखर गईं लाशें

## विमान गिरने से तहस-नहस हुआ मेडिकल कॉलेज का आवासीय परिसर, कई हिस्सों में लगी आग

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अहमदाबाद हवाई अड्डे से लंदन के लिए टेकऑफ करते ही चालक दल को एहसास हो गया कि विमान और उसमें सवार यात्री गंभीर खतरे से घिर गए हैं। फौरन एटीसी (हवाई यातायात नियंत्रक) को आपात संदेश भेजा गया, लेकिन कुछ करने लायक समय नहीं बचा था। कुछ ही पलों के अंदर विमान नीचे आते-आते बीजे मेडिकल कॉलेज की इमारत से टकराया। जोरदार धमाके के साथ विमान के परखचे उड़ गए। इसी के साथ विमान में बैठे यात्रियों की लाशें सड़क पर इधर-उधर बिखर गईं।

विमान के गिरने के बाद मेडिकल कॉलेज की इमारत से आग की लपटों के बीच काले धुएं के गुबार उठने लगे। मौके पर मंजर बेहद दिल दहलाने वाला था। कहीं कोई जला शव पड़ा था तो कहीं किसी यात्री के शरीर के टुकड़े हो गए थे। विमान दुर्घटना के बाद बचाव के लिए प्रशासनिक मशीनरी को सक्रिय होने में करीब आधे घंटे का समय लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सबसे पहले हादसे में जीवित बचे लोगों की तलाश की गई लेकिन काफी देर तक एक भी जीवित यात्री की



घटनास्थल पर पीड़ित परिवार की सदस्य।

तलाश कामयाब नहीं हो सकी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विमान बहुत नीचे उड़ रहा था और यह सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सकों के आवासीय परिसर पर गिरा। उन्होंने कहा, वहां कई पांच मंजिला इमारतें हैं, जिनका इस्तेमाल चिकित्सकों के आवास के तौर पर होता है। वहां रहने वाले कई लोग घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद इमारतों में भी आग लग गई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि परिसर में खड़ी कई कार और वाहन भी आग की चपेट में आ गए। अग्निशमन दल के पहुंचने तक इमारतों और वाहनों से लपटें उठती रहीं।

### टेक ऑफ करते ही पायलट ने की मेडे कॉल बैक किया तो नहीं दिया जवाब

**अहमदाबाद।** एअर इंडिया विमान के पायलट ने हादसे से ठीक पहले अति आपात संदेश (मेडे कॉल) अहमदाबाद एटीसी को भेजा था। नागर विमानन महानिदेशालय डीजीसीए के बयान के मुताबिक इसके बाद एटीसी की ओर से की गई कॉल पर विमान के पायलट की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। डीजीसीए ने बताया कि विमान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के पास थी, उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर थे। कैप्टन सुमित सभरवाल एलटीसी हैं और उन्हें 8200 घंटों का अनुभव है। सह पायलट को 1100 घंटों के उड़ान का अनुभव है। डीजीसीए ने एक बयान में बताया कि एटीसी के अनुसार, विमान ने अहमदाबाद से रनवे 23 से भारतीय समयानुसार एक बजकर 39 मिनट पर उड़ान भरी। इसने एटीसी को अति आपात कॉल (मेडे कॉल) किया, लेकिन उसके बाद एटीसी की कॉल का पायलट ने कोई जवाब नहीं दिया।

**मुख्य पायलट कैप्टन सुमित सभरवाल को था 82,00 घंटों का अनुभव**

**को पायलट क्लाइव कुंदर भी 11,00 घंटे की भर चुके थे उड़ान**

### क्या है मेडे कॉल...

मेडे का मतलब होता है कि विमान और यात्रियों की जान संकट में है और उसे आपातकालीन मदद की जरूरत है। इसलिए पायलट को आपात स्थिति में तीन बार मेडे बोलने को कहा जाता है। मेडे का इस्तेमाल इसलिए किया जाता है क्योंकि अगर पायलट सीधे बता दे कि विमान में कोई गंभीर दिक्कत है तो यात्रियों में डर फैल सकता है।



हादसे के बाद घटनास्थल पर युद्धस्तर पर बचाव कार्यों में जुटे राहत कर्मी।



विमान के टकराकर गिरने के बाद कई इमारतों में आग लग गई, जिसे बुझाने के लिए अग्निशमन कर्मियों को कई घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी।



घटनास्थल पर टूटा पड़ा बोइंग विमान का एक पहिया।

### घटनास्थल का खौफनाक मंजर...



विमान हादसे में मारे गए एक यात्रा का शव ले जाते स्वास्थ्यकर्मी।



हादसे के बाद घटनास्थल पर बिखरा विमान का मलबा।

## बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की छह और बीएसएफ की दो टीम पहुंची

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- सीआईएसएफ, फायर ब्रिगेड और पुलिस के जवान भी बचाव के लिए मौके पर पहुंचे

अहमदाबाद में बृहस्पतिवार को एअर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने बाद मौके पर बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की छह टीम और बीएसएफ की दो टीम मौके पर भेजी गई हैं।

एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने बताया कि बल की दो टीम अहमदाबाद हवाई अड्डे के निकट घटनास्थल पर पहुंच गई हैं, जबकि चार अन्य टीम भी वहां पहुंच रही हैं। बीएसएफ के एक अधिकारी ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल के फ्रंटियर मुख्यालय से दो टीम भी दुर्घटना स्थल पर भेजी गई हैं। हवाई अड्डे को सुरक्षा प्रदान करने वाले सीआईएसएफ के जवान, स्थानीय अग्निशमन और पुलिस अधिकारियों के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचने वाले शुरुआती बचावकर्मियों में शामिल हैं।

### अहमदाबाद और दिल्ली में बनाए गए नियंत्रण कक्ष

**नई दिल्ली।** सहायता कार्यों की निगरानी और समन्वय के लिए नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। दुर्घटना संबंधी विवरण के लिए 011-24610843, 9650391859 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। अहमदाबाद में नियंत्रण कक्ष का नंबर 9978405304 / 079-23251900 है। हवाई अड्डे पर हेल्पलाइन 9974111327 स्थापित किया गया है। एअर इंडिया का यात्री हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444 है। 011-24610843/9650391859 पर दिल्ली नियंत्रण कक्ष तथा परिचालन नियंत्रण कक्ष अहमदाबाद से 9978405304/079-23251900 पर संपर्क किया जा सकता है।

### हादसे के बाद ब्रिटिश उच्चायोग सक्रिय

**नई दिल्ली।** विमान हादसे के बाद भारत स्थित ब्रिटिश उच्चायोग ने कहा कि वह तथ्यों का तत्काल पता लगाने और सहायता प्रदान करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। विमान के 242 यात्रियों में 169 भारतीयों के अलावा 53 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक शामिल हैं। ब्रिटिश उच्चायोग ने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर कहा, हमारी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जो प्रभावित हुए हैं।

### बोइंग कंपनी के शेयर हुए धड़ाम

**वाशिंगटन।** विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग के विमान के हादसे का शिकार होने की खबर आने के बाद कंपनी के शेयर बाजार खुलने से पहले के कारोबार में करीब नौ प्रतिशत लुढ़क गया। बोइंग ने कहा कि वह एयर इंडिया के बेड़े में शामिल अपने विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है।

### देश प्रभावित लोगों के साथ खड़ा : मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना को हृदय विदारक आपदा बताते हुए गुरुवार को कहा कि राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह इस दुखद विमान दुर्घटना के बारे में जानकर बहुत व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि यह हृदय विदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है।

### विमान हादसे का दृश्य भयावह : स्टॉर्मर



**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जाने वाले एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर शोक व्यक्त किया है। इस विमान में 53 ब्रिटिश नागरिक भी सवार थे। स्टॉर्मर ने कहा कि कई ब्रिटिश नागरिकों को लेकर लंदन आ रहे विमान के अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त होने का दृश्य भयावह है। इस अत्यंत दुखद समय में मेरी संवेदनाएं यात्रियों और उनके परिवारों के साथ हैं।

### पहले भी हो चुके कई विमान हादसे

- 01जनवरी 1978 को एयर इंडिया की उड़ान संख्या 855 का बोइंग 747 विमान मुंबई से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद अरब सागर में गिर गया। विमान के सभी 213 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की मृत्यु हो गई थी।
- 23 जून 1985 को टोरंटो से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया की उड़ाना संख्या 182 के विमान सम्राट कनिष्क को खालिस्तानी आतंकवादियों ने आयरलैंड तट के पास बम विस्फोट से उड़ा दिया। विमान में सवार सभी 329 लोगों की मौत हो गई।
- 14 फरवरी 1990 को बेंगलुरु में एयरबस ए320 विमान लैंडिंग के दौरान रनवे से आगे निकलकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में 92 लोगों की मृत्यु हो गई थी।
- 12 नवम्बर 1996 को हरियाणा के चरखी दादरी में दो विमान हवा में ही टकरा गए थे। एक विमान सऊदी एयरलाइंस और दूसरा कज़ाकिस्तान एयरलाइंस का था। इस हादसे में दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोगों की मौत हो गई।
- 22 मई 2010 को दुबई से मैंगलोर लौट रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस का बोइंग 737 विमान के रनवे से फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त होने से 158 लोगों की मौत हो गई।
- 07 अगस्त 2020 को केरल के कोझिकोड एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस का वंदे भारत मिशन पर गया विमान दुबई से लौट रहा विमान रनवे से फिसल का दो हिस्सों में टूट गया। इस हादसे में 21 लोगों की जान चली गई।
- 17 जुलाई 2000 को अलायंस एयर के विमान के पटना के रिहायशी इलाके में गिरने से 56 यात्रियों की मौत हो गई थी।

# इरान पर हमला करने की तैयारी में इजरायल

## अमेरिका खुफिया एजेंसी का अलर्ट, इजरायल कर चुका है सैन्य अभियान की पूरी तैयारी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- अमेरिका ने अपने कर्मचारियों को दूतावास छोड़ने का आदेश दिया

अमेरिका की खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया है कि इजरायल, ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर हमला करने की तैयारी कर रहा है। 'सीबीएस न्यूज' की रिपोर्ट के मुताबिक कई स्रोतों ने पुष्टि की है कि अमेरिकी प्रशासन को ईरान में सैन्य अभियान शुरू करने के लिए इजरायल की पूरी तैयारी के बारे में सूचित किया गया है।

इजरायली अधिकारियों और व्हाइट हाउस के प्रवक्ताओं ने हालांकि इस पर टिप्पणी करने से इनकार किया है। इससे पहले बुधवार को अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने मध्य पूर्व से अमेरिकी सैन्य आश्रितों के स्वैच्छिक प्रस्थान को मंजूरी दे दी। गैर-आवश्यक अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों और उनके आश्रितों को भी ईरान छोड़ने का आदेश दिया गया है। ईरान के संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कल ही 'एक्स' पर अमेरिका पर इजरायली अपराधों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

'एसोसिएटेड प्रेस' ने ईरानी रक्षा मंत्री अजीज नसीरज़ादेह के हवाले से कहा, यदि हम पर संघर्ष थोपा जाता है, तो प्रतिद्वंद्वी के हताहतों की संख्या निश्चित रूप से हमसे अधिक होंगे और उस स्थिति में अमेरिका को इस क्षेत्र को छोड़ देना चाहिए, क्योंकि उसके सभी ठिकाने हमारी पहुंच में हैं और हम बिना किसी हिचकिचाहट के उन सभी को निशाना बनाएंगे।

### उकसाया तो इजरायल पर बरसाएंगे मिसाइलें: ईरान

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान ने कहा है कि अगर कोई उकसावे की कार्रवाई की गई तो वह इजरायल पर मिसाइल दागेगा। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट का हवाला देते हुए रूस की न्यूज एजेंसी स्पूतनिक ने कहा है कि ईरानी सेना और सरकार संभावित इजरायली हमले का जवाब देने की योजना बनाने को लेकर बैठक कर चुकी हैं। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने चेतावनी दी कि इजरायल पर बिना किसी हिचकिचाहट के सैकड़ों बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार की जाएगी। ईरानी अधिकारियों ने अमेरिका के सेंट्रल कमांड के प्रमुख जनरल माइकल ई. कुरिल्ला की टिप्पणियों पर भी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

### परमाणु दायित्वों का पालन नहीं कर रहा ईरानः आईएईए

**वियना।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था के शासी निकाय ने बृहस्पतिवार को पाया कि ईरान 20 वर्षों में पहली बार अपने परमाणु दायित्वों का पालन नहीं कर रहा है। इस कदम के कारण तनाव बढ़ सकता है व इस वर्ष के अंत में ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को पुन: लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। ईरान ने तत्काल प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह एक सुरक्षित स्थान पर एक नयी संवर्धन सुविधा स्थापित करेगा और अन्य उपायों की भी योजना बनाई जा रही है। ईरान के विदेश मंत्रालय और परमाणु ऊर्जा संगठन ने एक संयुक्त बयान में कहा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के पास इस राजनीतिक प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

## ईरान और अमेरिका वार्ता का छठा दौर रविवार को

**मस्कट।** ओमान ने गुरुवार को घोषणा की कि वह रविवार को यहां अमेरिका और ईरान के बीच छठे दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता की मेजबानी करेगा। ओमान के विदेश मंत्री सैय्यद बद्र बिन हमद बिन हमूद अलबुसैदी ने 'एक्स' पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ओमान की मदद से ईरानी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों की ईरान के परमाणु कार्यक्रम और अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने के संदर्भ में गत अप्रैल से अब तक मस्कट में तीन और रोम में दो अप्रत्यक्ष वार्ता आयोजित की गयी है। हाल के दिनों में अमेरिकी प्रशासन ने ईरान यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह से बंद कर देने की बार-बार मांग की है जिसे ईरान ने दृढ़ता से खारिज कर दिया है।

# लॉस एंजिलिस में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़पें जारी, कई गिरफ्तार

**लॉस एंजिलेस, एजेंसी**

अमेरिका के लॉस एंजिलेस में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जारी हिंसक झड़पों के बीच पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के एक समूह की घेराबंदी कर उनमें से कुछ को गिरफ्तार कर लिया है। अंत में सभी को इस चेतावनी के बाद छोड़ दिया गया कि अगर वे वापस आए तो उन्हें हिरासत में ले लिया जाएगा।

संवाद एजेंसी रिया नोवोस्ती के एक संवाददाता ने बताया कि जब पुलिस प्रदर्शनकारियों को घेर रही थी, तब कई पत्रकार भी वहां मौजूद थे। स्थानीय समयानुसार रात 8:50 बजे तक एक हेलिकॉप्टर निषिद्ध क्षेत्र के ऊपर मंडराता रहा, जहां प्रदर्शनकारी कर्फ्यू के बावजूद रैली कर रहे थे। इससे पहले दिन में पुलिस ने कर्फ्यू



एक प्रदर्शनकारी ने कूड़ेदान के सामने अमेरिकी झंडा लहराया।

क्षेत्र के बाहर सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के एक समूह के खिलाफ रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी पीछे हट गए लेकिन तितर-बितर नहीं हुए।

गौरतलब है कि सात जून को दंगे उस समय भड़के, जब अमेरिकी आव्रजन और आईसीई ने अवैध प्रवासियों की पहचान करने के लिए बड़े अभियान के तहत छापेमारी शुरू की। प्रदर्शनकारियों के साथ झड़पें राज्य के लिए संभावित संघीय निधि कटौती की रिपोर्ट के बीच भड़की। बाद में व्हाइट हाउस ने घोषणा की कि दो हज़ार नेशनल गार्ड सैनिक शहर में प्रवेश करेंगे।

## मुंबई में नाबालिग लड़कियों से छेड़छाड़ में सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के परेल इलाके की एक सोसायटी में तैनात सुरक्षा गार्ड को तीन नाबालिग लड़कियों से छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने आज यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि सुरक्षा गार्ड ने सोसायटी में रहने वाली तीन लाबालिग लड़कियों के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की। दो लड़कियों की उम्र 11 वर्ष और एक की 10 वर्ष है। बाद में पता चला कि आरोपी आदतन अपराधी है और उसने पहले भी नाबालिग लड़कियों के साथ छेड़छाड़ की थी। इस संबंध में भोईवाड़ा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गयी जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सुरक्षागार्ड के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम, 2012 और कई संबंधित धाराओं सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है।

## रूस के यूक्रेन पर हमले में तीन की मौत

**कीव, एजेंसी**

रूसी सेना द्वारा ड्रोन एवं अन्य हथियारों से यूक्रेन पर किए गए हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन के साथ युद्ध विराम स्वीकार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद भी रूस ने यह हमला किया।

यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने रात भर में यूक्रेन पर 63 ड्रोन एवं अन्य हथियारों से हमला किया। इसने कहा कि वायु रक्षा प्रणाली ने 28 ड्रोन नष्ट कर दिए जबकि 21 अन्य को रोक लिया गया। यूक्रेन की पुलिस ने बताया कि रूसी आक्रमण का केंद्र रहे पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में पिछले 24 घंटे के भीतर दो लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा 14 अन्य घायल हो गए। यह क्षेत्र आंशिक रूप से रूसी सेना के कब्जे में है। खारकीव क्षेत्र के प्रमुख ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि रात भर हुए रूसी ड्रोन हमलों में चार बच्चों सहित 15 लोग घायल हो गए।

खारकीव शहर के मेयर इहोर तेरेखोव ने कहा कि रूसी ड्रोन ने आवासीय जिलों, शैक्षिक सुविधाओं और अन्य नागरिक बुनियादी अवसंरचना को निशाना बनाया। रूसी सेना ने हाल के दिनों में ड्रोन और मिसाइल से कई बार हमले किए हैं।

# अफगानों को सामान पैक करने के लिए 45 मिनट

**तोरखम (अफगानिस्तान), एजेंसी**

- पाकिस्तान ने बिना मोहलत दिए भारी संख्या में विदेशियों को किया निर्वासित

आदेश स्पष्ट और निर्विवाद था, लेकिन समयसीमा चौंकाने वाली थी। 'आपको केवल 45 मिनट में अपना सामान पैक करना है और हमेशा के लिए पाकिस्तान को छोड़ देना है।'

ईंट की फैक्ट्री में नौकरी करने वाला 42-वर्षीय अफगान शेर खान अपनी नौकरी के बाद घर आया। उसने दरवाजे पर सादे कपड़ों में खड़े पुलिसकर्मी को देखा। वह सोच रहा था कि एक घंटे से भी कम समय में वह कैसे सबकुछ समेट सकता था और अपने जन्म के देश को छोड़ सकता था। उसने अपने सुखद जीवन के लिए जो कुछ भी बनाया था, पलक झपकते ही वह सब उससे छीन लिया गया। उसने एवं उसकी पत्नी ने अपने और अपने नौ बच्चों के लिए रसोई का कुछ सामान तथा कुछ कपड़े लिए और बाकी सब कुछ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अपने घर पर छोड़ कर चले गए।

पाकिस्तान में जन्मे शेर खान उन लाखों अफगानों में से एक हैं, जिन्हें अब निष्कासित कर दिया गया है। पाकिस्तान का कहना है कि देश में अवैध रूप से रह रहे विदेशियों पर अक्टूबर 2023 में शुरू की गई राष्ट्रव्यापी कार्रवाई के कारण अब तक लगभग 10 लाख अफगान नागरिक देश छोड़कर जा चुके हैं। पाकिस्तान का कहना है कि लाखों लोग अब भी वहां रह रहे हैं और वह चाहता है कि वे लोग चले जाएं।

अफगान सीमा के पार तोरखम में धूल भरे शरणार्थी शिविर में खड़े शेर खान ने कहा, हमारा सब कुछ तो पीछे छूट गया। हमने (वर्षों से) उन चीज़ों को इकट्ठा करने की बहुत कोशिश की, जो हमारे पास सम्मान के साथ थीं। यह शिविर निष्कासित शरणार्थियों के लिए पहला पड़ाव था। पाकिस्तान ने इस साल की शुरुआत में अफगानों के यह देश छोड़ने या निर्वासन के लिए कई समय सीमाएं तय की थीं। अफगान नागरिक कार्डधारकों को 31 मार्च तक राजधानी इस्लामाबाद और रावलपिंडी शहर छोड़ना था, जबकि पंजीकरण प्रमाण वाले लोग 30 जून तक रह सकते थे।